*
ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

11 मई, 2024
वैशाख, कृष्ण पक्ष, चतुर्थी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
शनिवार, वर्ष 09, अंक 200




## खूंटी से दुमका-गोड्डा-राजमहल तक सियासी संग्राम, नेताओं ने साधा निशाना

दुमका, साहिबगंज और गोड्डा में एनडीए और इंडी गठबंधन के प्रत्याशियों ने शुक्रवार को नामांकन किया। गोड्डा में भाजपा प्रत्याशी निशिकांत दुबे ने नामांकन किया। उन्होंने देवघर से गोड्डा तक ट्रेन से यात्रा की। दुमका से भाजपा प्रत्याशी सीता सोरेन ने नामांकन किया। इस मौके पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी मौजूद थे। वहीं दुमका से झामुमो प्रत्याशी नलिन सोरेन ने नामांकन किया। इस मौके पर विधायक रवींद्रनाथ महतो, मंत्री बादल पत्रलेख तथा अन्य नेता मौजूद थे। वहीं, राजमहल सीट से भाजपा प्रत्याशी ताला मरांडी ने नामांकन किया। इस मौके पर प्रतिपक्ष के नेता अमर बाउरी समेत अन्य नेता मौजूद थे, तो राजमहल से झामुमो प्रत्याशी विजय हांसदा ने पर्चा दाखिल किया। नामांकन के पहले और बाद में चुनावी सभा का आयोजन हुआ, जिसमें दोनों गठबंधन दलों के नेताओं ने एक-दूसरे पर निशाना साधा और अपने प्रत्याशियों के लिए वोट की अपील की। एनडीए की ओर से रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, आजसू प्रमुख सुदेश महतो समेत अन्य नेताओं ने राज्य सरकार पर निशाना साधा, तो इंडी गठबंधन की ओर से मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन, पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन समेत अन्य नेताओं ने केंद्र सरकार को कटघरे में खड़ा किया। उधर, खूंटी में भाजपा प्रत्याशी अर्जुन मुंडा के पक्ष में गृह मंत्री अमित शाह गरजे।

# जेएमएम-कांग्रेस ने गरीबों को लूटा है पाई-पाई का हिसाब लेंगे : अमित शाह

- -गृह मंत्री ने खूंटी में भाजपा प्रत्याशी अर्जुन मुंडा के पक्ष में चुनावी सभा को किया संबोधित
- कहा, जो मुफ्त राशन मोदी जी भेजते हैं, उसे जेएमएम-कांग्रेस वाले बेच देते हैं

अनिल मिश्रा/स्वरूप भट्टाचार्य/सुनील सिंह



### गरीबों का पैसा राहुल बाबा की पार्टी लूट ले गयी

शाह ने कहा कि कुछ दिन पहले कांग्रेस के सांसद के घर से 350 करोड़ रुपये कैश पकड़ा गया। अभी दो दिन पहले झारखंड में कांग्रेस के मंत्री के पीएस के यहां से 35 करोड़ रुपये नगद और जवाहरात मिले। ये सारा रुपया झारखंड के आदिवासी भाइयों और पिछड़ा समाज के लोगों का है। ये सारा पैसा आपका है, मेरे आदिवासी भाइयों का है, जो राहुल बाबा की पार्टी लूट कर ले गयी है। उन्होंने कहा कि मुफ्त राशन जो मोदी जी भेजते हैं, ये जेएमएम-कांग्रेस वाले बेच देते हैं।

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि झामुमो नीत गठबंधन 300 करोड़ रुपये के भूमि घोटाले, 1,000 करोड़ रुपये के खनन घोटाले, 1,000 करोड़ रुपये के मनरेगा घोटाले और करोड़ों के शराब घोटाले में शामिल है। हम झामुमो के नेतृत्व वाले गठबंधन को गरीबों का पैसा हजम नहीं करने देंगे। घोटाला करने के लिए झामुमो और कांग्रेस के बीच होड़ मची है। झारखंड की गरीब जनता का जो पैसा इन लोगों ने खाया है, उसकी पाई-पाई का हिसाब लेंगे। अमित शाह शुक्रवार को खूंटी में भाजपा प्रत्याशी अर्जुन मुंडा के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे।

**झारखंड गठन और विकास की चर्चा की:** अमित शाह ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा ने पूरे भारत में सबसे पहले अंग्रेजों को निकालने के लिए आंदोलन की शुरुआत की थी। भगवान बिरसा मुंडा ने इसी समय अंग्रेजों के खिलाफ जनचेतना की शुरुआत की थी। 2025 में भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती मनायी जायेगी। पीएम मोदी ने 2025 को जनजातीय गौरव वर्ष के रूप में मनाने का निर्णय लिया है, यह हम सबके लिए गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि मैं झामुमो को यह कहने आया हूं कि सत्ता प्राप्त करने के लिए आप जिस कांग्रेस पार्टी के साथ बैठे हो, वो कांग्रेस सालों तक झारखंड की रचना को रोक के रखी थी। जब अटल बिहारी वाजपेयी प्रधानमंत्री बने, तब उन्होंने झारखंड राज्य बनाया। अटल जी ने झारखंड को बनाया और मोदी जी झारखंड को संवारने रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारे देश में सालों से कांग्रेस के राज में आदिवासियों का ध्यान नहीं रखा गया। आज अर्जुन मुंडा जिस मंत्रालय के मंत्री हैं, उस दौरान यह मंत्रालय ही नहीं था। उस वक्त आदिवासी कल्याण मंत्रालय गृह विभाग के जॉइंट सेक्रेटरी के पास था। उसके बाद जब अटल बिहारी वाजपेयी की भाजपा सरकार आयी, तब उन्होंने जनजाति आयोग और जनजाति मंत्रालय का गठन किया। अमित शाह ने कहा कि आज राहुल गांधी यहां आकर जनजाति कल्याण की, आदिवासी कल्याण की बात करते हैं, मैं उनको पूछना चाहता हूं कि 60 सालों तक कांग्रेस क्या कर रही थी।

(संबंधित खबर पेज-3 पर)

# जुमलेबाज सरकार को वोट मांगने का हक नहीं: चंपाई

मुख्यमंत्री ने दुमका और राजमहल में इंडी गठबंधन के प्रत्याशियों को जीताने की अपील की

आजाद सिपाही संवाददाता



### हमारी सरकार ने जनहित में काम किया

चंपाई सोरेन ने कहा कि हमारी सरकार ने राज्यहित में कई ऐसे काम किये हैं, जिससे जनता को काफी फायदा हुआ है। केंद्र सरकार के पीएम आवास के नाम पर लोगों पर छला जा रहा था, लेकिन जब हेमंत सोरेन मुख्यमंत्री बने तो उन्होंने अबुआ आवास लाया, जिसका फायदा लोगों को मिल रहा है। उन्होंने लोगों से नलिन सोरेन और विजय हांसदा के पक्ष में वोट करने की अपील की।

**दुमका/राजमहल।** मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा कि आज भारतीय जनता पार्टी को लोगों से वोट मांगने का अधिकार नहीं है, क्योंकि इसका काम जुमलेबाजी करना है। ये धरातल पर काम नहीं करती। उन्होंने कहा कि 2014 में भाजपा झूठ बोल कर सत्ता में आ गयी, पर अपने वादों पर खरा नहीं उतरी। उन्होंने महंगाई कम करने, युवाओं को रोजगार देने की बात कही थी। महंगाई बढ़ती जा रही और रोजगार का कोई ठिकाना नहीं है। मुख्यमंत्री शुक्रवार को दुमका और राजमहल में इंडी गठबंधन प्रत्याशी नलिन सोरेन और विजय हांसदा के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। मौके पर पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन, मंत्री आलमगीर आलम, बन्ना गुप्ता सहित गठबंधन के कई नेता उपस्थित थे।

**पूरे देश में इंडी गठबंधन की लहर:** मुख्यमंत्री ने कहा कि लोकसभा चुनाव में पूरे देश में महागठबंधन की लहर चल रही है। पीएम नरेंद्र मोदी के जनता से किये वादे जुमला साबित हुए हैं। जनता उनके खेल को समझ गयी है। चुनाव में इसका असर भी दिखने लगा है। राज्य सरकार जनता के हित में काम कर रही है। उन्होंन कहा कि भाजपा से दूर रहें क्योंकि यह संविधान से छेड़छाड़ कर आरक्षण को समाप्त करना चाहती है। मुख्यमंत्री ने लोगों से संविधान और लोकतंत्र को बचाने के लिए केंद्र की तानाशाह भाजपा सरकार को उखाड़ फेंकने की अपील की।

# हेमंत और उनके मंत्रियों ने जनता का खून पिया : राजनाथ सिंह

रक्षा मंत्री ने दुमका में प्रत्याशी सीता सोरेन को जीताने की अपील की

आजाद सिपाही संवाददाता



### इंडी गठबंधन झारखंड विरोधी: बाबूलाल

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि इंडी गठबंधन विकास विरोधी है। झारखंड और झारखंडियों का विरोधी है। कांग्रेस ने 53 साल तक देश पर शासन किया है, लेकिन गांवों तक विकास की रोशनी नहीं पहुंचा पायी। हेमंत सोरेन अपनी करनी के कारण जेल में हैं। भाजपा ने अलग झारखंड बनाया है तो विकास भी भाजपा ही करेगा।

**दुमका।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कहा कि भ्रष्टाचार में लिप्त पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उनके मंत्रियों ने झारखंड की जनता का खून पिया है। इन लोगों ने झारखंड और देश के गरीबों के साथ धोखा किया है। अब जनता की बारी है। वह वोट की चोट से बदला लेगी। रक्षा मंत्री शुक्रवार को दुमका में भाजपा प्रत्याशी सीता सोरेन के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी समेत अन्य नेतागण मौजूद थे। राजनाथ सिंह ने कहा कि झामुमो के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार गले तक भ्रष्टाचार में डूबी है। कांग्रेस-झामुमो ने यहां के आदिवासियों को छलने और ठगने का काम किया है। केंद्र सरकार किसी भेदभाव से काम नहीं कर रही है। इडी-सीबीआइ भ्रष्टाचारियों पर नकेल कस रही है। इससे केंद्र सरकार का कोई वास्ता नहीं है। उन्होंने कहा कि इसके सांसद के यहां 300 करोड़ रुपये निकलता है। मंत्री के पीए के नौकर के यहां नोटों की गड्डी बरामद होती है। कांग्रेस और झामुमो के नेताओं को इसका हिसाब राज्य की जनता को देना होगा। उन्होंने कहा कि यह मोदी की गारंटी है कि अगर भाजपा का कोई मंत्री इस तरह के भ्रष्टाचार में संलिप्त मिला तो उसकी जगह जेल में होगी। मोदी सरकार की उपलब्धियों को गिनाते हुए राजनाथ ने कहा कि आज भारत का डंका विदेशों में बज रहा है।

# भाजपा को 4 जून को मिलेगा जवाब : कल्पना

कल्पना ने दुमका की जनता से साथ देने की अपील की

आजाद सिपाही संवाददाता



**दुमका।** पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने दुमका में सभा को संबोधित करते हुए कहा कि दुमका की जनता ने सदा हमारा साथ दिया है। आज शिबू सोरेन को यहीं की जनता ने लगातार सांसद बनाया, वे यहां के लोगों के दिल में बसे हुए हैं। साथ ही कहा कि हेमंत सोरेन पहली बार दुमका से ही जीत कर विधायक बने थे। अब उनके छोटे भाई बसंत सोरेन भी यहीं से विधायक हैं। हम यहां की जनता से एक बार फिर साथ मांगते हैं, आप हमें आशीर्वाद दें और दुमका लोकसभा सीट पर चाचा नलिन खड़े हैं, उन्हें भारी मतों से जीता कर हमें दुमका सीट वापस लेनी है। उन्होंने कहा कि आगामी 4 जून को झारखंड की जनता भाजपा को मुंहतोड़ जवाब देगी। लोकसभा चुनाव में पूरे झारखंड की जनता महागठबंधन के पक्ष में मतदान कर पार्टी प्रत्याशियों को जीत दिलायेगी।

हेमंत सोरेन पर बात करते हुए कल्पना ने कहा कि वह जल्द ही जेल से बाहर आयेंगे और हम सभी के बीच होंगे। उन्होंने लोगों से भाजपा के झांसे में नहीं आने की अपील की।







# मुख्यमंत्री केजरीवाल जेल से आये बाहर

सुप्रीम कोर्ट ने 1 जून तक दी जमानत

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल 39 दिन बाद शुक्रवार की शाम को तिहाड़ जेल से बाहर आये। दिल्ली शराब नीति मामले में केजरीवाल को इडी ने 1 अप्रैल को गिरफ्तार किया था। तब से वह तिहाड़ जेल में बंद थे। सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें 1 जून तक के लिए अंतरिम जमानत दी है। उन्हें 2 जून को हर हाल में सरेंडर करने को कहा गया है। रिहाई के बाद केजरीवाल ने कार्यकर्ताओं से कहा कि आप से निवेदन है कि हम सबको मिल कर देश को तानाशाही से बचाना है। मैं तन मन धन से लड़ रहा हूं। तानाशाही के खिलाफ संघर्ष कर रहा हूं। आज आपके बीच आकर अच्छा लग रहा है। शनिवार सुबह 11 बजे कनॉट प्लेस हनुमान जी के मंदिर में मिलेंगे। हनुमान जी का आशीर्वाद लेंगे। 1 बजे पार्टी ऑफिस में प्रेस कॉन्फ्रेंस करेंगे। कोर्ट के आदेश के अनुसार वह चुनाव प्रचार कर सकेंगे। हालांकि, उनके वकील ने 5 जून तक की रिहाई का अनुरोध किया था, जिसे सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया। कोर्ट ने कहा कि चुनावी प्रक्रिया 1 जून को खत्म हो जायेगी। जस्टिस संजीव खन्ना ने कहा कि अगस्त 2022 में इडी ने केस दर्ज किया। उन्हें मार्च (2024) में गिरफ्तार किया गया। डेढ़ साल तक वे कहां थे? गिरफ्तारी बाद में या पहले हो सकती थी। 22 दिन इधर या उधर से कोई फर्क नहीं पड़ना चाहिए।

### कल्पना सोरेन ने दी बधाई

पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने अरविंद केजरवाल को 1 जून तक मिली अंतरिम जमानत पर खुशी जाहिर की है। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा कि तानाशाही ताकतों को यह दिखाना है कि देश बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर जी के संविधान के अनुसार ही चलेगा। आज अंतरिम बेल मिलने पर दिल्ली के केजरीवाल जी को हार्दिक बधाई और जोहार। उनकी संघर्ष की साथी सुनीता जी और परिवार के अन्य सदस्यों को भी हार्दिक बधाइयां। मैंने पहले ही कहा था तानशाही ताकतों का किला ध्वस्त होना शुरू हो गया है। मैं यह भी कह देना चाहती हूं कि अगर किसी को आदिवासी पसंद नहीं है, किसी को अगर आंख से आंख मिला कर अपना हक मांगने वाला आदिवासी, दलित, पिछड़ा, अल्पसंख्यक अच्छा नहीं लग रहा है तो उन्हें अपनी आदत बदलनी होगी। झारखंड झुकेगा नहीं! इंडिया रूकेगा नहीं। लड़ेंगे और जीतेंगे। जय झारखंड।

# सिमरिया में जनसभा को आज संबोधित करेंगे प्रधानमंत्री

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चतरा लोकसभा के सिमरिया के मुरवे फुटबॉल मैदान में 11 मई को 3 बजे से जनसभा को संबोधित करेंगे। जनसभा में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी भी इस कार्यक्रम में शामिल होंगे। इस अवसर पर चतरा लोकसभा चुनाव प्रभारी आदित्य साहू, एनडीए प्रत्याशी कालीचरण सिंह, जिला अध्यक्ष रामदेव भोक्ता भी मौजूद रहेंगे। भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री के आगमन की तैयारी की समीक्षा की। आगमन से पूर्व हेलीपैड का पूर्वाभ्यास किया गया। सभा स्थल को एसपीजी ने अपनी सुरक्षा में ले लिया है।

### भ्रष्टाचार के जब्त पैसे लोगों को लौटाने पर राय ले रहे: मोदी



**नयी दिल्ली (आजाद सापही)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि मैं सलाह ले रहा हूं कि लोगों से लूटा गया धन उन्हें कैसे लौटाया जा सकता है। प्रधानमंत्री एक टीवी चैनल को दिये इटरव्यू में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि हमारी एजेंसियों ने 1.25 लाख करोड़ रुपये जब्त किये हैं। हम टीवी पर देखते हैं कि रुपयों के कई ढेर लगे हैं, जो गरीबों और मिडिल क्लास लोगों से लूटे गये हैं। यह धन भी लोगों को लौटाया जा सकता है।



# भाजपा की तरफ से केंद्रीय नेताओं का झारखंड में धुआंधार प्रचार अभियान

## ■ मोदी आज दूसरी बार झारखंड आ रहे हैं, अमित शाह और राजनाथ सिंह भी कूदे प्रचार अभियान में

## ■ कांग्रेस के बड़े नेताओं में सिर्फ राहुल गांधी की ही दो जगह सभा हुई है

## ■ झारखंड में कांग्रेस अभी तक चंपाई सोरेन और कल्पना सोरेन पर पूरी तरह आश्रित

## ■ चंपाई और कल्पना झामुमो के साथ-साथ इंडी प्रत्याशियों का बढ़ा रहे हैं मनोबल

आजाद सिपाही विशेष


**झारखंड में पहले और लोकसभा के चौथे चरण का चुनाव प्रचार अभियान अब खत्म होने की कगार पर है। 11 मई को राज्य की चार सुरक्षित सीटों पर चुनाव प्रचार खत्म हो जायेगा, जबकि बाकी 10 सीटों के लिए यह अभियान लगातार जारी है। इस बार चुनाव प्रचार अभियान की एक खास बात यह है कि इस बार सत्ता के दोनों प्रमुख दावेदारों, भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) और कांग्रेस के नेतृत्व वाले इंडियन नेशनल डेमोक्रेटिक इनक्लूसिव अलायंस (इंडी अलायंस) के प्रचार अभियान की कोई बराबरी नहीं है। दूसरे शब्दों में कहें, तो झारखंड के अब तक के प्रचार अभियान में दोनों गठबंधनों के बीच कोई तुलना नहीं है। एक तरफ एनडीए है, जिसके लगभग सभी बड़े राष्ट्रीय नेता हर दिन झारखंड के किसी न किसी संसदीय क्षेत्र में चुनावी सभाएं कर रहे हैं, तो दूसरी ओर इंडी अलायंस की तरफ से अब तक बड़े केंद्रीय नेताओं में केवल राहुल गांधी और तेजस्वी यादव ही झारखंड आये हैं। हालांकि मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन और पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन प्रत्याशियों के लिए खूब मेहनत कर रहे हैं। जिन चार संसदीय सीटों पर 13 मई को मतदान होना है, उनमें से राहुल गांधी ने दो पर और तेजस्वी ने एक सीट पर प्रचार किया है, जबकि भाजपा के लिए पीएम मोदी के साथ अमित शाह, राजनाथ सिंह, जेपी नड्डा और छत्तीसगढ़-मध्यप्रदेश और राजस्थान के सीएम और बिहार के बड़े नेता सभाएं कर चुके हैं। इन दोनों गठबंधनों के प्रचार अभियान का यह अंतर ही यह बताने के लिए काफी है कि इस चुनाव को लेकर कौन अधिक गंभीर है। प्रत्याशियों की घोषणा से लेकर नामांकन दाखिल करने और चुनावी रैलियां करने तक में भाजपा ने अब तक बढ़त कायम कर रखी है। कैसा चल रहा है झारखंड में चुनाव प्रचार और क्या हो सकता है इसका संभावित असर, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**


राकेश सिंह

देश भर में लोकसभा चुनाव के चौथे चरण का और झारखंड में पहले चरण का चुनाव प्रचार अभियान आज शाम को समाप्त हो जायेगा। झारखंड में पहले चरण में चार सीटों, खूंटी, सिंहभूम, लोहरदगा और पलामू में मतदान 13 मई को होगा। इसके बाद हजारीबाग, कोडरमा और चतरा सीट पर मतदान 20 मई को होगा। रांची, जमशेदपुर, गिरिडीह और धनबाद में 25 मई को वोट डाले जायेंगे, जबकि दुमका, राजमहल और गोड्डा में 1 जून को मतदान होगा। इस तरह झारखंड की 10 सीटों के लिए प्रचार अभियान लगातार जारी रहेगा।

जहां तक चुनाव प्रचार अभियान की बात है, तो अब तक के प्रचार अभियान में भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए का पलड़ा बहुत भारी है। भाजपा के राष्ट्रीय नेताओं ने जिस तरह झारखंड में प्रचार अभियान में हिस्सा लिया है और ले रहे हैं, वह यह बताने के लिए काफी है कि एनडीए का केंद्रीय नेतृत्व इस चुनाव को कितनी गंभीरता से ले रहा है। दूसरी तरफ कांग्रेस है, जिसके राष्ट्रीय नेताओं के पास झारखंड के लिए समय ही नहीं है। अभी तक बड़े राष्ट्रीय नेताओ में राहुल गांधी ही झारखंड का दौरा कर सके हैं। राहुल गांधी ने चाइबासा और लोहरदगा सीट पर प्रत्याशियों के पक्ष में सभा की है। प्रत्याशियों के नामांकन में भी कोई बड़ा नेता नहीं आया, जबकि भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में उत्तराखंड, राजस्थान, मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री शिरकत कर चुके हैं। प्रचार अभियान के लिए झारखंड में कांग्रेस पूरी तरह से झामुमो पर आश्रित हो गयी है। मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन और कल्पना सोरेन लगातार झामुमो के साथ-साथ कांग्रेस प्रत्याशियों के नामांकन से लेकर चुनावी सभाओं की कमान संभाले हुए हैं। कांग्रेस के राष्ट्रीय नेताओं की कमी को वे दोनों दूर कर रहे हैं। हर दिन कहीं न कहीं ये दोनों सभाओं को संबोधित कर रहे हैं। नामांकन से लेकर बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं की बैठक तक में ये दोनों नेता शिरकत कर रहे हैं।








### प्रचार में भाजपा क्यों है आगे

झारखंड के चुनाव प्रचार में भाजपा ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। जिन चार सीटों पर 13 मई को मतदान होना है, उनमें से तीन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चुनावी रैलियां कर चुके हैं, जबकि खूंटी में अमित शाह की रैली हो चुकी है। इतना ही नहीं, इन सीटों पर मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान के मुख्यमंत्री से लेकर बिहार के एनडीए नेताओं ने भी सभाएं की हैं। राज्य की दूसरी सीटों पर हर दिन एनडीए का कोई न कोई बड़ा नेता बाहर से आकर सभाएं कर रहा है। पीएम मोदी जहां झारखंड में तीन रैलियां करने के अलावा रात्रि विश्राम और रोड शो भी कर चुके हैं, वहीं भाजपा के हर प्रत्याशी के नामांकन दाखिल करने के मौके पर बड़ी सभाएं आयोजित की गयीं और केंद्रीय नेता उनमें शामिल हुए। अब पीएम मोदी एक बार फिर 11 मई को चतरा और 14 मई को गिरिडीह में जनसभा करने आ रहे हैं। इस बीच में 13 मई को पीएम मोदी का रांची में कार्यक्रम प्रस्तावित है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी चुनावी दौरे पर झारखंड आ चुके हैं, जबकि छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय भी मनोहरपुर, कुरडेग और चैनपुर में जनसभाएं कर चुके हैं। पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा, बिहार भाजपा के अध्यक्ष सम्राट चौधरी और जदयू-आजसू के दूसरे बड़े नेताओं का कार्यक्रम भी झारखंड में लगातार हो रहा है।

इससे पहले भी झारखंड में प्रत्याशियों के नामांकन दाखिल करने के मौके पर भाजपा ने जिस तरह की सभाएं आयोजित की, उससे तो यही लगा कि वह इस चुनाव में कोई कसर नहीं छोड़ रही। हर संसदीय सीट पर नामांकन दाखिल करने के मौके पर भाजपा के केंद्रीय स्तर के बड़े नेता न केवल मौजूद रहे, बल्कि उन्होंने कार्यकर्ताओं को चुनाव जीतने के लिए आवश्यक निर्देश भी दिये।

### कांग्रेस अब तक पीछे

जहां तक कांग्रेस के प्रचार अभियान की बात है, तो अब तक यह पूरी तरह मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन और कल्पना सोरेन पर ही आश्रित है। कांग्रेस की ओर से सिर्फ राहुल गांधी ने लोहरदगा और सिंहभूम सीट पर सभाएं की हैं, जबकि तेजस्वी यादव ने पलामू में दो चुनावी सभा को संबोधित किया है। इनके अलावा झामुमो की तरफ से मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन और पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने प्रचार की कमान संभाल रखी है। लेकिन सबसे बड़ी दिक्कत यह है कि झामुमो झारखंड के साथ-साथ ओड़िशा में भी चुनाव लड़ रहा है और वहां भी मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन और कल्पना सोरेन को जाना पड़ रहा है। कल्पना सोरेन खुद भी गांडेय से विधानसभा का उपचुनाव लड़ रही हैं। गांडेय के लिए भी उन्हें समय देना पड़ रहा है। सीएम चंपाई सोरेन ने हालांकि पूरी ताकत झोंक रखी है, लेकिन उनके पास दूसरी व्यस्तताएं भी हैं। कांग्रेस की तरफ से राहुल गांधी के अलावा कोई भी बड़ा केंद्रीय नेता अब तक झारखंड नहीं आया है। राजद कीतरफ से इसके केंद्रीय महासचिव संजय सिंह यादव जरूर पलामू आये हैं, लेकिन वह झारखंड के ही हैं।

हालांकि पांचवें एवं छठे चरण के चुनाव में कांग्रेस और राजद के स्टार प्रचारकों का झारखंड में कार्यक्रम तय किया जा रहा है। राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे चतरा, हजारीबाग, कोडरमा, गिरिडीह और धनबाद में चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे। वहीं 20 मई के बाद प्रियंका गांधी पार्टी की दो महिला प्रत्याशियों, धनबाद से अनुपमा सिंह और रांची से यशस्विनी सहाय के लिए चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगी। इसके अलावा 13 मई के बाद तेजस्वी यादव एक या दो दिन में झारखंड में तीन से चार चुनावी सभाओं को संबोधित कर सकते हैं। कोडरमा में यादव, मुस्लिम और ओबीसी मतदाताओं की संख्या को देखते हुए वहां पर तेजस्वी यादव सभाएं करेंगे।

लेकिन अब तक के प्रचार अभियान में भाजपा बहुत आगे नजर आ रही है। हर दिन झारखंड की किसी न किसी सीट पर उसके नेता चुनावी सभाएं कर रहे हैं, तो दूसरी तरफ इंडी अलायंस की तरफ से रैलियों को छोड़ कर डोर टू डोर संपर्क पर फोकस किया जा रहा है। प्रचार अभियान का यह अंतर चुनाव परिणाम पर कुछ न कुछ असर तो जरूर डालेगा, क्योंकि इसका मतदाताओं पर गहरा असर पड़ता है।

---

# ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम के आप्त सचिव संजीव लाल सस्पेंड

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम के आप्त सचिव और झारखंड प्रशासनिक सेवा के अधिकारी संजीव लाल को निलंबित कर दिया गया है। मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन की सहमति के बाद कार्मिक विभाग ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिया। बता दे कि संजीव लाल के सहायक जहांगीर आलम के यहां इडी की रेड में 35 करोड़ से अधिक की रकम बरामद होने के



बाद इडी की टीम ने संजीव लाल और जहांगीर आलम को गिरफ्तार किया है। संजीव लाल अभी रिमांड पर हैं। उनसे इस संबंध में पूछताछ जारी है।

संजीव कुमार लाल आप्त सचिव संसदीय कार्य, ग्रामीण विकास मंत्री, ग्रामीण कार्य मंत्री एवं पंचायती राज विभाग को मनी लॉन्ड्रिंग मामले के आरोप में निलंबित कर दिया गया है। झारखंड प्रशासनिक सेवा के अधिकारी संजीव लाल के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय भारत सरकार रांची क्षेत्रीय कार्यालय ने 7 मई को पत्र लिखकर झारखंड सरकार को यह सूचित किया था कि संजीव लाल को पीएमएलए 2002 की धारा 3 के तहत परिभाषित एवं धारा चार के तहत दंडनीय धन शोधन के अपराध के लिए पीएमएलए 2002 की धारा 19 के तहत 7 मई को 12:40 गिरफ्तार किया गया है।

7 मई को ही विशेष पीएमएलए कोर्ट में उन्हें पेश किया गया। वहां से पूछताछ के लिए इडी को छह दिनों की संजीव लाल की रिमांड मिली।

# मंत्री आलमगीर और अधिकारियों को भी मिलता था हिस्सा

## ■ संजीव लाल ने कमीशन के नेटवर्क का कर दिया है खुलासा

## ■ पैसा किसी और का, हम कलेक्टर, जहांगीर केयर टेकर

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। अब राज्य सरकार के मंत्री आलमगीर आलम और ग्रामीण विकास विभाग के कम से कम तीन सचिव स्तर के आइएएस की परेशानी बढ़ने वाली है। मंत्री के ओएसडी इडी की रिमांड पर चल रहे संजीव लाल ने अंततः अपना मुंह खोल दिया है। इडी को दिये बयान में अधिकारी ने माना है कि वह केवल कमीशन कलेक्टर था और जहांगीर आलम पैसों का केयर टेकर। गुरुवार को दिन भर हुई पूछताछ में ग्रामीण विकास विभाग के कमीशन के पूरे नेटवर्क का खुलासा उसने कर दिया है।



साथ ही उन अधिकारियों के नाम भी बता दिये हैं, जिन्हें कमीशन का पैसा जाता था। बरामद पैसा किसका है इसके बारे में भी पूरी जानकारी दी है। विभाग के करीब आधा दर्जन ठेकेदारों और अभियंताओं के नाम भी ओएसडी ने बताया है। इनमें राजीव कुमार सिंह और मुन्ना सिंह का नाम प्रमुख है। चार अभियंताओं का नाम भी लिया है। संजीव लाल को मंत्री ने यह जवाबदेही दी थी कि कोई भी टेंडर बिना पैसे के आवंटित नहीं होगा। पैसा के लिए ठेकेदारों को फोन किया जाता था। कमीशन की पूरी राशि एयरबैग में भरकर लायी जाती थी। एयरबैग में ही ठेकेदार के नाम की पर्ची रहती थी। जिसे संजीव लाल पढ़ने के बाद फाड़ देता था और नोटों से भरा बैग नौकर जहांगीर आलम को फ्लैट तक पहुंचाने के लिए दे दिया जाता था। पूछताछ के समय जहांगीर आलम को संजीव लाल से आमना-सामना किया गया। इडी इन दोनों की चल-अचल संपत्तियों की विस्तृत जानकारी मांगी है।

---

# तापस घोष, संजीत की मदद से इरशाद ने हेमंत सोरेन की फर्जी डीड बनायी

## तीनों को इसके एवज में लाखों रुपये का भुगतान किया गया

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने जमीन घोटाला मामले में जिन तीन लोगों को गुरुवार को गिरफ्तार किया है, उन पर फर्जीवाड़ा समेत कई आरोप लगाये गये हैं। पीएमएलए कोर्ट में दायर रिमांड याचिका में इडी ने कहा है कि 8.86 एकड़ जमीन के साथ-साथ 6.34 एकड़ जमीन को तापस घोष, संजीत कुमार और मो इरशाद की मदद से ही अवैध ढंग से कब्जे में लिया गया।

इडी की याचिका में कहा गया है कि पूरे मामले की जांच के दौरान हेमंत सोरेन, भानु प्रताप प्रसाद, सद्दाम हुसैन, अफसर अली, प्रिय रंजन सहाय, इरशाद अख्तर, बिपिन सिंह और अंतु तिर्की समेत कई अन्य को अवैध तरीके से संपत्ति अर्जित करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। आगे की जांच के दौरान उपरोक्त संपत्तियों के संबंध में जालसाजी में मोहम्मद इरशाद, संजीत कुमार और तापस घोष की भूमिका सामने आयी।

याचिका के अनुसार, तापस घोष रजिस्ट्रार ऑफ एश्योरेंस, कोलकाता में डीड सर्चर के रूप में काम करता था और संजीत कुमार रजिस्ट्रार ऑफ एश्योरेंस में अनुबंध के आधार पर स्वीपर/चौकीदार के रूप में काम करता था और रात में वहीं रहता था। दोनों आरोपी व्यक्तियों के पास मूल रिकॉर्ड तक पहुंच थी और वे रजिस्ट्रार ऑफ एश्योरेंस, कोलकाता से खाली पेज और मूल वॉल्यूम की आपूर्ति में शामिल थे। वे आरोपी इरशाद अख्तर के सीधे संपर्क में थे और फर्जी डीड बनाने के लिए मूल रजिस्टर/मूल वॉल्यूम के खाली पेज मुहैया कराते थे।

याचिका में कहा गया है कि मामले के आरोपियों को सहायता प्रदान करने के बदले बैंक हस्तांतरण या नकद जमा के माध्यम से तापस घोष के बैंक खाते में 21.43 लाख रुपये की राशि जमा होने की बात सामने आयी है। संजीत कुमार के बैंक खाते में अपराध की आगे की आय की भी पहचान की गयी है। उसके बैंक खाते में 80 हजार रुपये जमा कराये गये। इसके अलावा उसके बैंक खाते में नगद राशि भी जमा करायी गयी। मो इरशाद अपने मृतक सहयोगी मकबूल के माध्यम से एक अलग फर्जी डीड संख्या 2376/1940 लिखने में शामिल था, जो उपरोक्त 4.83 एकड़ संपत्ति का हिस्सा है। उसने अपने सहयोगी अलाउद्दीन (अब मृत) की मदद से डीड संख्या 3954/1974 भी तैयार किया। इरशाद ने भानु प्रताप प्रसाद, मो सद्दाम हुसैन, बिपिन सिंह और अन्य के साथ मिल कर उपरोक्त 4.83 एकड़ संपत्ति के लिए मूल पंजी टू रजिस्टरों में फर्जी प्रविष्टियां कीं। उसने समरेंद्र चंद्र घोषाल के नाम पर उपरोक्त 4.83 एकड़ संपत्ति से संबंधित पिछली तारीख की फर्जी म्यूटेशन सुधार पर्चियां लिखीं। उसने 6.34 एकड़ की उपरोक्त संपत्ति के लिए 1940 की तारीख से फर्जी डीड संख्या 3985 भी लिखी थी, जिसमें से प्लॉट संख्या 989 और 996 पर जमीन का एक हिस्सा हेमंत सोरेन के अवैध कब्जे में है, जिन्हें इस मामले में गिरफ्तार भी किया गया है। इरशाद के एक्सिस बैंक खाते 918010066076941 और 913110039978433 की जांच से पता चलता है कि उपरोक्त नामजद आरोपियों मोहम्मद सद्दाम हुसैन, अफसर अली और अन्य के माध्यम से उसे आठ लाख 74 हजार पांच सौ रुपये का भुगतान किया गया है।

इडी ने कहा है कि इस प्रकार तथ्यों से यह स्पष्ट है कि उपरोक्त तीनों आरोपी, मोहम्मद इरशाद, संजीत कुमार और तापस घोष जानबूझ कर अपराध की आय से जुड़ी प्रक्रियाओं और गतिविधियों में शामिल हैं, जो जालसाजी और सरकारी अभिलेखों से छेड़छाड़ की अवैध गतिविधियों से प्राप्त हुई हैं। आरोपी व्यक्ति रांची के चेशायर होम रोड में 4.83 एकड़ की संपत्ति हासिल करने के लिए फर्जी डीड तैयार करने में शामिल हैं।

### डीड राइटर इरशाद, संजीत और तापस घोष भेजे गये जेल, रिमांड पर आदेश सोमवार को

रांची (आजाद सिपाही)। पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से जुड़े लैंड स्कैम मामले में इडी ने हजारीबाग के डीड राइटर इरशाद और कोलकाता के रजिस्ट्रार ऑफ एश्योरेंस के कर्मी तापस घोष और संजीत कुमार को शुक्रवार को कोर्ट के समक्ष पेश किया। कोर्ट में पेशी के दौरान इडी ने तापस, संजीत और इरशाद अख्तर को रिमांड पर लेकर पूछताछ करने का आग्रह किया है। इसके बाद कोर्ट ने तीनों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। वहीं इनकी रिमांड पर अब कोर्ट सोमवार को फैसला सुनायेगा। अगर इडी को तीनों की रिमांड मिलेगी तो वो उनसे जमीन घोटाला मामले में पूछताछ करेगी। बता दें कि इडी ने गुरुवार को तीनों को समन भेजकर रांची स्थित जोनल कार्यालय में पूछताछ के लिए बुलाया था। कई घंटों तक चली पूछताछ के बाद देर रात तीनों की गिरफ्तार कर लिया गया था।



### अमित शाह ने खूंटी के कचहरी मैदान में आयोजित जनसभा में भाजपा उम्मीदवार अर्जुन मुंडा को वोट देने का किया आग्रह

# गृह मंत्री ने विकास से लेकर राम मंदिर तक की चर्चा की

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** गृह मंत्री अमित शाह ने खूंटी में जनसभा को संबोधित करते हुए जहां कांग्रेस-झामुमो पर निशाना साधा, वहीं मोदी सरकार के विकास कार्यों का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने कभी किसी आदिवासी बेटे-बेटी को देश का राष्ट्रपति बनाया क्या। इतने सालों तक कांग्रेस को आदिवसियों को प्रतिनिधित्व देने की याद नहीं आयी, जबकि नरेंद्र ने ओड़िशा की गरीब आदिवासी बेटी द्रौपदी मुर्मू को राष्ट्रपति बना कर देश भर के आदिवासियों का सम्मान करने का काम किया। कांग्रेस के जमाने में जल, जमीन और जंगल तीनों पर नक्सलवाद का साया था। झारखंड, बिहार, ओड़िशा, तेलंगाना, आंध्रप्रदेश, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़, ये सारे राज्य नक्सलवाद के साये में थे। इस कारण इस क्षेत्र में विकास भी नहीं हुआ। देश की जनता ने दो-दो बार नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाया, और मोदी जी ने नक्सलवाद को समाप्त कर के विकास की गंगा बहाने की शुरुआत की। बूढ़ा पहाड़ पर इतने सालों के बाद राशन कार्ड बंटे, दवाइयों की दुकानें खुलीं, अब पब्लिक हेल्थ सेंटर भी बन रहा है, ये काम मोदी जी ने किया है। 15 नवंबर बिरसा मुंडा की जयंती को पीएम मोदी ने जनजाति गौरव दिवस घोषित किया। झारखंड के स्वतंत्रता सेनानियों के लिए देश भर में दस स्पेशल जनजाति स्वतंत्रता सेनानियों का संग्रहालय बनाने का काम 200 करोड़ के खर्चे के साथ पीएम मोदी ने किया है।

अमित शाह ने कहा कि खूंटी वालों आप मन से बताना कि अयोध्या में राम मंदिर बनाना चाहिए था कि नहीं? कांग्रेस पार्टी और झारखंड मुक्ति मोर्चा 70 सालों से राम मंदिर को अटका के रखी। लेकिन जैसे ही आपने नरेंद्र मोदी को दूसरी बार प्रधानमंत्री बनाया, उन्होंने सिर्फ पांच साल में केस भी जीता। भूमि पूजन भी किया ओर 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा कर के जय श्रीराम कर दिया। जब प्राण प्रतिष्ठा की गयी, तब राहुल गांधी को निमंत्रण दिया गया, लेकिन उन्होंने उसे ठुकरा दिया।

### झारखंड में घुसपैठियों का खतरा मंडरा रहा

अमित शाह ने झारखंड में मंडरा रहे घुसपैठियों के खतरे के बारे में भी लोगों को आगाह किया। उन्होंने बताया कि कैसे घुसपैठिये आदिवासी महिलाओं को अपना शिकार बना रहे हैं और उनसे शादी कर उनकी जमीन हथिया रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह झारखंड के लिए बड़ा खतरा है। इस घुसपैठ को रोकने का काम सिर्फ भाजपा कर सकती है। शाह ने कहा कि पीएफआइ पूरे देश में आतंकवाद फैलाता था। उसको सबसे बड़ा समर्थन यहां कांग्रेस और झामुमो की सरकार से मिलता था। नरेंद्र मोदी ने एक ही रात में 100 से ज्यादा स्थानों पर छापा मार कर पीएफआइ की पूरी कैडर को जेल में डाला और उसे बैन कर दिया। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि मैं इंडी अलायंस वालों को कहना चाहता हूं कि पीओके भारत का है, इसको कोई नहीं छीन सकता। पाकिस्तान से पीओके लाने की जगह कांग्रेस एटम बम की बात करके भारत की जनता को डरा रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा का स्टैंड क्लियर है कि पीओके की एक-एक इंच भूमि भारत की है और भारत में रहनी चाहिए।

# बिरसा मुंडा की आवाज दिल्ली तक पहुंचनी चाहिए: अर्जुन मुंडा

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** खूंटी में आयोजित महा विजय संकल्प सभा को संबोधित करते हुए अर्जुन मुंडा ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा की आवाज दिल्ली तक पहुंचनी चाहिए। हम सभी को आज ऐसे गृह मंत्री का संबोधन सुनने की मिला है, जिनके कारण देश की आंतरिक सुरक्षा मजबूत हुई है। आज पूरे देश में शांति का वातावरण है। देश शांति के साथ आगे बढ़ना चाहता है। देश प्रगति करना चाहता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी शक्ति को आगे बढ़ाने का काम कर रहे हैं। हमारी सरकार के सभी निर्णय इसी कड़ी में लिये जा रहे हैं। अभी देश में लोकसभा चुनाव में हम सभी भाग ले रहे हैं। एक तरफ विपक्षी दल लोगों के बीच में गलतफहमी फैलाने, लोगों को बरगलाने का काम कर रहे हैं। साथ ही अवैध तरीके से अर्जित किये धन से चुनाव को प्रभावित करना चाहते है, तो दूसरी तरफ भारतीय जनता पार्टी है, जो मोदी जी के नेतृत्व में राष्ट्र निर्माण का कार्य कर रही है, क्योंकि भारतीय जनता पार्टी के संकल्प में देश है तो हम हैं, देश का सम्मान है, तो हमारा सम्मान है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लक्ष्य है गरीबों का जीवन स्तर ऊपर उठे, गांव की महिलाएं लखपति दीदी बनें, हमारे युवा रोजागर के साथ जुड़ें और देश के किसान हमारी शान हैं, उनका स्वाभिमान देश के साथ जुड़े। उन्होंने कहा कि देश को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प को पूरा करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खूंटी की धरती से झंडा दिखा कर दल को रवाना किया। उन्होंने कहा कि इस चुनाव में नोट का खेल हो रहा है। प्रदेश के एक मंत्री के पीए के घर से इतना नोट मिलता है कि नोट गिनने वाली मशीन भी हांफने लगती है। इससे अंदाजा लगा सकते हैं कि राज्य में किस तरह की लूट मची हुई है। उन्होंने कहा कि वोट देने से पहले जनता को 2004 से 2014 तक का केंद्र सरकार का कार्यकाल याद करना चाहिए कि कैसे सिर्फ घोटाला ही घोटाला हुआ। इसमें कोयला घोटाला, टू जी स्पेक्ट्रम घोटाला। इन घोटालेबाजों से सावधान रहने की जरूरत है।

# पीएम ने बिरसा मुंडा के आदर्शों को विश्व पटल पर लाने का काम किया: सुदेश महतो

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** खूंटी लोकसभा चुनाव के चौथे चरण से झारखंड प्रदेश में महासमर शुरू होगी। इस दौरान सभी दलों के दिग्गज नेता सूबे में खूब पसीना बहा रहे है। खूंटी लोकसभा सीट से भाजपा के प्रत्याशी अर्जुन मुंडा के समर्थन में वोट की अपील करने शुक्रवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह महा विजय संकल्प सभा में पहुंचे थे। इस अवसर पर एनडीए के सहयोगी दल आजसू पार्टी के सुप्रीमो सुदेश महतो ने खूंटी में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि ये हमारा सौभाग्य है कि 140 करोड़ लोगों के बीच भगवान बिरसा मुंडा के जीवन के आदर्शों को विश्वपटल पर लाने का काम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया। आज पूरा देश उनके जन्मदिन को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मना रहा है, जिससे हर झारखंडी अपने-आपको गौरवान्वित महसूस कर रहा है। उन्होंने कहा कि अपने वोट के कारण खूंटी में पहले भी कई प्रधानमंत्री आये गये हैं लेकिन हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खूंटी के गांवों में आते हैं और बिरसा मुंडा की जन्मस्थली पर जाकर उसका मान-सम्मान बढ़ाते हैं। हमारे मतदाताओं को गंभीरता से विचार करना होगा। विश्व पटल पर प्रधानमंत्री ने देश का मान सम्मान बढ़ाया है। एनडीए देश गढ़ने की बात करता है। गठबंधन तुष्टिकरण और सिर्फ वोट की राजनीति करता है। कांग्रेस के राहुल गांधी झारखंड के दौरे पर सरना धर्म कोड की बात करते हैं, लेकिन कांग्रेस के मेनिफेस्टो में कहीं इसका जिक्र नहीं है। कांग्रेस की सिर्फ धोखा और बरगलाने की राजनीति है। इसलिए इन सभी लोगों को करारा जवाब देने के लिए अर्जुन मुंडा को जीता कर 400 पार के लक्ष्य को पूरा करना है। सुदेश महतो केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के उपलब्ध में आयोजित जनसभा में बोल रहे थे।

# विकास को देख कर विपक्ष में छटपटाहट है: कड़िया मुंडा

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** जनसभा में पूर्व सांसद पद्मभूषण कड़िया मुंडा ने कहा कि लोकसभा चुनाव के दौरान कई तरह की बातें चल रही है। संविधान बदल दिया जायेगा। सीएनटी कानून को खत्म कर दिया जायेगा। यह सिर्फ बरगलाने के लिए दुष्प्रचार किया जा रहा है। विपक्ष की इस चाल से बचने की जरूरत है। हम लोगों के लिए संविधान पवित्र धर्मग्रंथ है। सीएनटी में कोई बदलाव नहीं किया जा रहा है। देश के विकास को देख कर विपक्ष में छटपटाहट है, इसके चलते दुष्प्रचार का षड्यंत्र रच रहे हैं। जन सभा को खूंटी के विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा, तोरपा विधायक कोचे मुंडा आदि ने भी संबोधित किया। मौके पर, रांची के पूर्व सांसद रामटहल चौधरी, खूंटी लोकसभा प्रभारी डॉ रविंद्र राय, जिप उपाध्यक्ष मंजू देवी, रीता देवी, भाजपा के प्रदेश महामंत्री बालमुकुंद सहाय, संतोष जयसवाल, काशीनाथ महतो, ओपी कश्यप, शशांक शेखर राय सहित खूंटी संसदीय क्षेत्र के हजारों भाजपा समर्थक और कार्यकर्ता मौजूद थे।

### असम के मुख्यमंत्री आज तमाड़ में



रांची (आजाद सिपाही)। असम के मुख्यमंत्री डॉ हिमंत विश्वशर्मा 11 मई को खूंटी लोकसभा में जनसभा को संबोधित करेंगे। डॉ शर्मा रांची जिले के तमाड़ के रायडीह मोड़ स्थित अमलेसा मैदान में आयोजित जनसभा को 1.30 बजे से संबोधित करेंगे। इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी, लोकसभा प्रभारी डॉ रवींद्र कुमार राय, एनडीए प्रत्याशी और केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, खूंटी जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर गुप्ता, रांची जिला अध्यक्ष ग्रामीण सुरेंद्र महतो भी मौजूद रहेंगे।



## ढिबरा लदा 407 वाहन जब्त

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** कोडरमा वन विभाग के टीम ने गुरुवार की रात बाघीटांड लोकाई रोड के समीप रेंजर के नेतृत्व में ढिबरा लदे 407 वाहन को जब्त किया। गुप्त सूचना मिली थी कि मेघातारी भुटलाईया जंगल से ढिबरा लोड 407 वाहन तिलैया की तरफ जा रहा है। जिसके बाद वन विभाग का गाड़ी को देखते हुए, गाडी स्पीड में भागने लगा। लोकाई रोड के समीप चालक अंधेरे के लाभ देखकर गाड़ी छोड़कर भागने में सफल रहा। इसके बाद वन विभाग के टीम ने गाड़ी ढिबरा लादे 407 वाहन जप्त करके वन परिसर लाया। गाड़ी में ढिबरा लगभग 5 टन लोड बताया जा रहा है जिसकी कीमत लगभग 2 लाख बताई जा रही है। मौके पर प्रभारी वनपाल उस्मान अंसारी, छत्रपति शिवाजी, दुर्गा माहतो, सिकंदर कुमार मौजूद थे।

## मतदाता जागरूकता को लेकर मेडिकल कैंप आयोजित



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** लोकसभा आम चुनाव के अंतर्गत स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता और मतदान के प्रति जागरूकता हेतु सीएच +2 स्कूल झुमरीतिलैया में मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। मेडिकल कैंप में आमजनों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। सदर अस्पताल कोडरमा के चिकित्सक डॉ कुलदीप कुमार और डॉ नीरज साहा के द्वारा लोगों का हेल्थ चेकअप किया गया। चिकित्सकों द्वारा आनिमीया, ब्लड प्रेशर, शुगर, हेमोगोब्नी इत्यादि का हेल्थ चेकअप किया गया और उनके बीच आवश्यकतानुसार दवा का वितरण किया गया। मेडिकल कैंप में अपना हेल्थ चेकअप कराने आये मतदाताओं ने सेल्फी प्वाइंट पर सेल्फी ली और जिलेवासियों से 20 मई को मतदान करने की अपील किये। चिकित्सकों द्वारा नैतिक मतदान करने का शपथ दिलाया गया।

## वोटर इंफोर्मेशन स्लिप के शत-प्रतिशत वितरण का निर्देश



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** लोकसभा आम निर्वाचन के निमित 05 कोडरमा लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत स्वच्छ निष्पक्ष और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने में मतदाता जागरूकता से संबंधित कई कार्य किये जा रहे है। शत-प्रतिशत मतदान कराने को लेकर बूथ लेवल अधिकारी द्वारा घर-घर जाकर मतदाताओं के बीच वोटर इंफोर्मेशन स्लिप का वितरण किया जा रहा है और मतदाताओं को 20 मई को अपने अपने घरों से निकल कर मताधिकार का प्रयोग करते हुए नैतिक मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। इसी क्रम में सहायक निवार्ची पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी रिया सिंह ने डोमचांच और कोडरमा प्रखंड के विभिन्न मतदान केंद्रों पर बीएलओ द्वारा वितरित किये गये वोटर इंफोर्मेशन स्लिप का सत्यापन किया। साथ ही अपसेंट, शिफ्टेड और डेथ मतदाताओं का सूची से सत्यापन किया। सहायक निवार्ची पदाधिकारी ने सभी बीएलओ को निर्देश दिये की सभी मतदाताओं के बीच वोटर इंफोर्मेशन स्लिप का शत-प्रतिशत वितरण करना सुनिश्चित करेंगे।

## नीरा यादव का जनसंपर्क अभियान




**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** कोडरमा विधायक डा नीरा यादव ने शुक्रवार को जनसंपर्क के दौरान सुदरवर्ती पंचायत डगरनवा के परसाबाद, नवडीहा, पतरुनिया, बेको, डगरनवा, आरेया, काटियो इत्यादि गांवो का भ्रमण कर मतदाताओं से मिलकर कोडरमा के लोक सभा प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी के पक्ष में मतदान करने की अपील करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने का आग्रह की। मौके पर मरकच्चो मंडल अध्यक्ष विजय यादव, जिला महामंत्री राजकुमार यादव, वरिष्ठ नेता बेदु साव, प्रखंड महामंत्री पवन कुमार सिंह,सकलदेव सिंह, रामचंद्र राणा, देवकी ठाकुर, यमुना यादव, लखन पासवान, बालो यादव, उमेश यादव, नकुल यादव, प्रकाश यादव, किशोर मुर्मू, सुरेश मुर्मू, मुंशी टुडू, महावीर यादव, सकलदेव यादव, दिलीप यादव, मुकेश यादव, बालो यादव मौजूद थे।

## पासवा ने स्कूल खोले जाने पर आभार जताया

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** प्राइवेट स्कूल्स एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन कोडरमा ने झारखण्ड में गर्मी के उपरांत बंद किये गये स्कूलों को पुन: खोलने के लिए मुख्यमंत्री चंपई सोरेन, राष्ट्रीय अध्यक्ष शमायल अहमद और कोडरमा उपयुक्त को धन्यवाद दिया। जिला अध्यक्ष डॉ बीएनपी बर्णवाल बताया कि संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने नये सत्र के पाठ्यक्रम और बच्चों को ग्रीष्म अवकाश कार्य देने हेतु मुख्यमंत्री से जो निहाल बच्चों के उज्जवल भविष्य और शिक्षा बाधित न हो इसके लिए आग्रह किया था।संगठन द्वारा इस प्रयास पर सफल होने के उपरांत एसोसिएशन के कार्यकारी अध्यक्ष मोहम्मद उस्मान, उपाध्यक्ष अरविंद कुमार, महासचिव मसूद कच्ची, सचिव तौफीक हुसैन, संयुक्त सचिव कैलाश कुमार, कोषाध्यक्ष आलोक विपिन टोप्पो, मीडिया प्रभारी मुजाहिदुल इस्लाम, अमीन अंसारी कार्यकारिणी सदस्य अध्यक्ष डॉ बीएनपी बर्णवाल, जय वर्मा, प्रवीण प्रकाश सिंह, मजीद आलम विद्या गौतम, फराह फतेमी सैयद अंसारुल्लाह, रमन झा, प्रमोद कुमार, सुभाजित अधिकारी, मुमताज आलम, रणधीर कौशिक, मो हफीज, मुन्ना सिंह गयासुद्दीन अंसारी विशेष कर कोडरमा जिले से ओम प्रकाश राय, दिलीप कुमार यादव, प्रवीण मोदी, दीपक कुमार, आरिफ अंसारी, मकसूद आलम, अनिल कुमार, अभय कुमार, नीलकंठ बर्णवाल रंजीत पांडे, सुनीता पांडे, हुजैफा खान, रश्मि बर्णवाल, हिना कौसर, मुस्ताक आलम, शीतल शर्मा, अब्दुल रहमान, भुवनेश्वर कुमार, सिकंदर यादव के साथ-साथ संगठन के सभी पदाधिकारी और सदस्यों ने पुन: राज्य में शिक्षा व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित करने, स्कूलों को खोलने हेतु आभार जताया है।

## राजकुमार कुशवाहा गांव-गांव घूम मांग रहे वोट



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** हजारीबाग संसदीय लोकसभा सीट से झारखंड पार्टी के उम्मीदवार राजकुमार उर्फ बब्लू कुशवाहा ने सदर और कटकम दाग प्रखंड में शुक्रवार को चुनावी जनसंपर्क अभियान चला कर लोगों से समर्थन की अपील करते हुए कहा कि आप सभी के समर्थन और आशीर्वाद से ही हमारी जीत संभव है। क्योंकि जनता जनार्दन होती है जनता के हाथों में ही किसी भी उम्मीदवार का फैसला होता है। हजारीबाग लोकसभा संसदीय क्षेत्र की जनता आज यह भली-भांति जान चुकी है कि राष्ट्रीय पार्टियों छलावा के सिवा कुछ और नहीं। हर लोकसभा और विधानसभा चुनाव में राष्ट्रीय पार्टियों के प्रत्याशी बड़े-बड़े चुनावी वादे कर जनता को लुभाने का काम करते हैं और जनता भी अक्सर इनके बहकावे में आकर इन्हें वोट करते है। आज राष्ट्रीय पार्टियों को चुनकर हजारीबाग की जनता अपने आप को ठगा हुआ महसूस कर रही है उन्होंने चुनावी जनसंपर्क अभियान के दौरान लोगों से कहा कि हमने लोकसभा क्षेत्र के सुदुरवर्ती गांव तक गये हैं और वहां की कैसी स्थिति है इसको देखकर ही लगता है कि हजारीबाग की जनता के साथ कितना बड़ा धोखा हुआ है। इस मौके पर जिला अध्यक्ष सूरज कुमार कुशवाहा, जिला संयोजक नारायण प्रसाद, सचिव मोहम्मद हसन (बाबू) योगेंद्र प्रसाद, अनिल कुमार आदि शामिल थे।

### हजारीबाग लोकसभा स्तरीय मीडिया सेंटर का हुआ उद्घाटन

# पिछड़ों का आरक्षण काटकर मुस्लिमों को किसी कीमत पर देने नहीं देंगे: प्रतुल

**हजारीबाग लोकसभा चुनाव में सबसे ज्यादा वोट से चुनाव जीतने का बनेगा रिकॉर्ड**



आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** हजारीबाग लक्ष्मी सिनेमा कैंपस में भारतीय जनता पार्टी का लोकसभा स्तरीय मीडिया सेंटर का उद्घाटन प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव, ज़िलाध्यक्ष विवेकानंद सिंह, लोकसभा के संयोजक टुन्नू गोप, पूर्व प्रदेश मीडिया सह प्रभारी रंजीत चंद्रवंशी और जिला मीडिया प्रभारी जयनारायण प्रसाद ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। इस दौरान मीडिया को संबोधित करते हुए प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कांग्रेस की नीतियों पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस तुष्टिकरण की राजनीति कर रही है जबकि भारतीय जनता पार्टी विकास की बात करती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के कार्यकाल में पाकिस्तान की सैनिक हमारे जवानों का सर काट कर ले जाती थी और कांग्रेस सरकार चुपचाप बैठे रहती थी किंतु मोदी सरकार में पाकिस्तान कटोरा लेकर भीख मांगने को मजबूर है। उन्होंने कहा की कांग्रेस दोहरी राजनीति करती है अब देश में एक विधान एक निशान चलेगा। उन्होंने कहा कि देश में विकास की गति को तेज करने के लिए वन नेशन वन इलेक्शन भी लागू होगा। डीबीटी के माध्यम से लाभूकों को पैसे ट्रांसफर हो रहे हैं जबकि राजीव गांधी ने खुद कहा था कि लाभूकों को 15 फीसदी ही राशि पहुंचता है जबकि 85 फीसदी बिचौलिये खा जाते हैं।

उन्होंने कहा कि मोदी सरकार में 80 करोड़ को अन्न कल्याण योजना का लाभ मिल रहा है। किसानों को किसान सम्मान निधि के तहत छह हजार मिल रहा है, उज्वला योजना का लाभ मिल रहा है। तीस करोड़ से ज्यादा को आयुष्मान योजना का लाभ किंतु हेमंत सरकार की लापरवाही का नुकसान झारखंड वासियों को झेलना पड़ा है। आदिवासी समाज के आदिम जनजाति समूह के लिए 20000 करोड़ कोर्पस फण्ड की व्यवस्था की गयी। संथाली भाषा को आठवीं अनुसूची में शामिल किया गया। भगवान बिरसा मुंडा के जन्मदिवस को जनजातीय गौरव दिवस का रूप दिया।

जबकि हेमंत सरकार पर सत्तर हजार करोड़ के घोटाले का आरोप है। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज का भला तो हेमंत सरकार ने नहीं किया किंतु अपने परिवार के लोगों का पूरा खयाल रखा। अपने लोगों को गलत तरीके से खनिज खदानों का आवंटन किया। उन्होंने कहा कि चंपई सरकार भी हेमंत सरकार की पार्ट टू साबित हो रही है। उन्होंने कहा कि झारखंड के सभी 14 सीट पर भाजपा की जीत सुनिश्चित है जबकि हजारीबाग लोकसभा चुनाव में सबसे ज्यादा मार्जिन से जीतने का रिकॉर्ड बनायेगा। उन्होंने पिछड़ों के आरक्षण पर बोलते हुए कहा कि आरक्षण लागू होने के दौरान राजीव गांधी ने लोक सभा में 1990 में पिछड़ों के आरक्षण का विरोध किया था। कांग्रेस की केंद्र की सरकारों ने दस वर्ष तक मंडल कमीशन की रिपोर्ट को दबा कर रखा था। भारतीय जनता पार्टी ने पिछड़ी आयोग को मान्यता दी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस मुस्लिमों को पिछड़ों का आरक्षण देना चाहती है। लेकिन भारतीय जनता पार्टी किसी भी हाल में पिछड़ों का हक मारने नहीं देगी। पिछड़ों का आरक्षण काटकर मुस्लिमों को देने नहीं देगी। भाजपा धार्मिक आधार पर आरक्षण के सख्त खिलाफ है। इंडी गठ बंधन के लिए अल्पसंख्यक का अर्थ सिर्फ मुसलमान है इसीलिए इन्होंने सीएए का विरोध किया।तत्कालीन प्रधानमन्त्री मनमोहन सिंह ने कहा था की देश की संपदा पर पहला हक मुसलमानों का है। भाजपा ये नहीं होने देगी। प्रेस वार्ता के दौरान भाजपा नेता मनमित अकेला और जुगनू सिंह, विवेक जोशी भी उपस्थित रहें।

## फोन झपट कर भाग रहे दो व्यक्ति गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** फोन झपट कर भाग रहे दो व्यक्ति को कोर्रा पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से धर दबोचा। कोर्रा थाना प्रभारी शमशेर बहादुर ने बताया की सूचना मिली की दो व्यक्ति एक मोटरसाईकिल पर सवार होकर फोन झपटकर भाग रहें है, जानकारी पर त्वरित कार्रवाई करते हुए आसपास के व्यक्तियों के मदद से मोटरसाईकिल सवार दोनो व्यक्तियों को धर दबोचा गया। उनके पास से छिनतई किया हुआ 1 मोबाइल और अन्य 2 मोबाइल को विधिवत बरामद करते हुए घटना में प्रयुक्त मोटरसाईकिल को जब्त किया गया तथा उनके निशानदेही पर ही 3 अन्य मोबाइल की बरामदगी की गयी। पकडाए दोनों व्यक्तियों के विरुद्ध कोर्रा थाना कांड संख्या 71/24 के तहत अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया। हिरो पैशन मोटरसाईकिल और 6पीस मोबाइल गिरफ्तार अभियुक्त चंदन कुमार पिता महेश कुमार, बंटी कुमार उर्फ कैलाश कुमार पिता महादेव साव।

## हाथियों के झुंड ने घर को किया क्षतिग्रस्त

आजाद सिपाही संवाददाता

**चरही।** चुरचू प्रखंड चनारो पंचायत चीची खुर्द कानाबांध में बीते 09 मई के देर रात्रि लगभग लगभग 11 बजे रात बुधन सोरेन पिता मोतीलाल सोरेन का घर को पूर्ण रूप से छतिग्रस्त किया व घर में रखे 6 क्विंटल चावल, 50 किलो गेंहू, 80 किलो मंडुवा, दो क्विंटल आलू और अन्य सामग्री खा गये। जानकारी के अनुसार रात्रि को 29 जंगली हाथियों का झुंड बागजोबरा जंगल होते हुए कानाबंद गांव आ पहुंचे। जंगली हाथियों का झुंड गांव पहुंचते ही गांव में अफरी-तफरी मच गयी। रात्र भर कानाबाद में उत्पाद मचाने के बाद 4 बजे पहले सुबह जंगली हाथियों का झुंड झुमरी, लारा होते हुए खुरंडीह गांव पहुंचे। जिससे खुरंडीह गांव के किसान महेंद्र मेहता के दो एक खेत में लगे तरबूजा की खेती को नष्ट कर दिय। खुरंडीह गांव में उत्पाद मचाने के बाद जंगली हाथियों का झुंड खुरंडीह जंगल मे जमे हुए है जंगली हाथियों द्वारा उत्पाद मचाने के बाद झारखंड ट्रस्ट के अध्यक्ष आनंद सोरेन ने पीड़ित परिवार के राहत के लिए 25 किलो चावल उपलब्ध करवाया गया।

## बरकट्ठा में घर से लाखों रुपये की चोरी

**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)। गोरहर थाना क्षेत्र के नावाडीह गांव के एक घर में लाखों रूपये की चोरी हो जाने का मामला सामने आया है। इस बाबत नावाडीह निवासी दिनेश पांडेय ने गोरहर थाना में लिखित आवेदन दिया। आवेदन में लिखा कि मैं 4 मई को अपने बेटा से मिलने बोकारो गये थे, इसी दौरान अज्ञात चोरों के द्वारा 7 मई को मेरे घर से 47000 रूपये नगद, लगभग सात-आठ लाख रुपये का जेवर समेत कई जरूरी समान और सीसीटीवी कैमरा और उसका हार्ड डिस्क चोरी कर लिया। गोरहर पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।**

## लापता युवक का शव कुएं से बरामद

**परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप**

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** जिले के कटकमदाग थाना क्षेत्र अंतर्गत सुलताना निवासी मो तसरीफ का पुत्र पिछले पांच दिनों से लापता था, जिसका शव पंचायत क्षेत्र के सलगा गांव मे डिपो के निकट कुएं से बरामद किया गया। बीते चार मई को अपने पुत्र के लापता होने की तथा उसके अपहरण होने की सुचना मृतक के पिता के द्वारा कटकमदाग थाना को दी गयी थी। पुलिस के द्वारा जांच शुरू किया गया और परिजनों के द्वारा दिये गये आवेदन के आधार पर कुछ लोगों से पुछताछ भी की गयी थी। शुक्रवार को लापता युवक का शव बरामद किया गया।

मृतक के पिता ने ग्राम करमाही, थाना केरेडारी निवासी सहित तीन अन्य लोगों पर अपहरण कर हत्या करने का आरोप लगाया है। वही मौके पर पहुंच कर कटकमदाग पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज हजारीबाग भेजा तथा पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। कटकमदाग थाना प्रभारी पंकज कुमार ने बताया की शव को परिजनों को सौंप दिया गया है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों का पता चल पायेगा। पुलिस के द्वारा कुछ लोगों से पुछताछ की जा रही है और आगे की जांच जारी है। उन्होंने कहा की जो भी दोषी होगा उसपर कड़ी कार्रवाई की जायेगी। मृतक के परिजनों के द्वारा गहनता से जांच कर दोषियों को सजा दिलाने की मांग पुलिस से की है।

## आइसेक्ट विवि के छात्रों को कराया गया शैक्षणिक भ्रमण

**शैक्षणिक भ्रमण व्यवहारिक ज्ञान की अहम कड़ी : डॉ मुनीष गोविंद**




आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** आइसेक्ट विश्वविद्यालय के वाणिज्य और प्रबंधन विभाग की ओर से विद्यार्थियों को दामोदर घाटी निगम के चंद्रपूरा ताप विद्युत केंद्र का भ्रमण कराया गया, जहां विद्यार्थियों ने फाइनेंस, प्रोडक्शन, ह्यूमन रिसोर्स सहित अन्य महत्वपूर्ण जानकारियां हासिल की। साथ ही सीटीपीएस के अधिकारियों की ओर से प्रशिक्षण सत्र का आयोजन कर खासकर प्रबंधन के छात्रों को पूरे कार्य प्रणाली की जानकारी दी गयी। इसके बाद विद्यार्थियों को पूरे पावर प्लांट का भ्रमण कराकर उनकी बारीकियों से अवगत कराया गया। शैक्षणिक भ्रमण को आइसेक्ट विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने कहा कि शैक्षणिक भ्रमण भी पाठ्यक्रम का एक हिस्सा है। उन्होंने कहा कि शैक्षणिक भ्रमण के माध्यम से विद्यार्थियों को व्यवहारिक ज्ञान भी होता है, जो उनके सोचने-समझने की क्षमता को भी विकसित करता है। वहीं विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पीके नायक ने कहा कि विवि में अध्ययनरत सभी विद्यार्थियों को प्रत्येक वर्ष में कम से कम एक से दो बार अलग अलग समय पर संबंधित विषयों को आधार बनाकर शैक्षणिक भ्रमण कराया जाता है। उन्होंने कहा कि ऐसे भ्रमण विद्यार्थियों के समावेशी विकास में मददगार साबित होता है। प्रबंधन विभाग के डीन डॉ एसआर रथ व विभागाध्यक्ष रितेश कुमार ने बताया कि एमबीए और बीबीए में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को इस भ्रमण का अधिक लाभ मिलेगा। शैक्षणिक भ्रमण को सफल बनाने में वाणिज्य और प्रबंधन विभाग के डॉ विनीता, पूजा सिंह सहित अन्य की भूमिका महत्वपूर्ण रही। डॉ विनीता ने डीवीसी के प्रोजेक्ट हेड मनोज ठाकुर, असिस्टेंट मैनेजर मनमोहन सिंह, अभिषेक घटक, सिनियर मैनेजर ललन प्रसाद गुप्ता, एचआर रबिन्द्र कुमार, प्रबंधक शैलेन्द्र कुमार समेत दामोदर घाटी निगम के चंद्रपूरा ताप विद्युत केंद्र के सभी अधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया है।

## झामुमो का कार्यकर्ता सम्मेलन संपन्न



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** जिले के इचाक प्रखंड के पुराना काली मंडा परिसर में शुक्रवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन हुआ। जिसमें बरकट्ठा विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता एक मंच पर एकजुट होकर गठबंधन के प्रत्याशी विनोद सिंह को भारी मतों से विजई बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता निर्मल कुमार मेहता और संचालन इंद्रदेव मेहता ने किया। इस दौरान मुख्य अतिथि झामूमो केंद्रीय सचिव संजीव कुमार बेदिया और विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव उपस्थित हुए। कहा कि कोडरमा लोकसभा की जनता इस बार इतिहास रचने जा रही है। जिसके लिए झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने कमर कस लिया है। विनोद सिंह की ऐतिहासिक जीत के लिए झामूमों कार्यकर्ताओं ने प्रतिबद्ध होकर आगामी 20 मई को तीन तारा पर बटन दबाने के लिए घर घर जाकर जनसंपर्क कर रही है। झामुमो का मुखर चेहरा हेमंत सोरेन को भाजपा राजनीतिक साजिश के तहत झूठे आरोप में जेल भेज कर पार्टी को कमजोर करने की नाकाम कोशिश की है, जिसको जनता भली भांति पहचान चुकी है। इस बार कोडरमा लोकसभा से इंडिया गठबंधन प्रत्याशी विनोद सिंह के लिए कार्यकर्ता तन मन से समर्पित है। झारखंड के अस्तित्व को बचाने के लिए भारी संख्या में लोग पार्टी से जुड़ रहे हैं। जिसका नतीजा लोक सभा चुनाव परिणाम में देखने को मिलेगा। कार्यक्रम को मुखिया संघ के जिला अध्यक्ष रंजीत कुमार मेहता, प्रयाग मेहता, शेख तय्यब, प्यारी देवी, महेंद्र राम, मुन्ना भाई पटेल, सुनील शर्मा, मो यासीन, दयानंद मेहता, आलोक सिंह, बासुदेव महतो समेत कई कार्यकर्ताओं ने संबोधित किया। मौके पर उमेश गुप्ता, मुन्ना मलिक, दिनेश मेहता, रामचंद्र मेहता, मनोज मेहता समेत कई लोग मौजूद थे।

## 'कांग्रेस हमेशा गरीबों के हित में काम करती है, लोगों में इसबर बदलाव की चाहत है'




**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** कांग्रेस नेता मुन्ना सिंह ने कटकमदाग प्रखंड में जनसंपर्क चलाया। उन्होंने अडरा पंचायत के चींचीं, अड़रा, बेंदी, उदयपुर जैसे गांवों में सभा आयोजित की। इस अभियान में लोकसभा प्रत्याशी जेपी भाई पटेल के समर्थन में जनसंपर्क अभियान चलाया गया। श्री सिंह ने लोगों की समस्याओं को सुना साथ ही उन्होंने कांग्रेस के घोषणा पत्र के बारे में लोगों को जानकारी दी। उन्होंने कांग्रेस की उपलब्धियों को भी बताया। इस जनसंपर्क अभियान में लोगों की कांग्रेस पार्टी के प्रति सहयोग की भावना दिखी। साफ होता है कि लोगों में इस बार बदलाव की चाहत है। मुन्ना सिंह ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने हमेशा से गरीबों और असहाय वर्ग के हित में काम किया है और उनका लक्ष्य है कि समाज के हर वर्ग को समृद्धि और समानता की दिशा में आगे बढ़ाया जाये। इस समय, जनता की आस्था और विश्वास को मजबूत करने के लिए यह जरूरी है कि हम एक संवेदनशील और समर्थनशील सरकार का चयन करें, जो सभी वर्गों के हित में काम करती है। इस दिशा में जेपी भाई पटेल जैसे युवा नेताओं को समर्थन देना हमारी जिम्मेदारी है। मौके पर कांग्रेस के कटकम दाग प्रखंड अध्यक्ष गोवर्धन गंझु, शारदा रंजन दूबे, बुधन राम, अडरा पंचायत के मुखिया विजय राम, उपेंद्र कुशवाहा, प्रमोद कुमार साव, अजय कुमार, अदित्य कुमार, रंजीत यादव, दिनेश यादव, सुजीत सिंह, सचिन कुमार राणा, विक्की कुमार धान, चींचीं गांव के धनेश्वर भोक्ता, गोपाल गंझु, लिलु राम, बैजनाथ कुमार भोक्ता, कृष्ण कुमार भोक्ता, मुकेश कुमार भोक्ता, जगदीश गंझु राजेश कुमार राम समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## बड़कागांव में होम वोटिंग संपन्न



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** चुनाव आयोग के निर्देशानुसार बड़कागांव प्रखंड में सहायक निर्वाचन और निबंधन पदाधिकारी सह सीओ बालेश्वर राम और प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार मंडल के नेतृत्व में बड़कागांव प्रखंड के हरली और जुगारा में 85 वर्ष से अधिक वृद्ध और 40प्रतिशत से अधिक दिव्यांग व्यक्तियों का होम मतदान संपन्न कराया गया। मतदान संबंधित आवश्यक कार्रवाई करते हुए मतपेटी को विधिवत जिला कोषांग भेजा गया। मतदान हरली ग्राम के बूथ नंबर 174 में दिव्यांग विशाल कुमार, जुगार ग्राम के बूथ नंबर 110 में रामदयाल महतो और 85 वर्ष से अधिक वृद्ध मतदाता कणी साव का मतदान मतदान कर्मी टीम के द्वारा करवाया गया। मतदान के दौरान विभिन्न पार्टियों से एजेंट नियुक्त किये गये जिनके समक्ष मतदान पेटी को सील किया गया। मौके पर सहायक निर्वाचन निबंधन सह अंचल अधिकारी बालेश्वर राम, प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार मंडल, थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह, के साथ-साथ सेक्टर मजिस्ट्रेट विशाल कुमार, दयानंद राम, माइक्रो आब्जर्वर सावन उराव, पोलिंग पार्टी से रोहित कुमार मिश्रा, वीडियोग्राफर अमित कुमार, बीएलओ आशा रानी कुशवाहा, एसआई सिद्धनाथ कुमार, राजनीतिक दल के एजेंट ईश्वरी साव, अरविंद कुमार उपस्थित है।

## विष्णुगढ़ में इंडिया गठबंधन की बैठक



**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** इंडिया गठबंधन की बैठक गौरव पटेल के आवास में झामुमो प्रखंड अध्यक्ष कपिलदेव चौधरी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जबकि संचालन सचिव संजय प्रजापति ने किया। बैठक में इंडिया गठबंधन के हजारीबाग लोकसभा प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल की जीत सुनिश्चित करने को लेकर रणनीति बनायी गयी। मौके पर उपस्थित मांडू विधानसभा के युवा नेता गौरव पटेल ने कहा कि झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन, पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और कल्पना सोरेन के निर्देशानुनार हम सबों को इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल के पक्ष में कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर प्रचार प्रसार में तेजी लाना है। उन्होंने कहा कि देश में बेरोजगारी महंगाई लगातार बढ़ रही है, देश के गरीब मजदूर, किसान, बेरोजगार परेशान है। इस अवसर पर यशोदा देवी, नीतीश पटेल, देवीराम हेंब्रम, महताब हुसैन, मुखिया उत्तिम महतो, गंगाधर महतो, तुलसी महतो, विनोद सोरेन, दिलेर आजाद, निलेश पाठक, राणा खान, अनुराग बर्मन, महेंद्र यादव, डालेश्वर राणा, रोहित राम, रामकिशोर महतो, प्रसादी यादव, शिबू सोरेन, विसुनधारी यादव, मनौवर आलम, बबूलाल सोरेन, अनंत लाल महतो, छोटू हंसदा, इमामुल हसन, असगर अंसारी, दिलीप सिंह आदि उपस्थित थे।

## कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में रिवर साइड में ट्रेड यूनियनों की सभा

# भाजपा को हराना है, देश को बचाना है: पटेल

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**भुरकुंडा।** इंडिया गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल की लोकसभा चुनाव में जीत सुनिश्चित करने को लेकर शुक्रवार को रिवर साइड भुरकुंडा स्थित कांग्रेस कार्यालय में ट्रेड यूनियनों की सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कांग्रेस के पतरातू प्रखंड अध्यक्ष सुजीत कुमार पटेल और संचालन राजद के प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष यादव और कोफिमयू के केंद्रीय सदस्य पप्पू सिंह ने संयुक्त रूप से किया। सभा में मुख्य रूप से पूर्व केंद्रीय मंत्री यशवंत सिन्हा, विशिष्ट अतिथि इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल, बरही विधायक उमाशंकर अकेला, बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद, झामुमो के केंद्रीय सचिव संजीव कुमार बेदिया आदि मौजूद थें। मौके पर मुख्य अतिथि पूर्व केंद्रीय मंत्री यशवंत सिन्हा ने कहा कि मोदी सरकार पूंजीपतियों की सरकार है इसमें मजदूरों का कोई हित होने वाला नहीं है। भाजपा को हटाकर ही कोल इंडिया और अन्य सार्वजनिक क्षेत्र के उद्योगों को बचाया जा सकता है। उन्होंने इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल की जीत सुनिश्चित करने के लिए लोगों से भारी मतदान करने की बात कही। विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि भाजपा को भाजपा के रहते आदिवासी, मूल निवासी और गरीबो का शोषण होते रहेगा। भाजपा की सरकार केवल पूंजीपतियों की सरकार है। इसमें गरीबों का कोई भला नहीं होगा। विधायक उमाशंकर अकेला उर्फ अकेला यादव ने कहा कि जनता परिवर्त्तन का मुड बना चुकी है। निस्वार्थ भाव से कार्य करें, इंडिया गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी जयप्रकाश भाई की जीत सुनिश्चित है। झामुमो के केंद्रीय सचिव संजीव बेदिया ने कहा कि इंडिया गठबंधन के हजारीबाग लोकसभा प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल को जिताने के लिए हर संभव कदम उठाउंगा। इंडिया गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल ने कहा कि लोगों का उन्हें पूरा समर्थन मिल रहा है। गठबंधन की जीत हुई तो हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में विकास की नई गाथा लिखेंगे। सभा को राजद के प्रदेश महासचिव सह स्टार प्रचारक गिरधारी गोप, रामनरेश सिंह, अर्जुन सिंह, अनिल सिंह, आरपी सिंह चंदेल सहित दर्जनों लोगों ने भी संबोधित किया। सभा में पतरातू प्रखंड अध्यक्ष सुजीत कुमार पटेल, रामनरेश सिंह, जयप्रकाश सिंह ननकी, अमित कुमार व राजू पांडेय, बासुदेव साव, संजय वर्मा, चमन लाल, संजय यादव, अर्जुन सिंह, संजय शर्मा, प्रेमनाथ विश्वकर्मा, पप्पू सिंह, डब्लू सिंह, बासुदेव साव, मुकेश राउत, अंजू देवी, शशि श्रीवास्तव, राजेंद्र बेदिया, सुमन सिंह, जगतार सिंह, संतन सिंह, भोला कुशवाहा, मुकेश पाण्डेय, रमांकात दुबे, अरूण कुमार सिंह, साबिर अली, नरेश बड़ाईक, ललन सिंह, लक्खी राणा, विनोद कुमार, महेंद्र सिंह, दशरथ सिंह, मनोज मांझी, जगरनाथ पासवान, सुरेंद्र राम, जयंत तुरी, चंदन साव, बबिता सिंह, अमर यादव, प्रदीप साहू, अमर यादव, सहित सहित कई ट्रेड यूनियन के वरिष्ठ नेता मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# मनीष जायसवाल चुनावी जनसंपर्क में कर रहे हैं जी-तोड़ मेहनत, मिल रहा समर्थन

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**पतरातू/भुरकुंडा।** हजारीबाग लोकसभा चुनाव का दिन जैसे-जैसे नजदीक आ रहा है वैसे-वैसे प्रत्याशियों का गतिविधि भी बेहद तेज होता जा रहा है। चुनावी मैदान में हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के एनडीए समर्थित भाजपा उम्मीदवार मनीष जायसवाल पिछले 69 दिनों से निर्बाध रूप से अहले सुबह से लेकर देर रात्रि तक हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के गांव- गांव में दस्तक देते हुए लगातार तूफानी जनसंपर्क अभियान चलाते हुए जी-तोड़ मेहनत करते दिख रहें हैं। हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के अन्य प्रत्याशियों के मुकाबले भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल का मेहनत और तूफानी दौरा बहुत आगे और तेज चल रहा है। उन्होंने हजारीबाग लोक सभा क्षेत्र के विभिन्न विधानसभा क्षेत्र के करीब 1300 से अधिक गांव में जनसंवाद कर जनता से सीधे जुड़ने का काम किया। हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के मनीष जायसवाल ने पतरातू प्रखंड के कुल 14 स्थानों का तुफानी दौरा किया। जिसमें पतरातू, न्यू मार्केट पतरातू लपंगा, देवरिया, बलकुदरा, गेगदा, किन्नी मोड़, बीचा, हरिहरपुर (करघुटवा चौक), लबगा, मतकमा चौक, भुरकुंडा, सौंदा- डी, सौंदा बस्ती में सघन चुनाव प्रचार किया। और अपने पक्ष में वोट मांगा। वहीं भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल का इस क्षेत्र में भाजपा और आजसू कार्यकर्ताओं ने बाइक जत्थे के साथ गर्मजोशी से स्वागत किया। हर जगह पर स्थानीय लोगों ने भी उनका फूल माला भेंटकर स्वागत किया। मौके पर भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने कहा की आप हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के एक एक एनडीए कार्यकर्ता और जनता अपने को सिर्फ वोटर नहीं मोटीवेटर समझिए और एकजुट हो कर प्रचंड मतदान के लिए मतदाता तक पंहुचिये और आगामी 20 मई को होने वाले हजारीबाग लोकसभा चुनाव में इवीएम के क्रम संख्या 02 पर प्रचंड मतदान तक तीसरी बार मोदी सरकार बनाने का रास्ता प्रशस्त करिए। मौके पर प्रो केपी शर्मा, राधे श्याम अग्रवाल, रंजय कुमार, कुंटू बाबू, बड़कागांव विधानसभा संयोजक पंकज गुप्ता, आजसू के केंद्रीय सचिव विजय साहू सहित भाजपा और आजसू के कई कार्यकर्ता साथ रहे।

## मतदान को लेकर नुक्कड़ नाटक का आयोजन



**मांडू (आजाद सिपाही)।** स्वयं सेवी संस्था सारथी के द्वारा प्रखंड मुख्यालय मांडू परिसर में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से महिला कलाकारों ने मतदान अति महत्वपूर्ण है, एक भी मत छूटना नहीं चाहिए, वोट डालने जाना है, अपना फर्ज निभाना है। लोकतंत्र का करें सम्मान, परिवार समेत करें मतदान। जन-जन की यही पुकार है, वोट देना हमारा अधिकार है। छोड़ो अपने सारे काम, पहले चलो करो मतदान आदि का स्लोगन लेकर नाटक कर रहे थे। वहीं प्रखंड मुख्यालय में विभिन्न क्षेत्रों व दूर दराज से आये ग्रामीणों को मतदान के दिन अपने-अपने मतदान केंद्र में पहुंचकर वोट डालने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर हजारीबाग के जिला सहकारिता पदाधिकारी, बीडीओ संजय कुमार कोंगाड़ी, सीओ मोदस्सर नजर मंसूरी, सीआई उमेश्वर यादव, सहायक नीलू कुमारी, ज्ञानी प्रताप भारती, विनीता सिंह, सूरज कुमार, पंचायत सचिव सुमित कुमार, चांदनी कुमारी, चंद्रकांता कुमारी, नेहा कुमारी, अमित कुमार, बैजनाथ कुमार, बैजनाथ विश्वकर्मा, शेखर कुमार, जानकी देव नायक समेत प्रखंड और अंचल के सभी कर्मी मौजुद थे।

## तूफान ने मचाया कहर, कई घरों की छत उजड़ी

**प्रतापपुर/ चतरा(आजाद सिपाही)।** बीती रात को तेज आंधी तूफान ने कहर मचाते हुए कई घर के अल्बेस्टर का छत उजाड़ दिया। इस तूफान में प्रखंड क्षेत्र के भरही गांव निवासी संजय भारती, पिता अर्जुन भारती, तुम्बिया गांव निवासी रवि भारती पिता रघु भारती, मोहन भारती पिता सोहन भारती सहित कई लोगों का घर पर लगे अल्बेस्टर का छत तेज आंधी में उड़ गया। जिससे गरीब परिवारों को काफी क्षति हो गयी। वही लाचार और गरीब परिवार के लोग बेघर हो गये। भुक्तभोगी ग्रामीणों का कहना है की हमलोग का मिट्टी का कच्चा मकान था जिसमें हमलोग पूरे परिवार रहते थे। लेकिन इस गांव में आयी अचानक आंधी तूफान आने से सभी का घर का छत उड़ा दिया। जिससे हमलोग पूरा परिवार बेघर हो गये है। उन्होंने प्रशासन को लिखित आवेदन देते हुए उचित मुआवजे की मांग किया है। इसकी जानकारी देते हुए भरही पंचायत के मुखिया पति रंजित यादव ने बताया भुक्तभोगी को आपदा प्रबंधन विभाग से उचित मुआवजे दिलाने में मदद किया जायेगा।

# रेलवे पुलिस ने लूट का चावल किया बरामद, चार को भेजा जेल

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**कुजू।** रेलवे सुरक्षा बल ने हजारीबाग से बरकाकाना रेल खंड पर कुजू स्टेशन के निकट बरवाटांड़ में खड़े माल गाड़ी की बोगियो से चावल लूट के मामले का उदभेदन किया। इस संबंध में आरपीएफ ने पास के गांव में अलग-अलग आवासों से छापामारी कर 50 से 60 बोरी चावल बरामद किया है। साथ ही, चार लोगों को गिरफ्तार कर मामला दर्ज करते हुए डाल्टनगंज रेलवे जेल भेज दिया। जानकारी के अनुसार, गत 8 मई की दोपहर बरवाटांड़ स्थित कुजू स्टेशन के होम सिग्नल के निकट चावल लोडकर जा रहे ट्रेन का इंजन में खराबी आने के कारण ट्रेन को कुछ देर के लिए वहां रोकना पड़ा। पास के गांव के लोगों को इसकी भनक मिलते ही दो बोगियों को खोलकर करीब 115 बोरा चावल लूटकर ग्रामीण फरार हो गये। घटना की जानकारी मिलते ही आरपीएफ मौके पर पहुंच कर छापामारी अभियान चलाया। जहां निरीक्षक प्रभारी एके सिंह के नेतृत्व में टीम ने बरवाटांड़ और सरैयाटांड़ में विभिन्न घरों से लगभग 60 बोरा चावल को बरामद किया। साथ ही, बरवाटांड़ सैरयाटांड़ निवासी गोरख रजवार, बरवाटांड़ निवासी पच्चू रजवार, भुषण रजवार, सोधन रजवार को गिरफ्तार किया। इसके बाद उन पर ट्रेन में लूटपाट करने का मामला दर्ज करते हुए डालटनगंज स्थित न्यायिक हिरासत भेजा दिया। इस मामले में 9 नामजद ग्रामीण व करीब 50 अज्ञात लोगों के खिलाफ भी मामला दर्ज किया गया है। अभियान में उप निरीक्षक रंजय कुमार, सउनि सुधीर कुमार सिंह, आरक्षी अजीत कुमार, वीके पाठक आदि शामिल रहे।

# पीएम की आज की सभा ऐतिहासिक होगी: कालीचरण

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**चतरा।** चतरा लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह अपने संसदीय क्षेत्र में लगातार जनसंपर्क अभियान कर लोगों से भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील कर रहे हैं। उनके स्वागत में और उनको सुनने लोगों की काफी भीड़ लग रही है। इसी क्रम में कालीचरण सिंह ने आज 10 में को बालूमाथ प्रखंड के बड़का, नगड़, शेरेगड़, चमातू, आरा, फुलबसिया, कारीमाटी, गणेशपूर, भगिया, केरी, सरदम टोला, शांति गांव में जनसंपर्क कर चतरा क्षेत्र के विकास के लिए चतरा में भारी बहुमत से भाजपा को विजय दिलाने की अपील किया। भाजपा प्रत्याशी के जनसंपर्क कार्यक्रम में प्रदेश कार्य समिति सदस्य प्रेम साव, चुनाव प्रभारी अर्जुन साव, मंडल अध्यक्ष, लक्ष्मण कुशवाहा, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष उमेश सिंह, सूरज साव और राजेंद्र साव, मुखिया विमला देवी, जिला अध्यक्ष उमेश सिंह, रोमेंद्र प्रसाद, प्रदीप यादव, लक्ष्मण प्रसाद कुशवाहा, राम गुप्ता, गिरधारी यादव, त्रिवेणी साव, रूपा देवी और रूबी देवी, मुखिया सुरेंद्र उरांव, प्रखंड महामंत्री विजय यादव, महेंद्र यादव और विजय कुमार गुप्ता, जिला कार्य समिति सदस्य सत्यनारायण साव, मुखिया परमेश्वर उरांव, त्रिवेणी साव, दामोदर साव, विजय यादव और विजय साव सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए। जनसंपर्क के दौरान भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनकल्याणकारी योजनाओं और नीतियों के बारे में जनता को अवगत कराया। जनसंपर्क के दौरान भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह ने कहा है कि कल 11 मई को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का चतरा की धरती पर आगमन हो रहा है उनका स्वागत करने और चतरा संसदीय क्षेत्र की जनता उन्हें सुनने को उत्साहित हैं कभाजपा प्रत्याशी श्री सिंह ने कहा है कि प्रधानमंत्री की यह सभा ऐतिहासिक और लोगों के लिए अविस्मरणीय होगी।



### कालीचरण सिंह ने झंडी दिखा कर चुनाव प्रचार रथ को किया रवाना

**भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह ने अपने आवासीय कार्यालय से चुनाव प्रचार के लिए चुनाव प्रचार वाहन को झंडी दिखाकर रवाना किया। यह प्रचार वाहन चतरा लोकसभा के पांचों विधानसभा में जाकर मोदी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के साथ-साथ क्षेत्र के लोगों से भाजपा को विजय दिलाने के लिए भाजपा को कमल छाप पर वोट देने की अपील करेगा।**

## बाइक से जा रहे दंपति को ट्रक ने रौंदा पत्नी की मौत, पति घायल

**चतरा (आजाद सिपाही)।** सिमरिया मुख्य पथ पर स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय के समीप शुक्रवार को ट्रक और बाइक की सीधी टक्कर में एक महिला की मौत हो गयी। जबकि मृतका का पति गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की मदद से घायल को एंबुलेंस के जरिये सदर अस्पताल भेज दिया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। मृतका ममता देवी और घायल राजेंद्र भुइयां टंडवा प्रखंड के सिसई पंचायत के कबरा गांव के रहने वाले है। स्वजनों के मुताबिक शादी के सालगिरह के मौके पर दोनों दंपत्ति एक बाइक पर सवार होकर इटखोरी स्थित मां भद्रकाली मंदिर पूजा अर्चना करने जा रहे थे। नवोदय विद्यालय के समीप चतरा की ओर से तेज रफ्तार से जा रही एक ट्रक बाइक को रौंदता हुआ फरार हो गया। इस घटना में महिला की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। जबकि बाइक चालक राजेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गया। इधर घटना की जानकारी मिलते ही सदर बीडीओ हरिनाथ महतो पुलिस दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर घटना की जानकारी लिया और मृतका के आश्रितों को सरकार द्वारा दिया जाने वाला मुआवजा देने का आश्वासन दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा कि दुर्घटना में शामिल ट्रक को जल्द ही बरामद कर लिया जायेगा।

## अंतरराष्ट्रीय ब्राह्मण महासंघ ने धूम-धाम से मनायी भगवान परशुराम की जयंती



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** अंतरराष्ट्रीय ब्राह्मण महासंघ के तत्वावधान में शुक्रवार को शंहर के झंडा चौक स्थित प्राचीन महावीर मंदिर स्थित आभा भवन में धूमधाम से अराध्य भगवान परशुराम की जयंती मनायी गयी। जयंती समारोह के आयोजन से पूर्व महासंघ के सदस्यों ने विधिवत भगवान परशुराम की पूजा-अर्चना की। जिसमें पंडित सूरज पाठक ने विधिवत अंतरराष्ट्रीय ब्राह्मण महासंघ के महासचिव सनुज पांडेय और उनकी पत्नी सुष्मा पांडेय को पूजा कराया। पूजा अर्चना के बाद जयंती समारोह का शुभारंभ संघ के जिलाध्यक्ष नीरज झा और कार्यकारी अध्यक्ष सतीश पाठक ने दीप जलाकर किया। जयंती समारोह में मुख्य रूप से प्रदेश प्रभारी देवचरण पांडेय ने लोगों को अपने संबोधन में कहा कि परशुराम भगवान विष्णु के छठे अवतार थे। धार्मिक ग्रंथों के अनुसार, भगवान परशुराम का जन्म अक्षय तृतीया के दिन हुआ था। इसलिए इनकी शक्ति कभी क्षय नहीं हो सकती। बल्कि भगवान परशुराम की शक्ति अक्षय थी। जयंती समारोह मे वक्तओं के संबोधन के बाद प्रसाद वितरण भी किया गया। वहीं अंतर्राष्ट्रीय ब्राह्मण महासंघ के सदस्यों ने संयुक्त रूप से प्रसाद भी ग्रहण किया। मौके पर मनोज मिश्रा, शांतनु मिश्रा, पंकज मिश्रा, वसुध तिवारी, दिनेश पाठक, जयप्रकाश पांडेय, कमलनाथ चौधरी, महिला जिलाध्यक्ष पूनम शर्मा, रिमझिम पांडेय, मनीषा तिवारी, नवीन मिश्रा राकेश पांडेय, मुकेश पांडेय, विकास मिश्रा, सुरेश गणक सहित अंतर्राष्ट्रीय ब्राह्मण महासंघ के कई सदस्य शामिल थे।

## बिरहोर कॉलोनी के लोगों ने किया वोट का बहिष्कार



**बरकाकाना (आजाद सिपाही)।** रामगढ़ पतरातू मुख्य मार्ग हेहल से बिरहोर कॉलोनी जाने का रास्ता कुछ लोगो द्वारा काट दिया गया है, जिसके कारण बिरहोर कॉलोनी के बिरहोर एवम मल्हारो को कई प्रकार की कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इसी संदर्भ में बिरहोर कॉलोनी निवासियों ने विरोध प्रदर्शन कर वोट का बहिष्कार किया है। लोगों ने बताया प्रशासन के साथ-साथ जनप्रतिनिधियों को भी हमारी सुविधाओं का ख्याल नही है इसलिए हमलोग भी अपना नैतिकता के आधार पर वोट का बहिष्कार कर अपना विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। बताते चलें की बीते कई वर्षो से बिरहोर कॉलोनी में रहने वाले बिरहोर और मल्हार उस रास्ते का इस्तेमाल करते आ रहे हैं। स्थानीय लोगों के द्वारा रास्ते को काट दिया गया है, जिसकी सुध जल्द से जल्द जिला प्रशासन को लेनी चाहिए।रास्ते काटे जाने से बिरहोर कॉलोनी के निवासी आपातकालीन स्थिति के लिए काफी चिंतित है। चुनाव के समय लोगो द्वारा वोट का बहिष्कार किया जाना किसी भी जनप्रतिनिधियों के भविष्य लिए चिंता का विषय है।

# एक किलो ब्राउन शुगर के साथ दस गिरफ्तार



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**चतरा।** जिला पुलिस ने ब्राउन शुगर के साथ 10 तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गिरफ्तार तस्करों के पास से 106.74 ग्राम ब्राउन शुगर और दो ज़िन्दा कारतूस जब्त किया गया है। पूछताछ के बाद गिरफ्तार तस्करों सिमरिया थाना क्षेत्र के केवटा गांव निवासी प्रमोद सिंह का पुत्र अमित कुमार सिंह, शहर के रहमत चौक निवासी अब्दुल जब्बार का पुत्र मो शैप, कठौतिया इस्लामनगर निवासी स्वर्गीय इमाम का पुत्र मो शहजाद, राजा तालाब मोहल्ला निवासी अशोक कुमार का पुत्र अमर कुमार, अशोक नगर मोहल्ला निवासी स्वर्गीय शमीम का पुत्र मासूम हैदर, धंगरटोली मोहल्ला निवासी रामेश्वर तिवारी का पुत्र कौशल किशोर, गिद्धौर प्रखंड मुख्यालय निवासी मथुरा दांगी का पुत्र पकंज दांगी, सदर थाना क्षेत्र के हफुआ टिकुलिया गांव निवासी शंकर दयाल सिंह का पुत्र संदीप कुमार सिंह, टंडवा थाना क्षेत्र के सोपारण गांव निवासी अंबिका दास का पुत्र कृष्णा दास और पलामू जिला के पांकी चंदरपुर गांव निवासी सुदामा सिंह का पुत्र नकुल कुमार सिंह को जेल भेज दिया गया। सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संदीप सुमन ने शुक्रवार को बताया कि पुलिस अधीक्षक विकास पांडेय को गुप्त सूचना मिली थी कि कठौतिया तालाब के समीप एक एस्बेस्टस के खाली मकान में ब्राउन शुगर की खरीद बिक्री की जा रही है। सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में एक छापेमारी टीम का गठन किया गया। टीम ने उस मकान की घेराबंदी कर छह तस्कर को गिरफ्तार किया। तलाशी के क्रम में तस्करों के पास से ब्राउन शुगर और दो जिंदा कारतूस बरामद किया गया। इन तस्करों की निशानदेही पर पुलिस ने रामटुंडा जंगल में छापेमारी अभियान चलाकर चार तस्करों को गिरफ्तार किया। इस प्रकार पुलिस ने कुल 10 तस्करों को गिरफ्तार करने में सफल रही। छापेमारी अभियान में एसडीपीओ के अलावा पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी विपिन कुमार, पुलिस निरीक्षक पप्पू कुमार शर्मा, कुमार गौतम, संदीप कुमार, प्रवेश कुमार राम सहित पुलिस जवान शामिल थे।

### पतरातू में ब्राउन शुगर के साथ तीन गिरफ्तार



**पतरातू (आजाद सिपाही)। पतरातू थाना अंतर्गत खैरा मांझी रोड में पुलिस ने ब्राउन शुगर के साथ तीन युवकों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। गिरफ्तार युवकों में पीटीपीएस पंच मंदिर रोड निवासी अमृतनाथ उपाध्याय, पीटीपीएस के हनुमानगढ़ी निवासी राहुल मुरूंग, बड़कागांव थाना क्षेत्र के हरली गांव निवासी रोहित कुमार दांगी शामिल है। मामले पर शुक्रवार को पतरातू एसडीपीओ वीरेंद्र कुमार राम ने प्रेस कांफ्रेंस कर बताया कि मादक पदार्थ व अवैध शराब के विरूद्ध एसपी डॉ विमल कुमार के द्वारा रामगढ़ जिले में लगातार छापामारी अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान पुलिस अधीक्षक रामगढ़ डॉ विमल कुमार को सूचना मिली कि पतरातू अनुमंडल में अवैध मादक पदार्थ ब्राउन शुगर (हेरोईन) की खरीद-बिक्री की जा रही है। इस संदर्भ में एसपी रामगढ़ के द्वारा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पतरातू के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित कर त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। टीम के द्वारा छापामारी अभियान चलाया गया। छापमारी के क्रम में बंद पड़े स्टोन क्रेशर के पास तीन युवकों को देखा गया। जो कि पुलिस को देखकर भागने का प्रयास किये। संदेह के आधार पर उक्त युवको को पकड़ा गया। तलाशी के क्रम में सभी युवको के पास से कुल 17.54 ग्राम ब्राउन शुगर (हेरोईन) के साथ-साथ अन्य समानो की बरामदगी हुई। साथ ही उक्त तीनों युवको को गिरफ्तार किया गया। जिन्हे न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है। इस छापामारी अभियान में एसडीपीओ वीरेंद्र कुमार राम, इंस्पेक्टर योगेन्द्र सिंह, थाना प्रभारी शिवलाल गुप्ता, एस आई प्रदीप रजक, एस आई शिवा कच्छप, सअनि संतोष सिंह सशस्त्र बल के साथ शामिल थे।**

## रोटरी रामगढ़ सिटी ने 6 वर्ष के बच्चे को ऑपरेशन के लिए भेजा कोच्चि



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** रोटरी रामगढ़ सिटी के तत्वाधान में रोटरी गिफ्ट ऑफ लाइफ अभियान के तहत दिल में छेद वाले बच्चें गुलाम कादिर का ऑपरेशन करायेगा। ऑपरेशन कोच्ची (केरल) के प्रसिद्ध अमृता अस्पताल में नि:शुल्क होगा। जिले के अम्बा टांड निवासी निर्धन पिता की चौथी सन्तान गुलाम कादिर को जन्मजात हृदय में छेद है। जिसे देखते हुए रोटरी रामगढ़ सिटी ने रांची के राज हॉस्पिटल में स्क्रीनिंग कराई गई। स्क्रीनिंग एम्स कोच्ची के प्रसिद्ध डॉ ब्रजेश पी कोटाईल एवं उनकी टीम द्वारा की गई। स्क्रीनिंग में इकोकार्डियोग्राफ, ईसीजी, एक्स रे इत्यादि की गई। जिसमे बच्चे के दिल में छेद पाया गया। इसे लेकर बुधवार को रोटरी रामगढ़ सिटी के चार्टर प्रेसिडेंट उमेश राजगढ़िया ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया। **सामाजिक जिम्मेवारी का निर्वहन करने के लिए कृतसंकल्पित है रोटरी इंटरनेशनल: उमेश:** उन्होंने बताया कि रोटरी के द्वारा बच्चों की ओपन हार्ट सर्जरी नि:शुल्क कराई जा रही है। **सेवा करना और शांति स्थापित करना रोटरी का मुख्य उद्देश्य:रवि अग्रवाल:** मौके पर क्लब के अध्यक्ष रवि अग्रवाल ने कहा कि रोटरी ने जरूरतमंद बच्चों के ऑपरेशन का लक्ष्य रखा है। लोगों की सेवा करना और शांति स्थापित करना रोटरी का मुख्य उद्देश्य है। शिक्षा, स्वास्थ्य एवं मानवसेवा के उद्देश्य से स्थापित रोटरी 118 साल पुरानी संस्था है। कहा कि आगे भी क्लब ऐसे पुनीत कार्य कर अपने सामाजिक उत्तरदायित्व का निर्वहन करेगी, क्लब के सभी सदस्यों बच्चें के सफल ऑपरेशन करा कर लौटने की ईश्वर से प्रार्थना की। **निवर्तमान अध्यक्ष हरीश चौधरी ने किया अपील:** रोटरी रामगढ़ सिटी के निवर्तमान अध्यक्ष हरीश चौधरी ने अपील करते हुए कहा कि अगर आपके आसपास कोई ऐसा बच्चा है, जिसके हृदय में जन्मजात छेद है, जिसकी आयु 18 वर्ष से कम हो ऐसे किसी भी बच्चे के अभिभावक को रोटरी के सदस्यों से संपर्क करें। **परिस्थितियों में सहारा बन रहा है रोटरी रामगढ़ सिटी:रूपेश:** रोटरी के पूर्व अध्यक्ष रूपेश गुप्ता ने कहा कि जब किसी अभिभावक को पता चलता है कि उनके बच्चे के दिल में छेद है, तो उन पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ता है। मध्यमवर्गीय परिवार तो उनके इलाज में पूरी तरह टूट जाते है। लेकिन ऐसी परिस्थिति में रोटरी उनका सहारा बन रहा है। अब तक ऐसे सैकड़ों केस का सफलता पूर्वक नि:शुल्क ऑपरेशन कराया जा चुका है। उन्होंने शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों से दिल की बीमारी से ग्रस्त बच्चों को ढूंढ कर उसके इलाज की व्यवस्था करा रहे हैं।

# यात्रियों की मुसीबत

एयर इंडिया एक्सप्रेस को लगातार दूसरे दिन गुरुवार को बड़ी संख्या में फ्लाइट कैंसल करनी पड़ी। हालांकि सहयोगी कंपनी एयर इंडिया उसकी मदद के लिए आगे आयी और खबर है कि करीब 20 रुटों पर पर वह उड़ानें संचालित कर रही है। फिर भी एयर इंडिया एक्सप्रेस को 85 फ्लाइट कैंसल करनी पड़ीं। कंपनी ने बुधवार को भी 80 से ज्यादा फ्लाइट कैंसल की थी। निश्चित रूप से इससे यात्रियों को भारी परेशानी उठानी पड़ी है। करीब एक महीने के अंतर पर यह दूसरा मौका है जब टाटा ग्रुप की एयरलाइन कंपनी के यात्रियों को इस तरह की परेशानियों से दो-चार होना पड़ा है। अप्रैल में ग्रुप की कंपनी विस्तारा को अचानक पायलटों के छुट्टी पर चले जाने से 150 से ज्यादा उड़ानें रद्द करनी पड़ी थीं। दरअसल, टाटा ग्रुप में अलग-अलग एयरलाइन कंपनियों के विलय की प्रक्रिया चल रही है। इस क्रम में अलग-अलग कंपनियों में सैलरी स्ट्रक्चर की रीबैलेंसिंग का चुनौतीपूर्ण काम होना है। यह बिजनेस डिसिजन ग्रुप का आंतरिक मामला है, लेकिन जिस तरह से इसका असर उड़ानों के रद्द होने के रूप में सामने आ रहा है और जिसका खामियाजा यात्रियों को भुगतना पड़ रहा है, उससे साफ है कि यह काम कुशलता से नहीं किया जा रहा। देश का एविएशन सेक्टर कई तरह के दबावों से जूझ रहा है। हालांकि यह कोविड महामारी के चुनौतीपूर्ण दौर को पीछे छोड़ चुका है। एयर ट्रैफिक मूवमेंट के जो आंकड़े 2022 में 18 करोड़ से कुछ ज्यादा थे, 2023 में वे 32 करोड़ से ऊपर पहुंच गये, लेकिन यात्रियों की इस बढ़ी हुई संख्या की जरूरतें पूरी करने वाले विमानों की संख्या महामारी-पूर्व के दौर के मुकाबले और कम हो गयी है। इसका सीधा परिणाम यह हुआ कि हवाई किराये में अच्छी बढ़ोतरी हो चुकी है। दूसरी बात यह कि जब भी बड़ी संख्या में उड़ानें रद्द की जाती हैं, तो यात्रियों की परेशानी कई गुना बढ़ जाती है। इन हालात में उनके लिए वैकल्पिक फ्लाइट्स का इंतजाम करना बेहद मुश्किल हो जाता है। अगर जनवरी-मार्च तिमाही की बात की जाये, तो डोमेस्टिक एविएशन मार्केट के करीब 90% हिस्से पर इंडिगो और टाटा ग्रुप एयरलाइंस का कब्जा दिखता है। मार्केट पर दो बड़े खिलाड़ियों का वर्चस्व कॉम्पिटिशन के लिहाज से कोई अच्छी स्थिति नहीं कही जायेगी। इससे किराये के नीचे आने की उम्मीद भी नहीं बन रही। बहरहाल, ऊंचे किराये और मुनाफे की तगड़ी संभावना के बीच यात्रियों की परेशानी की मौजूदा स्थिति स्वीकार्य नहीं हो सकती। एविएशन रेग्युलेटर डीजीसीए को कंपनियों से यह सुनिश्चित करवाना चाहिए कि उनकी आंतरिक समस्याओं का खामियाजा यात्रियों को न भुगतना पड़े।

**अगर जनवरी-मार्च तिमाही की बात की जाये, तो डोमेस्टिक एविएशन मार्केट के करीब 90% हिस्से पर इंडिगो और टाटा ग्रुप एयरलाइंस का कब्जा दिखता है। मार्केट पर दो बड़े खिलाड़ियों का वर्चस्व कॉम्पिटिशन के लिहाज से कोई अच्छी स्थिति नहीं कही जायेगी।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**देश में शिक्षण के पेशे में भी बर्नआऊट की गंभीर समस्या होने लग गयी है, पर इस पर शायद ही कोई गंभीरता से ध्यान दे रहा हो। शिक्षक तनाव महसूस करते हैं, उन्हें शारीरिक और मानसिक थकान का अनुभव होता है, तो वे अक्सर अपने कामकाज को लेकर उदासीन हो जाते हैं। नौकरी में आनंद नहीं बचता, मगर नौकरी करना मजबूरी भी है। इसका सबसे बुरा असर पड़ता है बच्चों पर, जो स्कूल या कॉलेज में पढ़ रहे होते हैं।**

# खुश व तनावमुक्त शिक्षक के हाथों में ही विद्यार्थी का भविष्य

**डॉ मोहन लाल शर्मा**



**शिक्षक सुखी हो, तो पढ़ाई का स्तर बहुत अधिक सुधर सकता है। एक सुखी, हंसमुख शिक्षक अपने विषय में भी पारंगत होता है और बच्चे उसके विषय को पसंद भी करते हैं, क्योंकि बच्चे विषय को शिक्षक के व्यक्तित्व के साथ जोड़ कर देखते हैं।**

छात्रों के जीवन को बेहतरीन बनाने का कार्य शिक्षक के सिवाय कोई और नहीं कर सकता, परंतु आज शिक्षक खुद परेशान है। जब शिक्षक को ऐसा लगता है कि समाज में या शिक्षण संस्थानों में उनके काम को महत्व नहीं दिया जा रहा या उसकी सराहना नहीं की जा रही, तो वह हतोत्साहित और तनाव से घिर जाता है। शिक्षक सुखी हो, तो पढ़ाई का स्तर बहुत अधिक सुधर सकता है। अगर शिक्षक का अधिक समय तनाव, आपसी मतभेदों और इधर-उधर की बातों में व्यर्थ होता है, तो इसका सबसे अधिक असर बच्चों की पढ़ाई पर पड़ेगा।

अंग्रेजी का एक शब्द है बर्नआऊट। इसका अर्थ है बहुत अधिक काम के कारण अवसाद, चिड़चिड़ापन और हमेशा थकान का अनुभव होना। जैसे किसी वाहन में ईंधन खत्म हो जाये, और वह रुक जाये, ऐसी ही हालत बहुत अधिक काम की वजह से किसी इंसान की हो जाए, तो उसे बर्नआऊट का शिकार कहा जा सकता है।

**शिक्षकों के ऐसे समूह होने चाहिए, जिनमें वे एक-दूसरे की सहायता कर सकें। इससे उनका दबाव काफी हद तक घटेगा।**

गौरतलब है कि देश में शिक्षण के पेशे में भी बर्नआऊट की गंभीर समस्या होने लग गयी है, पर इस पर शायद ही कोई गंभीरता से ध्यान दे रहा हो। शिक्षक तनाव महसूस करते हैं, उन्हें शारीरिक और मानसिक थकान का अनुभव होता है, तो वे अक्सर अपने कामकाज को लेकर उदासीन हो जाते हैं। नौकरी में आनंद नहीं बचता, मगर नौकरी करना मजबूरी भी है। इसका सबसे बुरा असर पड़ता है बच्चों पर, जो स्कूल या कॉलेज में पढ़ रहे होते हैं।

स्कूलों में शिक्षकों की संख्या अक्सर आवश्यकता से कम होती है। जब कुछ शिक्षक गैरहाजिर हों, तो समस्या और बढ़ जाती है। बाकी शिक्षकों को अनुपस्थित शिक्षकों की कक्षाएं लेनी पड़ती हैं, जिसका अर्थ है अतिरिक्त जिम्मेदारी और दोहरा तनाव। अक्सर स्कूलों में शिक्षकों को प्रशासनिक काम भी सौंप दिये जाते हैं। जब शिक्षकों को पर्याप्त वेतन नहीं मिलता है या पर्याप्त लाभ नहीं मिलता, तो यह उन्हें बहुत थका हुआ और निराश कर सकता है। यह शिक्षण के लिए उनकी ऊर्जा और प्रेरणा को छीन लेता है। ऐसी भी व्यवस्था हो कि काम के बाद शिक्षक पूरी तरह से अपने व्यक्तिगत और पारिवारिक जीवन पर ध्यान दे सकें।

अगर शिक्षकों पर प्रशासनिक काम का बोझ लाद दिया जाता है, तो यह सुनिश्चित करना चाहिए कि क्या वे इस काम के लिए इच्छुक हैं? ऐसी हालत में उन्हें इसके आर्थिक फायदे मिलने चाहिए या फिर अतिरिक्त काम के बदले में अवकाश दिया जाये। पेशेवर विकास के लिए शिक्षकों के पास पर्याप्त अवसर होने चाहिएं। इससे उनका हुनर बढ़ेगा और वे शिक्षण के क्षेत्र में हो रहे नये प्रयोगों से परिचित होंगे। शिक्षकों के ऐसे समूह होने चाहिए, जिनमें वे एक-दूसरे की सहायता कर सकें। इससे उनका दबाव काफी हद तक घटेगा। आपसी सहयोग की संस्कृति स्कूल को हर क्षेत्र में मदद करेगी।

स्कूल की बुनियादी सुविधाओं पर ध्यान देना जरूरी है। शहरों में कई स्कूल बहुमंजिला होते हैं। ऐसे में शिक्षक को बार-बार ऊपर-नीचे जाना पड़ सकता है। अधिक उम्र के शिक्षकों को ज्यादा कक्षाएं निचली मंजिल पर ही मिलें, समय सारिणी बनाने वाले को इसका ख्याल रखना चाहिए। शिक्षक सुखी हो, तो पढ़ाई का स्तर बहुत अधिक सुधर सकता है। एक सुखी, हंसमुख शिक्षक अपने विषय में भी पारंगत होता है और बच्चे उसके विषय को पसंद भी करते हैं, क्योंकि बच्चे विषय को शिक्षक के व्यक्तित्व के साथ जोड़ कर देखते हैं।

सकारात्मक स्कूली संस्कृति छात्र और शिक्षक दोनों के लिए कितनी लाभकारी होगी, यह आसानी से समझा जा सकता है। शिक्षकों के लिए जरूरी है कि उनके रोजमर्रा के जीवन में ऐसा समय भी हो जब उन्हें स्कूल, छात्रों और काम के बारे में बिल्कुल सोचना न पड़े। यह जिम्मेदारी खुद उनकी है कि ऐसा समय वे खुद की और परिवार की देखभाल में बितायें, क्योंकि परिवार के सदस्यों के बीच समय बिताने से काम के तनाव को कम किया जा सकता है। सही संगी-साथियों और बेहतर माहौल तैयार करके भी इससे बचा जा सकता है।

## जमशेदपुर की खबरें

# लौहनगरी रक्तदाताओं का शहर, हम सभी को है गर्व : काले

## लक्की प्रसाद सरावगी और शशि कुमार सरावगी की पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर का आयोजन

**आजाद सिपाही सवांददाता**



**जमशेदपुर।** लौहनगरी जमशेदपुर में प्रत्येक वर्ष शहर की सम्मानित संस्थाओं द्वारा जरूरतमंदो के लिए सैकड़ो बोतल रक्त संग्रह की जाती है। ताकि शहर में किसी भी जरूरतमंदों को रक्त के लिए भटकना न पड़े। शुक्रवार को रेड क्रॉस भवन में स्वर्गीय लक्की प्रसाद सरावगी व शशि कुमार सरावगी के पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मुख्य अतिथि समाजसेवी अमरप्रीत सिंह काले व सम्मानित अतिथि पूर्वी घोष शामिल हुए। इस अवसर पर रेड क्रॉस के वाईस पेट्रन डी.के.घोष, शिवम सरावगी, एस.डी.पी. डोनेशन प्रभारी प्रभुनाथ सिंह ने भी कार्यक्रम में हिस्सा लिया। मौके पर सभी अथितियों के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर शिविर का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर रेड क्रॉस सोसाईटी, लॉयन्स क्लब ऑफ जमशेदपुर नार्थ ने शिविर में अपनी सहभागिता निभाई। मौके पर समाजसेवी अमरप्रीत सिंह काले ने रक्तदाताओं को पुष्पगुच्छ देकर उनका उत्साह बढाया। श्री काले ने कहा रक्तदान महा दान है। रक्तदान करने से जरूरतमंद को जीवनदान भी मिलता है। साथ ही रक्तदाता भी स्वस्थ रहते हैं। वही रेड क्रॉस सोसाईटी पूर्वी सिंहभूम के मानद सचिव विजय कुमार सिंह ने भी रक्तदाताओं का उत्साह बढाया। शिविर में कुल 108 लोगो ने रक्तदान किया। मौके पर संयोजक रवि सरावगी ने उपस्तित सभी रक्तदाताओं के प्रति आभार प्रकट की।

# चक्रधरपुर में गिरिराज सेना ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रामगोपाल जेना/चक्रधरपुर।** स्थानीय गिरिराज सेना की ओर से शुक्रवार को शौण्डिक धर्मशाला परिसर से मतदाता जागरूकता रैली निकाली गयी। शहर के विभिन्न इलाकों से गुजरनेवाली इस रैली में बड़ी संख्या में बाइक और टोटो सवार लोगों ने अपनी भागीदारी निभा कर योगदान किया। मतदाता जागरूकता रैली शौण्डिक धर्मशाला से निकलकर संतोषी माता मंदिर, पंडित हाता शिव मंदिर, शीतला मन्दिर, टोकलो रोड, भगतसिंह चौक, गांधी स्कूल, अनुमंडल अस्पताल, मारवाड़ी स्कूल, कुडलीबाड़ी रोड, श्मशान घाट रोड, श्मशान काली मंदिर, थाना रोड, दुर्गा बाड़ी पुरानी बस्ती, जग्गू दिवान चौक, रानी स्कूल रोड, दंदासाई, हनुमान मंदिर, राजा बगान रोड, हरि मंदिर, नेहरू कॉलेज रोड, शैतान मोहल्ला, टाउन काली मंदिर होते हुए पवन चौक, रेल ओवर ब्रिज, कुसुम कुंज, इतवारी बाजार, रेलवे स्टेशन हनुमान मंदिर, पार्क रोड, रेल अंडर पास, लोको राम मंदिर, सती मंदिर, चांदमारी हनुमान मंदिर होते हुए पुनः शौण्डिक धर्मशाला पहुंच कर संपन्न हुई। रैली में तमाम शहर वासियों से आगामी 13 मई को भारी संख्या में घरों से निकल कर अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील के गयी। गिरिराज सेना की ओर से आयोजित इस रैली को शहरवासियों का भरपूर सहयोग मिला एवं लोगों ने इसकी सराहना भी की। रैली में मुख्य रूप से गिरिराज सेना के मुख्य उमाशंकर गिरि अपनी पूरी टीम के साथ शहर भ्रमण में शामिल रहे, जिसमें मुख्यरूप से सन्नी साव, सुमित पोद्दार, बिज्जू पोद्दार, कन्हैयालाल, सुरेश शर्मा, धीरज ठाकुर, दीपक गुप्ता, मनोज जिंदल,आशीष पाण्डेय जुगनू ठाकुर, अभिषेक कुमार, सोनू साव, राम साव, मोहित कुमार आदि ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

# पूर्वी सिंहभूम जिले में 1450 जवान चुनाव ड्यूटी में रहेंगे तैनात

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के साकची थाना के परिषद में शुक्रवार से सभी पीसीआर वाहनों को खड़ी कर दी है। सीसीआर डीएसपी अंजनी कुमार तिवारी ने बताया कि होमगार्ड समेत अन्य जिला बल के एएसआइ रैंक के पदाधिकारी को लेकर उनके जिम्मा पर शहर की सुरक्षा सौंपी है। कुल 26 पीसीआर पेट्रोलिंग गाड़ियों में से 7 गाड़ियों से शहर में पेट्रोलिंग कराई जाएगी। इन सातों पेट्रोलिंग गाड़ियों को किसी भी तरह की सूचना पर पूरे शहर में जाने का निर्देश दिया गया है। कोई एरिया फिक्स नहीं किया गया है। चुनाव को देखते हुए शहर में वाहनों की धर-पकड़ भी शुरू हो गयी है। कई बसों को पकड़ा गया है, जिसे चुनाव के दौरान इस्तेमाल किया जायेगा। मानगो बस स्टैंड के पास कई बसों को पकड़ा गया। इन बसों को पहले फेज के चुनाव के लिए जवानों को ले जाने के लिए इस्तेमाल किया जायेगा जो बाद में लौट आयेगी। झारखंड में आगामी 13 मई को लोकसभा चुनाव के पहले फेज का मतदान होना है। इसको लेकर पूर्वी सिंहभूम जिले के 1450 जवानों को चुनावी ड्यूटी में तैनात किया गया है। इस पीसीआर वाहनों के लिए कोई सीमा तय नहीं की गयी है। जहां भी जरुरत पड़े इन पीसीआर को तैनात किया जायेगा।

# कोयला लदी मालगाड़ी की बोगी में लगी आग, कर्मियों की सूझबूझ से पाया काबू



**आदित्यपुर (आजाद सिपाही)।** दक्षिण पूर्व रेलवे के अंतर्गत आदित्यपुर रेलवे स्टेशन के समीप कोयला लदे मालगाड़ी के एक बोगी में शुक्रवार की सुबह अचानक आग लग गई। आगजनी में के दौरान रेलवे में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही रेल पुलिस व झारखंड अग्निशमन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और तत्काल आग पर काबू पाया। बताया जा रहा है आग सुलग ही रहा था रेलवे के कर्मियो की नजर बोगी से निकलते धुएं पर पड़ी। उन्होंने सबसे पहले ओवरहेड हाई टेंशन पावर को काटा। उसके बाद आग पर काबू पाया। वैसे रेलवे के सूझबूझ से समय रहते आग पर काबू पा लिया गया, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकती थी।

# भाजपा प्रत्याशी सांसद बिद्युत वरण महतो ने चुनावी कार्यालय का किया उद्घाटन

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर लोकसभा के लिए भाजपा का विभिन्न मंडलों में चुनावी कार्यालय का उद्घाटन का दौर शुक्रवार को भी जारी रहा। साकची बसंत सिनेमा के समीप जमशेदपुर पश्चिम एवं पटमदा के बेलटांड़ में जुगसलाई विधानसभा के चुनावी कार्यालय का उद्घाटन सांसद सह भाजपा प्रत्याशी बिद्युत वरण महतो, आजसू के प्रधान महासचिव सह पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस, पूर्व विधायक मेनका सरदार, जमशेदपुर लोकसभा के संयोजक सह प्रदेश मंत्री नंदजी प्रसाद, भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा, आजसू जिलाध्यक्ष कन्हैया सिंह समेत अन्य वरिष्ठ भाजपाजनों ने संयुक्त रूप से किया। सांसद बिद्युत महतो ने जुगसलाई एवं पोटका विधानसभा अंतर्गत विभिन्न मंडलों में बनाये गए चुनावी कार्यालय का विधिवत उद्घाटन किया। जुगसलाई विधानसभा अंतर्गत पटमदा, कमलपुर, बोड़ाम, जुगसलाई, परसुडीह, गोविंदपुर समेत पोटका विधानसभा के बागबेड़ा एवं घाघीडीह मंडल शामिल हैं। मौके पर सांसद बिद्युत महतो ने मंडल अध्यक्ष एवं कार्यकताओं के संग चुनावी दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण बिंदुओ पर विस्तारपूर्वक चर्चा की।उन्होंने पार्टी के कई पुराने नेताओं से मिलकर उनका कुशल क्षेम जाना। सांसद बिद्युत महतो ने कहा पार्टी के कार्यकर्ता लोकसभा चुनाव में दमदार जीत के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। विभिन्न मंडलों में कार्यालय खुलने से एक ओर जहां चुनावी अभियान को गति मिलेगी, वहीं दूसरी ओर संगठन को बड़ी विजयश्री दिलाने संबंधी रणनीति एवं कार्ययोजना तैयार की जा सकेगी। बिद्युत महतो ने मंडल अध्यक्षों से प्रत्येक बूथों पर दस प्रतिशत मतदान भाजपा के पक्ष में बढ़ाने के लिए जनसंपर्क अभियान को तेज करने का आह्वान किया। श्री महतो ने विश्वास जताया कि जनता का भरपूर प्यार एवं आशीर्वाद पुनः भाजपा के पक्ष में मिलेगा और नरेंद्र मोदी तीसरी बार देश की बागडोर संभालेंगे। इस दौरान जमशेदपुर लोकसभा के सह प्रभारी मुरलीधर केडिया, सह संयोजक राजकुमार श्रीवास्तव, अनिल सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष देवेंद्र सिंह, अभय सिंह, ब्रह्मदेव नारायण शर्मा, चंद्रशेखर मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष पंकज उपाध्याय, गणेश विश्वकर्मा, जोगिंदर सिंह जोगी, हरेंद्र सिंह समेत सभी मंडल के पदाधिकारी, कार्यकर्ता और आमजन मौजूद रहे।

# किसी राजनीतिक दल और प्रत्याशी को समर्थन देने की बात निराधार: बंटी सिंह



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** शहर के भालुवासा जंबू अखाड़ा समिति के संरक्षक बंटी सिंह ने बीते दिनों जंबू अखाड़ा समिति के नाम पर लोकसभा चुनाव 2024 में किसी पार्टी विशेष को समर्थन देने की बात पर अपने प्रतिक्रिया दी। शुक्रवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर उन्होंने कहा किसी पार्टी विशेष को लोकसभा चुनाव में समर्थन देने की बात तथ्य से परे है। उन्होंने कहा श्री श्री बजरंग विजय मंदिर (जंबू अखाड़ा समिति) प्रांगण में आस्था व श्रद्धा से आने वाले सभी श्रद्धालुओं व राजनीतिक दल से जुड़े लोगों का समिति की ओर से स्वागत है। वे सभी हनुमान जी व महादेव जी का आशीर्वाद ले कर जाते है। बंटी सिंह ने कहा समिति द्वारा किसी राजनीतिक दल व प्रत्याशी को समर्थन देने की घोषणा की बात निराधार है। उन्होंने कहा समिति शहर वासियों से अनुरोध करती है आगामी 25 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव में ज्यादा से ज्यादा की संख्या में मतदान कर अपने अधिकार का प्रयोग करें।

# पलामू गढ़वा का विकास करना ही मेरी प्राथमिकता : बीडी राम

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गढ़वा।** पलामू के निवर्तमान सांसद और पलामू लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी विष्णु दयाल राम ने शुक्रवार को मझिआंव और कांडी प्रखंड अंतर्गत खजुरी, मझिआव, करमडीह, जहरसराई, आछोडीह, टड़हे, गवरवा, देवनकारा, जतरो बंजारी, बरछा, लोका बरडीहा, घोड़दाग, लमारी, कांडी सेमुरा, पतला, सोनपुरा, बरवाडीह आदि गांव में जनसंपर्क अभियान चलाया। इस अवसर पर उन्होंने अपनी तथा केन्द्र सरकार के उपलब्धियों को गिनाते हुए लोगों से भाजपा के पक्ष में मतदान करने का अनुरोध किया।

मौके पर सांसद श्री राम ने कहा कि मोदी सरकार किसी जाति, धर्म और समुदाय में विभेद नहीं करते। उनके लिए देश के सभी जाति धर्म वर्ग समुदाय के लोग उनके परिवार हैं। उनके नजर में सिर्फ चार जातियाँ-गरीब, युवा, महिला और किसान हैं। उन्होंने बताया कि मोदी सरकार हमेशा गरीबों की हितों के बारे में सोचती है। इनकी निर्णय,नीति एवं नियति बिल्कुल स्पष्ट है। उन्होंने कहा कि आज के परिपेक्ष्य में मोदी का कोई दूसरा विकल्प नहीं है। उन्होंने दूसरे पार्टियों पर निशाना साधते हुए कहा कि दूसरी पार्टी परिवारवाद को बढ़ावा देती है। जबकि मोदी का परिवार इस देश कि जनता है। उन्होंने चुनाव में वोट प्रतिशत बढ़ाने का भी अनुरोध किया। श्री राम ने कहा कि आज भारत का मान सम्मान विश्व पटल पर मोदी सरकार ने बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि यदि मोदी सरकार पुनः। सत्ता में आती है तो 2029 तक भारत विश्व का तीसरा सबसे बड़ा अर्थव्यवस्था वाला देश बन जायेगा। उन्होंने कहा शहर के लोगों को जो मूलभूत सुविधा मिलती है वो सभी सुविधा ग्रामीण क्षेत्रों में भी लोगों को मिले।

कहा कि 13 मई को होने वाले चुनाव का समय सुबह 7:00 से शाम के 5:00 तक है लेकिन उन्होंने लोगों को 7:00 बजे से पहले मतदान के लिए कतार में खड़े होने का अनुरोध किया। कहा कि यदि 5:00 बजे शाम तक कोई व्यक्ति कतार में खड़ा हो जाता है तो उसको मतदान देने से रोका नहीं जा सकता। चाहे कितनी भी देर क्यों ना हो जाए। उक्त मौके पर विश्रामपुर विधायक प्रतिनिधि भोला चंद्रवंशी, भाजपा नेता चंचल दुबे, भगवानदत्त तिवारी, प्रेमशंकर दुबे, रविन्द्र पासवान, जगदीश पासवान, सुरेन्द्र यादव, रामयतन यादव, दीपक चौहान, सुनील चौहान समेत सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

## मझिआंव में मतदाता जागरूकता अभियान का आयोजन

**मझिआंव (आजाद सिपाही)।** नगर पंचायत मझिआंव क्षेत्र अंतर्गत लोकसभा आम निर्वाचन 2024 का स्वीप कार्यक्रम के तहत कार्यपालक पदाधिकारी शैलेश कुमार की अध्यक्षता में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन नगर पंचायत परिसर से होते हुए मतदाता जागरूकता से संबंधित कई नारे लगाते हुए मुख्य बाजार भ्रमण कर पुनः कार्यालय परिसर में समापन किया गया।जिसमें नगर पंचायत के सभी कर्मी एवं 9वीं और 10वीं कक्षा उत्क्रमित मध्य विद्यालय की छात्राएं तथा स्वयं सहायता समूह की महिलाएं एवं अन्य लोगों ने भाग लिया तथा तत्पश्चात शपथ कार्यक्रम किया गया। शपथ कार्यक्रम के दौरान शपथ कराते हुए यह अपील किया गया कि 13 मई को अपने साथ-साथ अपने आसपास के मतदत्ता को सत प्रतिशत वोट कराने मे सहयोग करेंगे ताकि एक भी मतदाता वोट करने से वंचित न रह पाए।

# ब्राह्मणों ने हमेशा देश और समाज का भला चाहा है : मिथिलेश ठाकुर

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**गढ़वा।** शुक्रवार को अक्षय तृतीया परशुराम जयंती के मौके पर अखिल भारतीय सर्वब्राह्मण महासभा द्वारा भगवान परशुराम की जयंती कार्यक्रम का आयोजन शहर के बंधन मैरेज हॉल में आयोजित की गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता अध्यक्ष अनिल पांडेय ने की। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुये पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने कहा कि ब्राह्मण हमेशा से समाज के सिरमौर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कुछ अपवादों को छोड़कर ब्राह्मणों ने इस देश व समाज का हमेशा भला ही सोचा है। उन्होंने कहा कि किसी समाज की एकता ही उन्हें आर्थिक, राजनीतिक व सामाजिक उंचाई पर ले जा सकती है। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता अलखनाथ पांडेय ने कहा कि आदि काल से समाज को दिशा देने और शिक्षित करने का काम ब्राहमणों ने ही किया है। सभी दल ब्राह्मणवाद को समाप्त करना चाहते हैं। लेकिन एक ब्राह्मण ही है, जो सभी जाति वर्ग के लोगों को आत्मसात करने की क्षमता रखता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान परिवेश में सभी वैमनस्यता को भुलाकर समाज की एकजुटता पर ध्यान देने की आवश्यकता है। एकजुटता व शिक्षा ही ब्राह्मणों को आगे हर क्षेत्र में आगे बढ़ने में मदद कर सकता है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार का आयोजन साल में एक बार बड़े पैमाने पर जरूर होना चाहिये, लेकिन इसके साथ ही साथ नियमित छोटे स्तर पर बैठकें व गोष्ठियां भी जारी रहनी चाहिये। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष अनिल पांडेय ने कहा कि समाज में खोये हुये सम्मान को पाने के लिये ब्राह्मणों को अपने अंदर की बुराईयों का त्याग करते हुये अपने चरित्र को बेहतर बनाने का प्रयास करना चाहिये। कार्यक्रम का संचालन अजय शुक्ला ने किया। वक्ताओं के उदबोधन के पूर्व भगवान परशुराम की तसवीर के समक्ष दीप प्रज्जलित किया गया। इस अवसर पर रामवरण पांडेय, विजय शुक्ला, अन्नू, डॉ रमेश चंचल समेत कई लोग उपस्थित थे।

# पलामू की बेटी ममता को जितायें: तेजस्वी



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रंका।** इंडिया महागठबंधन के नेता लालू, राहुल, हेमंत ने ममता भुईयां को लालटेन थमाया है। इन्हें एक एक वोट देकर मेंबर ऑफ पार्लियामेंट बनाकर दिल्ली भेजें। उक्त बातें नेता प्रतिपक्ष बिहार विधानसभा के तेजस्वी यादव ने शुक्रवार को रंका उच्च विद्यालय के मैदान में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि पलामू लोकसभा चुनाव 2024 में सांसद प्रत्याशी पलामू की बेटी बहन ममता भुईयां एक पढ़ी लिखी योग्य नौजवान महिला हैं। ये लोकसभा में जोरदार तरीके से जनता की आवाज को उठा सकतीं है। इस मौके पर राज्यसभा सांसद संजय सिंह यादव, राजद जिलाध्यक्ष सूरज सिंह, कॉंग्रेस जिलाध्यक्ष ओबैदुल्लाह हक अंसारी, झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम खान, बीस सूत्रि जिला उपाध्यक्ष नितेश सिंह,झामुमो युवा जिलाध्यक्ष संजय सिंह छोटू हजारों की संख्या लोग में उपस्थित थे।

# प्रधानमंत्री मोदी का नारा 400 पार संविधान बदलने के लिए नहीं : भानु प्रताप शाही

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**भवनाथपुर।** आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी बीडी राम के पक्ष में भाजपा की चुनावी सभा कैलान व भवनाथपुर बाजार स्थित दुर्गा मंदिर परिसर में गुरुवार की देर शाम आयोजित की गई। चुनावी सभा में क्षेत्रीय विधायक सह भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष भानु प्रताप शाही ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का नारा 400 पार संविधान बदलने के लिए नहीं है, बल्कि पड़ोसी दुश्मन देश पाकिस्तान का नक्शा बदलने के लिए है। श्री शाही ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी को आतंकवादी, उग्रवादी, सामंतवादी और परिवारवादी लोग रोकना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि गढ़वा जिले में झारखंड सरकार के मंत्री मिथिलेश ठाकुर, पूर्व विधायक गिरनाथ सिंह, पूर्व विधायक राज राजेंद्र प्रताप देव, पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव सामंती विचारधारा के हैं, जबकि ताहिर अंसारी उग्रवादी है। यह सभी लोग देश में मोदी जी की सरकार को रोकना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि मोदी जी ने गरीबों को राशन, शौचालय, गैस सिलेंडर और जनधन खाता दिया तथा हर घर में नल से पानी भी दिया। इसलिए भाजपा उम्मीदवार को विजयी बनाकर मोदी जी के हाथों को मजबूत करें। श्री शाही ने बिहार के पूर्व राजद सरकार पर निशाना चाहते हुए कहा कि उनके शासनकाल में कला के बिफन यादव, पुतुर के सूरज देव यादव और जयप्रकाश यादव की हत्या उग्रवादियों ने की थी। उन्होंने कांग्रेस पर संविधान निमार्ता अंबेडकर जी को अपमानित करने का भी आरोप लगाया। श्री शाही ने अपील किया कि हर हिंदू एकमत होकर भाजपा के पक्ष में अपना मतदान करें। पूर्व सांसद घूरन राम ने कहा कि विपक्षी दलों का अफवाह है, कि मोदी जी संविधान बदल देंगे और आरक्षण भी समाप्त कर देंगे। उन्होंने लोगों से मोदी जी के हाथों को मजबूत करने के लिए भाजपा उम्मीदवार बीड़ी राम के पक्ष में वोट करने की अपील किया।

## महत्वपूर्ण खबरें

### पहला वोट उसी को देंगे, जो शिक्षा, स्वास्थ्य, सिंचाई, रोजगार देने का वादा करेगा



**केतार (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के मुकुंदपुर निवासी विवेक वर्मा 18 वर्ष की आयु पूरी होने पर आगामी लोकसभा चुनाव में पहली बार मतदान को लेकर काफी खुश है। विवेक ने बताया की मैं पहली बार लोकसभा चुनाव में अपना मत का प्रयोग करूंगा। उन्होंने बताया की जो शिक्षा, स्वास्थ्य, सिंचाई एवं रोजगार देने की वादा करेगा उसी प्रत्याशी को अपना मतदान करेंगे। उन्होंने कहा की आज शिक्षा का स्तर में काफी गिरावट आ गयी है। शिक्षा के साथ साथ गांव स्तर पर रोजगार मुहैया कराने की आवश्यकता है। जिससे रोजगार के आभाव में खासकर युवा पलायन कर किसी प्रकार अपने परिवार का भरण पोषण कर रहे हैं। यही नहीं प्रखंड के काफी युवा पलायन के भेंट चढ़ जा रहे है। इससे निजात पाने के लिए हम सभी वी वैसे संसद का चुनाव करेंगे जो इन परिचित समस्याओं से निजात दिला सके।

### पारिवारिक विवाद में हुई मारपीट दो घायल

**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के अरसली उतरी के झुमरी टोला में पारिवारिक विवाद में हुई मारपीट की घटना में उमेश रजक और विवाहिता पुत्री प्रिया देवी गंभीर रूप से घायल हो गई। घायलावस्था में दोनों पिता पुत्री को ईलाज के लिए भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। घायल उमेश ने बताया कि बड़े भाई के हिस्से में छत से पानी गिर रहा था, उसी के विवाद में भाभी सविता देवी और उनकी पुत्री सोनम तथा कुमकुम ने मेरे घर घुसकर कुदाल से प्रहार कर हम दोनों को घायल कर दिया। उन्होंने बताया कि घटना की सूचना स्थानीय थाने को देने के पश्चात अस्पताल में इलाज के लिए आए हैं।

### मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर छात्राओं को किया जागरूक



**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** आगामी 13 मई को होने वाली आसन लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर प्रखंड कर्मियों द्वारा लगातार क्षेत्रों में मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। शुक्रवार को प्रखंड मुख्यालय परिसर में स्थानीय कस्तूरबा आवासीय विद्यालय के छात्राओं व बाल विकास परियोजना कार्यालय के महिला प्रवेक्षिका रिंकी कुमारी ने रंगोली बनाकर मतदाताओं को जागरूक किया। रंगोली के माध्यम से बढ़ाये भवनाथपुर की शान करें अधिक अधिक से मतदान, लोकतंत्र की मजबूती के लिए करें मतदान आदि स्लोगन लिखे गए। इस कार्यक्रम के तहत कई स्कुलो, मतदान केंद्र में भी रंगोली बनाकर प्रखंड में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए मतदाताओं को जागरूक किया गया। इस मौके पर बीडीओ नंदजी राम, महिला प्रवेक्षिका सुचिंता देवी, बीएलओ रेखा गुप्ता, प्रखंड कर्मी राकेश सिंह, कुंदन दूबे आदि उपस्थित थे।

### भगत सिंह साहू ने बीडी राम के लिए वोट मांगा



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** भाजपा नेता भगत सिंह साहू ने भारतीय जनता पार्टी द्वारा अयोजित पथ सभा में मुख्य वक्ता के तौर पर मेराल उत्तर मंडल दक्षिणी मंडल तथा चिनिया मंडल के सभी पंचायत में सभा का आयोजन कर निवर्तमान सांसद सह भाजपा प्रत्याशी वीडी राम के पक्ष में मतदान करने की अपील की। इस अवसर पर भगत सिंह साहू ने कहा कि इस बार का चुनाव हर चुनाव से महत्पूर्ण है। यह चुनाव विकसित भारत का नीव रखने वाला चुनाव है। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने सभी से भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में वोट करके भारत को विकसित भारत की ओर अग्रसर करने की अपील की । इस अवसर पर भाजपा नेता मुरली श्याम सोनी, राज कुमार मधेसिया सहित कई भाजपा नेता और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# श्री सर्वेश्वरी समूह शाखा ने खाद्य सामग्री का किया वितरण

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**श्री बंशीधर नगर।** स्थानीय श्री सर्वेश्वरी समूह शाखा नगर ऊंटारी के द्वारा अनुमंडलीय अस्पताल नगर ऊंटारी , वृद्धा आश्रम,एवं कुपोषण केंद्र नगर ऊंटारी में जाकर वहां उपस्थित मरीज एवं वृद्ध लोगों के बीच ब्रेड ,बिस्कुट, फल एवं हाथ पंखा का वितरण किया । समूह के सदस्यों ने उन लोगों का हाल-चाल जाना एवं उन्हें अपने स्वास्थ्य का ख्याल करने की सलाह दी। मौके पर श्री सर्वेश्वरी समूह शाखा नगर उंटारी के उपाध्यक्ष हेमंत प्रताप देव ने बताया कि भीषण गर्मी में अस्पतालों में मरीजों के बीच हाथ पंखा का वितरण किया गया है जिससे वह अपने परिजनों के सहयोग से इस गर्मी से निजात पा सके ,साथ ही स्वास्थ्य लाभ के लिए खाद्य पदार्थ में ब्रेड ,बिस्किट, फल का वितरण किया गया है। उन्होंने बताया कि श्री सर्वेश्वरी समूह शाखा नगर ऊंटारी समय-समय पर जन मानश के सेवा का कार्य करते रहा है।उन्होंने कहा कि समूह के 19 सूत्रीय कार्यक्रम के अंतर्गत मानव मात्र की सेवा करना प्रथम कर्तव्य में शामिल है उसी के अंतर्गत हम समय-समय पर मरीजों, बृद्धजनो, जरूरतमंदों के बीच जाकर उन्हें यथासंभव सहयोग करते हैं। श्री देव ने कहा कि श्री सर्वेश्वरी समूह हमेशा से समाज में व्याप्त कुरीतियों को मिटाने के लिए अनेकों कदम उठाता रहा हैं इसी के अंतर्गत आज 41 मरीजो एवं वृद्ध आश्रम में उपस्थित लोगों के बीच में सामग्री वितरण कर उनका हाल-चाल जाना और जल्द स्वस्थ होने की शुभकामना की। मौके पर मनोज प्रताप देव, श्रीकांत सिन्हा, नागेंद्र कुमार, नवनीत कुमार सिन्हा, प्रभात रंजन सहाय, सुनील खलको, अनिल कुमार, सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# गढ़वा प्रखंड के 100 से अधिक लोग भाजपा छोड़कर झामुमो में शामिल

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गढ़वा।** गढ़वा प्रखंड के दुबे मरहटिया, अचला आदि पंचायतों से 100 से अधिक लोगों ने भाजपा छोड़कर झारखंड मुक्ति मोर्चा की सदस्यता ग्रहण की। गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने सभी को पार्टी का पट्टा एवं माला पहनाकर पार्टी में शामिल कराया। मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि सभी लोग लंबे समय से भाजपा में रहकर काफी ठगा हुआ महसूस कर रहे थे। अब सभी माटी की पार्टी झामुमो में शामिल हो गये हैं। गढ़वा सहित पूरे राज्य में हो रहे विकास कार्यां से प्रभावित होकर सभी ने झामुमो को ही राज्य एवं जनता को हितैशी समझा। श्री ठाकुर ने कहा कि झामुमो ऐसी पार्टी है जो कहती है वो करती है। उन्होंने 2019 के विधासभा चुनाव से पूर्व यहां के लोगों से गढ़वा को विकसित करने का वादा किया था। आज गढ़वा झारखंड का नंबर वन विधानसभा क्षेत्र बन गया है। आने वाले समय में गढ़वा और भी बेहतर बनेगा। उन्होंने शामिल हुए सभी लोगों से क्षेत्र में जाकर राज्य सरकार की उपलब्धियों से जनता को अवगत कराने की बात कही। साथ ही मंत्री ने कहा कि सभी लोग मिलकर इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी ममता भुईयां को जीत दिलायें। पार्टी में शामिल होने वालों में मुख्य रूप से गोकुल दुबे, विकास कुमार, संदीप चौधरी, धमेंद्र पासवान, अजीत कुमार, मुंद्रिका राम, तिरसार मियां, अनवर अंसारी, रफीक अंसारी, ब्रह्म राम, अमरेश उरांव, सुरेश उरांव समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

# कैंडल मार्च निकाल लोगों को किया जागरूक

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गढ़वा।** मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से आज स्वीप कार्यक्रम के तहत कैंडल मार्च निकाला गया। टाउन हॉल गढ़वा से पदाधिकारीयों, कर्मियों समेत काफी संख्या में आंगनबाड़ी सेविकाएं जे एस एल पी एस की दीदियों द्वारा संयुक्त रूप से कैंडल मार्च निकाला गया, जो टाउन हॉल गढ़वा से प्रारंभ होकर रंका मोड़ पर जाकर समाप्त हुआ। इस दौरान सभी से अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करने का अपील किया गया। उद्घोषणा कर मतदाताओं को बताया गया कि स्वस्थ और सशक्त लोकतंत्र के निर्माण के लिए सभी को अपने मत का प्रयोग करना कितना आवश्यक है। इसलिए 13 मई 2024 को सुबह 7:00 से शाम 5:00 बजे के बीच अपने घरों से बाहर निकलकर अपने-अपने मतदान केंद्रों पर जाकर मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें और देश के एक जिम्मेदार नागरिक होने समेत लोकतंत्र को मजबूत करने में अपना कर्तव्य निभाएं। वहीं रंका मोड़ पर कैंडल के माध्यम से '13 मई को वोट करेगा गढ़वा' का भी संदेश दिया गया, जो जिले के मतदातओं एवं आमजनों के बीच काफी आकर्षण का केंद्र रहा।

## सीजन 2 नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन

# खेल को खेल की भावना से खेलें: शांति देवी

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**विशुनपुरा।** पतिहारी पांचयत के दर चाँद क्रिकेट क्लब के तत्वधान में दर स्कूल के पास आयोजित सीजन 2 नाइट क्रिकेट टूनामेंट का फाइनल मुकाबला बंशीधर नगर बनाम विशुनपुरा टीम के बीच खेला गया। जिसका उद्घाटन चेयरमैन शांति देवी, झामुमो नेता ताहिर अंसारी एवं जिलापरिषद सदस्य शंभूराम चन्द्रवँशी ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि खेल में हार जीत लगी रहती है लेकिन खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिये। वही ताहिर अंसारी ने कहा कि नाइट मैच का आयोजन करने के लिए कमिटी को ताहिर ने कहा कि पतिहारी गांव में इस तरह के खेल का आयोजन हो रहा है. इसके लिए कमिटी के लोगो को बधाई दिया। उन्होंने कहा कि खेल खेलने से मानसिक एवं शारीरिक बिकास होता है. इस दौरान उन्होने मतदाताओं से निष्पक्ष रूप से मतदान करने का अपील किया है। इस मौके पर मुखिया प्रतिनिधि मुन्ना अंसारी, झामुमो युवा नेता आलम बाबू, नवल किशोर गुप्ता, सचिन गुप्ता, ललन गुप्ता, उदय चौरशिया, मानिक गुप्ता, सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 11 मई, 2024
www.azadsipahi.in


# झारखंड में इंडी गठबंधन का खाता नहीं खुलने वाला : कालीचरण सिंह

संतोष सिन्हा

**बालूमाथ (आजाद सिपाही)।** भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह ने शुक्रवार को बालूमाथ टाउन को छोड़ बड़का बालूमाथ, नगड़ा, सेरेगड़ा, आरा, चमातु गणेशपुर मारंगलोईया मुरपा, भगेया में जनसंपर्क कर लोगों से भाजपा को भारी मतों से विजय दिलाने का अपील किया। वहीं भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह का महिलाओं ने आरती कर स्वागत किया तो कहीं सैकड़ों लोगों ने अंगवस्त्र देकर स्वागत किया।



जनसंपर्क कार्यक्रम में कालीचरण सिंह के साथ बालूमाथ पूर्व बीस सूत्री अध्यक्ष रविन्द्र सिन्हा उर्फ भानु, लक्ष्मण कुशवाहा, राम कुमार गुप्ता, प्रेम प्रसाद गुप्ता, चेतलाल रामदास, त्रिवेणी साहू, गिरधारी यादव, अमित कुमार, प्रदीप यादव, रंजीत गुप्ता, अर्जुन, नमेश्वर गुप्ता, फूलचंद गंझू, मंगल सिंह, मिथिलेश सिंह, संजय यादव, सुरज शाह, सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। जनसंपर्क के दौरान गांव में आयोजित जनसभा में भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह ने कहा है कि कांग्रेस समेत अन्य विपक्षी दल इस चुनाव में अपनी हार स्वीकार कर चुके है इंडी अलायंस में शामिल दल आपस में लड़ रहे है। झारखंड में इंडिया अलायंस का खाता नहीं खुलने वाला इन लोगों को झारखंड ही नहीं पूरे देश की जनता पूरी तरह से नकार चुकी है। श्री सिंह ने कहा कि विपक्षी दलों के नेता आदरणीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर अनर्गल टिप्पणी कर रहे हैं। लेकिन जनता 2019 की तरह ही इस बार भी इन परिवारवादी पार्टियों के झांसे में आने वाली नहीं है। जब इनलोगों की सरकार आती है, तो ये लोग फिर वही पुराने ढर्रे पर चलने लगते हैं। जबकि एनडीए की सरकार ने अपने कार्यकाल में न सिर्फ विकास की नदियां बहायी, बल्कि सबकों सम्मान और काम के साथ उनके घरों में खुशियां लाने का काम किया।

कालीचरण सिंह ने कहा कि जनता इस बार प्रधानमंत्री मोदी के संकल्प 'अबकी बार एनडीए 400 पार' को सिद्धि तक पहुंचायेगी और पुनः एनडीए की सरकार बनाने में अपना योगदान देगी। झामुमो, कांग्रेस और राजद के पास कोई मुद्दा नहीं है, इसलिए ये पार्टियां कभी फेक वीडियो, तो कभी अमर्यादित भाषा का प्रयोग कर जनता को भड़का रही है। इन पार्टियों ने हमेशा संविधान का अपमान करने का काम किया है जबकि एनडीए हमेश संविधान सम्मत काम करता है। यही कारण है कि देश की जनता ने लगातार दो बार एनडीए को अवसर दिया और तीसरी बार भी आशीर्वाद देकर विजय तिलक लगायेगी।

# मुस्लिम और आदिवासी समाज अब नहीं होगा राष्ट्रीय पार्टियों के शोषण का शिकार : चमरा लिंडा

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी चमरा लिंडा ने शुक्रवार को शहरी क्षेत्र के राहत नगर में आयोजित मुस्लिम अधिकार रैली को संबोधित किया। हजारों की संख्या में मुस्लिम अधिकार रैली में पहुंचे लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र के मुस्लिम समाज के लोगों को संबोधित करते हुए चमरा लिंडा ने कहा कि आपने अब तक जिन नेताओं को चुनाव जीता कर संसद भेजने का काम किया है। उन्होंने आपके लिए कुछ नहीं किया लेकिन अब वक्त आ गया है की आदिवासी और मुस्लिम समाज का सर्वांगीण विकास हो लोहरदगा लोकसभा सीट में आदिवासी और मुस्लिम समाज के मतदाता चुनाव जीता कर प्रत्याशियों को सांसद बनाते हैं लेकिन यही लोग सांसद बनने के बाद सबसे अधिक शोषण मुसलमान और आदिवासियों का करते हैं। उन्होंने कहा कि मुस्लिम समाज के लोग शिक्षा स्वास्थ्य रोजगार के लिए संघर्ष कर रहे हैं लेकिन उनकी समस्याओं को सुनने वाला कोई नहीं है। मुस्लिम समाज के बच्चों में प्रतिभा की कमी नहीं है लेकिन इस समाज से लोहरदगा में आईएएस आईपीएस और बड़े-बड़े अधिकारी नहीं बन रहे हैं। इसका एकमात्र कारण यह है कि नेताओं ने मुस्लिम समाज के बच्चों को बेहतर शिक्षा से वंचित रखने का काम किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और भाजपा की सरकारों ने सबसे ज्यादा मुस्लिम और आदिवासियों का शोषण करने का काम किया है लेकिन अब वक्त आ गया है कि अपने मताधिकार का प्रयोग करते हुए अपने वोट से इन दोनों पार्टियों को चोट दें और मुझे जिताकर संसद भेजने का काम करें मैं आदिवासियों और मुसलमानों के शिक्षा स्वास्थ्य रोजगार और आपके अधिकार के लिए काम करूंगा। सभा को कुरैश कांफ्रेंस के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हाजी अफसर कुरैशी ने भी संबोधित किया उन्होंने कहा कि चमरा लिंडा आदिवासी समाज के जमीन से जुड़े नेता हैं लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र की 90% आदिवासी आबादी चमरा लिंडा को वोट देने जा रही है इसलिए इस बार हम सबों को भारी संख्या में मतदान कर चमरा लिंडा को जीताने का काम करना है। वही अंजुमन इस्लामिया के पूर्व सेक्रेटरी हाजी सज्जाद खान ने कहा कि अभी जो कांग्रेस के प्रत्याशी है सुखदेव भगत उन्होंने भाजपा को ज्वाइन कर लिया था और भाजपा में जाने के बाद लगातार मुसलमानों के खिलाफ जहर उगलने का काम कर रहे थे। लोहरदगा के मुसलमान को रोहिंग्या मुसलमान साबित करने में लगे हुए थे वो मोदी सरकार के नीतियों का समर्थन करते थे। अचानक से उन्हें कांग्रेस पार्टी से टिकट मिला है तो मुस्लिम याद आ रहे हैं लेकिन इस बार मुस्लिम समाज अपना नेता खुद मेगा मुस्लिम मतदाता अपने हक और अधिकार की रक्षा के लिए मतदान करेगा। कार्यक्रम में लोहरदगा लोकसभा के मांडर विधानसभा लोहरदगा विधानसभा सिसई विधानसभा गुमला विधानसभा बिशुनपुर विधानसभा के हजारों की संख्या में जन प्रतिनिधि व मतदाता उपस्थित थे।



# सहारा के जमाकताओं और वर्करों की हर समस्या का निदान प्राथमिकता : समीर

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** सहारा इंडिया परिवार घाघरा एफसी के सभागार में लोहरदगा संसदीय क्षेत्र के बीजूपाडा, बेडो, सिसई, भरनो, बसिया ,गुमला, मांझा टोली ,टोटो, बिशुनपुर, घाघरा, सेन्हा, लोहरदगा, किस्को, कुंडू, कैरो और भंडरा ब्रांच के सैकड़ों कार्यकर्ताओं के उपस्थिति में लोहरदगा राज्य सभा सांसद सह भाजपा लोक सभा प्रत्याशी समीर उरांव उपस्थित हुए। उनका सहारा कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत गोपाल गोप द्वारा बुके और मनोज साहु द्वारा शॉल देकर सम्मानित किया गया। मौके पर लोक सभा प्रत्याशी समीर उरांव ने कहा कि आप सबों के कष्ट से मैं वाकिफ हूँ और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री सह सहकारिता मंत्री अमीत शाह इस मामले को सीधा देख रहें हैं। यह मामला उच्चतम न्यायलय के अधीन चल रहा है परन्तु अमित शाह के प्रयास से पोर्टल लॉन्च किया गया। जिसके माध्यम से सभी जमाकर्ता का भुगतान कराया जा रहा है। परंतु पोर्टल में हो रहे व्यवधान के कारण भुगतान जिस गति से होना चाहिए नहीं हो पा रहा है। आप सभी के सहयोग से मैं जीतकर संसद पहुंचता हुं तो पहला सवाल सहारा जमाकर्ता के भुगतान एवं कार्यकताओं के रोजगार के विषय को प्राथमिकता से रखने का काम करूंगा। आप सबों को न्याय दिलाने में अपना शत प्रतिशत लगाउंगा ।कार्यक्रम की अध्यक्षता गुमला रीजन के पुर्व रीजनल मैनेजर संदीप गुप्ता और लोहरदगा के आनंद केशरी ने किया। सभा का संचालन लोहरदगा सेक्टर मैनेजर हरीनाथ साहु ने किया । सभा के अंत में एक मांग पत्र सहारा कार्यकताओं के द्वारा समीर उरांव को दिया गया। जिसमे जमाकर्ताओं का भुगतान को प्राथमिकता के साथ इंगित किया गया।



## तेज आंधी बारिश से कई पेड़ धराशायी

**भंडरा (आजाद सिपाही)।** भंडरा प्रखंड में गुरुवार की देर शाम हुई तेज आंधी-बारिश से कई पेड़ गिर गए, तो कई लोगों का आशियाना उजड़ गया। भंडरा प्रखंड के गडरपो पंचायत में तेज आंधी-बारिश से सड़कों पर पेड़ गए। इसके अलावे पोड़हा गांव निवासी छतरु महतो के खपरैल घर के उपर विशालकाय पेड़ गिर गया। हालांकि पेड़ गिरने से किसी तरह की हताहत की घटना नहीं हुई है, परंतु छतरु महतो का मिट्टी का आशियाना पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है। इससे उसके घर में रखा सभी खाद्य सामग्री व कपड़ा पानी में भींग गया। इसकी सूचना भुक्तभोगी परिवार ने स्थानीय मुखिया सुमित उरांव को दी है। घटना की सूचना मिलते ही मुखिया सुमित उरांव ने पीड़ित परिवार से मिल परिवार के लोगों को रहने की व्यवस्था कराया। साथ ही आपदा विभाग से क्षतिपूर्ति राशि दिलाने का आश्वासन दिया है।

# पोस्टल बैलेट सुविधा केंद्र का डीसी ने किया निरीक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता

**लातेहार।** लातेहार जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त गरिमा सिंह ने बनवारी साहू महाविद्यालय, गांधी इंटर कॉलेज, लातेहार, व अनुमंडल कार्यालय लातेहार में बनाये गए पोस्टल बैलेट सुविधा केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होने सुविधा केंद्र में उपलब्ध सुविधाओं, विधि व्यवस्था, मतदान कार्यों का जायजा लिया। विदित हो कि चुनाव और आवश्यक ड्यूटी में लगाये गए अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए जिले में पोस्टल बैलेट से मतदान शुक्रवार से शुरू किया गया है। सभी सुविधा केंद्रों पर सुबह 9.00 बजे से शाम 5:00 बजे तक मतदान का समय निर्धारित है। पहले दिन सुविधा केंद्र चुनाव में आवश्यक ड्यूटी में लगाये गए अधिकारी व कर्मी जिनके संसदीय क्षेत्र में चौथे एवं पांचवें चरण में लोकसभा चुनाव होना है उन्होंने अपने मताधिकार का प्रयोग पोस्टल बैलेट से किया। चौथे चरण के लोकसभा चुनाव वाले जिलों का 10 से 12 मई तक, पांचवें चरण के लोकसभा चुनाव वाले जिलों का 10 से 13 मई तक, छठे चरण के लोकसभा चुनाव वाले जिलों का 14 से 18 मई ओर सातवें चरण के लोकसभा चुनाव वाले जिलों का 21 से 25 मई तक पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान कराया जायेगा।



## महत्वपूर्ण खबरें

### ना दूरी है ना खाई है मोदी हमारा भाई है : मौलाना अशरफी



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय सहसंयोजक मुस्लिम राष्ट्रीय मंच उलेमा प्रकोष्ठ सह भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष मौलाना जियाउल हक अशरफी ने मार्गदर्शक मुस्लिम राष्ट्रीय मंच डॉक्टर इंद्रेश कुमार की रहनुमाई में मौलाना अशरफी भाजपा जिला एवं प्रखंड कमेटी की निगरानी में निरंतर ऊपर नारी, कासियाडी रोड, कोच, तथा बाल टोली, ग्रामीण क्षेत्रों में जनसंपर्क चलाया जा रहा है और मुस्लिम राष्ट्रीय मंच का बहुमूल्य पर्चा ना दूरी है ना खाई है मोदी हमारा भाई है इस लेखक को मुस्लिम अल्पसंख्यकों के बीच तकसीम किया गया। गुलजार आलम की अगवाई में आदिवासी भाइयों से भी भाजपा प्रत्याशी समीर उरांव को भारी मतों से विजय बनाने का मौलाना अशरफी द्वारा आह्वान किया गया और केंद्र में एक बार फिर मोदी सरकार बनना तय है। जैसा कि पूरे भारतवर्ष में एक खूबसूरत वातावरण का माहौल बना है। इस मौके पर जनसंघ के नेता यूनुस खान, इरफान अहमद, जमील खान, शकील अहमद, ज्योतिष कुमार, भाजपा युवा सदस्य गुलशाद अशरफ तथा भारी संख्या में लोग मौजूद थे।

### केवाइसी एप पर मिलेगी अभ्यर्थियों की जानकारी

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** लोकसभा आम निर्वाचन, 2024 के अंतर्गत लोकसभा क्षेत्र 12–लोहरदगा में मतदान की तिथि 13 मई 2024 निर्धारित है। ऐसे में एक मतदाता के रूप में अपने अभ्यर्थियों की जानकारी बहुत ही आवश्यक हो जाती है। भारत निर्वाचन आयोग की ओर से मोबाईल एप केवाईसी एड्रॉयड मोबाईल के प्ले स्टोर पर उपलब्ध है। इस मोबाईल को प्ले स्टोर के माध्यम से डाउनलोड व इंस्टॉल कर देश के किसी भी लोकसभा व विधानसभा क्षेत्र के अभ्यर्थी की जानकारी प्राप्त की जा सकती है। इसमें अभ्यर्थी के नाम, पता, उसकी संपत्ति, उसकी शैक्षणिक योग्यता, उस पर लंबित आपराधिक मामले, दोषसिद्धि मामले, आश्रितों का नाम, आजीविका, आय का स्त्रोत, अभ्यर्थी का निर्वाचन क्षेत्र, डाक का पता, दायित्व आदि की संपूर्ण जानकारी रहती है।

### पोस्टल बैलेट से पहले दिन 6 लोगों ने डाला वोट

**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** बरवाडीह प्रखंड मुख्यालय में सरकारी कर्मियों के लिए राजकीय कृत कन्या मध्य विद्यालय में बनाये गये मतदाता सुविधा केंद्र में पहले दिन पोस्टल बैलेट के माध्यम से 6 सरकारी कर्मियों ने अपना मतदान किया। सहायक निर्वाचन पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी मनोज कुमार और बीडीओ रेशमा रेखा मिंज की देखरेख में राजकीय कृत कन्या मध्य विद्यालय सुविधा केंद्र में सर्वप्रथम पुलिस जवान रवि कुमार द्वितीय प्रवेश यादव तृतीय मे पुलिस अवर निरीक्षक राधेश्याम कुमार ने पोस्टल बैलेट से अपना पहला मतदान किया। उसके बाद अन्य पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मियों ने अपना मतदान किया।




### लोकतंत्र की मजबूती और देश की उन्नति के लिए शत प्रतिशत मतदान करें: मनोज




**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** छोटानागपुरिया तेली उत्थान समाज के जिला कार्यकारी अध्यक्ष मनोज साहु एवं संरक्षक प्रो शिवदयाल साहु व नन्द किशोर साहु ने संयुक्त ब्यान जारी कर समाज के सभी मतदाताओं से अपील किया कि लोकतंत्र के मजबूती एवं देश के उनती के लिए अपने अपने मत का प्रयोग करें। प्रो शिवदयाल साहु ने कहा की पांच वर्षों में जनता को अपने मतदान करने और योग्य सांसद और स्थाई सरकार चुनने का सुअवसर प्राप्त होता है इससे देश सशक्त होता है। रोजगार , शिक्षा ,अच्छी सड़कें, शुद्ध जल और विकास होता है। चुनाव में एक एक वोट का बहुत ही महत्व है इस लिए अपने अपने मतदान केंद्र में जाकर अपना वोट जरूर दें। मनोज साहु ने कहा कि लोकतंत्र के महापर्व के महाउत्सव में आइए हम सब मिलकर बिना भय बिना लालच और बिना बहकावे के स्वविवेक से अच्छे एवं योग्य प्रत्यासी को अपना बहु मुल्य वोट देने के लिए अपने नजदिकी बूथ में जाकर वोट देने का अपील किया एवं अपने अगल बगल के सभी मतदाता को भी वोट के लिए प्रेरित करें कोई मतदाता छूटे नहीं।

# भूमि पूजन के साथ शनिदेव मंदिर निर्माण कार्य शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता

**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखंड के मुख्य बाजार स्तिथ ऐतिहासिक वर्षो पुरानी पीपल पेड़ के नीचे दुर्गा मंडप परिसर में शुक्रवार को अक्षय तृतीया के शुभ मुहूर्त के अवसर पर शनि देव महाराज के मंदिर निर्माण कार्य का भूमि पूजन कर शुरू किया गया। शनि देव मंदिर निर्माण कार्य का भूमि पूजन में मुख्य यजमान बाजार दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष राकेश अग्रवाल व उनकी पत्नी सरिता अग्रवाल द्वारा वही पंडित राकेश मिश्रा के वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ भूमि पूजन कार्य कराया गया। इस अवसर पर मुख्य यजमान द्वारा शनिदेव मंदिर निर्माण का नींवभी रखी गई। इस अवसर पर दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष राकेश अग्रवाल ने बताया कि प्रखंड के सबसे पुराने पीपल वृक्ष के नीचे वर्षो से शनिदेव की पूजा अर्चना होती आ रही है, जिसे देखते हुई समाज हित में प्रखंड में शनि देव मंदिर निर्माण का निर्णय लिया गया। जिसे आपसी सहयोग से शनि देव मंदिर का भूमि पूजन कर निर्माण कार्य शुरू किया गया है। मौके पर शैलेंद्र कुमार सिंह सिंपी, इकबाल सिंह, मोहित कुमार,हर्ष अग्रवाल,गोपाल सोनी, जगदंबा अग्रवाल, पिकू अग्रवाल,राकेश अग्रवाल, मुकु अग्रवाल समेत आसपास के दुकानदार मौजूद थे।



## सेन्हा में 8 वाहनों का कटा सीजर

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** आगामी लोकसभा लोहरदगा चुनाव को मद्देनजर रखते हुए जिला निवार्ची पदाधिकारी सह उपायुक्त डॉ0 बाघमारे प्रसाद के निर्देश पर मतदान कर्मियों को सुविधा देने हेतु परिवहन विभाग के द्वारा सेन्हा थाना के समीप वाहनों की धरपकड़ अभियान के तहत 8 छोटी वाहनों का सीजर लिस्ट काटा गया। वाहन जब्ती कोषांग सह परिवहन एमवीआई पदाधिकारी अमरेंद्र गिरी के उपस्थिति में पुलिस बल के सहयोग से सीजर लिस्ट काटा गया। इस दौरान एमवीआई पदाधिकारी अमरेंद्र गिरी ने बताया कि सभी वाहन चालक को वाहन जप्ती तथा जमा करने का एक नोटिस दिया गया है। जिसके तहत संबंधित वाहन मालिकों को निर्धारित तिथि को लोहरदगा चुनाव कोषांग परिसर में सम्बंधित पदाधिकारी के समक्ष वाहन को जमा करने का निर्देश दिया गया है।

# अक्षय तृतीया पर बाल विवाह रोकथाम के लिए मंदिरों में चला जागरूकता अभियान

आजाद सिपाही संवाददाता

**बरवाडीह।** अक्षय तृतिया पर बाल विवाह के रोकथाम के लिए मंदिरों में विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। झारखंड सरकार के निदेर्शानुसार अक्षय तृतिया पर्व के अवसर पर संभावित बाल विवाह के रोकथाम हेतु जिला बाल संरक्षण इकाई लातेहार के नेतृत्व में बचपन बचाओ आंदोलन वैदिक समिति चाइल्ड हेल्पलाइन और स्थानीय पंचायत जनप्रतिनिधियों की ओर से विशेष अभियान चलाया गया। शुक्रवार को बरवाडीह प्रखंड अंतर्गत पहाड़ी शिव मंदिर में बाल विवाह रोकथाम सह जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कर लोगों को जागरूक किया गया। मौके पर जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी रीना कुमारी ने कहा कि बाल विवाह सभ्य समाज के लिए एक अभिशाप है। इसकी रोकथाम के लिए कई स्तरों पर प्रयास जारी है। लातेहार जिला में बचपन बचाओ आंदोलन और स्वयंसेवी संस्था वैदिक सोसाइटी जिला प्रशासन के साथ मिलकर बाल विवाह के रोकथाम हेतु सकारात्मक प्रयास कर रही है। जिला बाल संरक्षण इकाई के वैदिक सलाहकार मनोज कुमार सिंह ने कहा कि 18 वर्ष से कम उम्र के लड़की और 21 वर्ष से कम उम्र के लड़के का विवाह कानून में जुर्म है। इसके खिलाफ लोगों को सजग होकर बाल विवाह रोकने के लिए सकारात्मक पहल करने की जरूरत है। इस दौरान मंदिर परिसर में पोस्टर चिपकाकर एवं उपस्थित ग्रामीणों के बीच पंपलेट का वितरण कर लोगों को बाल विवाह कानून की जानकारी दी गयी। मौके पर पोखरी कला मुखिया नीतू देवी, बचपन बचाओ आंदोलन से रविशंकर, वैदिक सोसाईटी के समंवयक प्रेम प्रकाश, काउंसलर आरती कुमारी, रूबी कुमारी, कुणाल कुमार, पीएलवी सबिता देवी, रेलवे चाइल्ड हेल्पलाइन समन्वयक विनोद प्रजापति, दीपनारायण यादव समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।




# लातेहार और लोहरदगा में धूमधाम से मनी परशुराम जयंती

आजाद सिपाही संवाददाता

**लातेहार।** लातेहार शहर के अमवाटीकर के श्री हनुमान मंदिर परिसर में ब्राह्मण समाज के तत्वावधान में शुक्रवार को परशुराम जयंती मनायी गयी.इस कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष प्रेमचंद पांडेय ने मौके पर मौजूद लोगों ने विष्णु अवतार परशुराम के चित्र पर माल्यापर्ण किया. इस अवसर पर श्री ब्रजांग देव संस्थान के संस्थापक त्रिभुवन पांडेय ने कहा कि हर साल बैशाख मास में शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को भगवान परशुराम की जयंती मनायी जाती है. इस दिन को अक्षय तृतीया भी कहते हैं परशुराम भगवान विष्णु के 10 अवतारों में से एक हैं रामायण व पुराणों में दर्ज है कि परशुराम का जन्म ब्राह्मण ऋषि से हुआ था परशुराम उस युग के सबसे क्रोधी ब्राह्मण या साधु माने जाते थे. मौके पर मंदिर के पुजारी संजय पांडेय, नरेश पाठक, ललित पाठक, कमलेश तिवारी, राजन तिवारी, पंकज तिवारी, अंकित पांडेय, नरेंद्र पांडेय, सुकन्या देवी, यशोदा देवी समेत कई लोग मौजूद थे।



## अक्षय तृतीया पर जमकर हुई खरीदारी

**लोहरदगा।** जिले में शुक्रवार को अक्षय तृतीया के अवसर पर जिले में कूलर, रेफ्रिजरेटर, अलमारी, वाशिंग मशीन आदि इलेक्ट्रॉनिक्स गैजेट्स के खरीदारी लोगों ने की। तो वहीं हाल के दिनों में काफी महंगे होते जा रहे सोने, चांदी तथा हीरे की निर्मित आभूषणों की खरीदारी भी जमकर की। शास्त्रों के अनुसार ऐसी मान्यता है कि अक्षय तृतीया के दिन धातु खरीदना, विशेष कर सोना, चांदी, हीरा आदि रत्न खरीदना शुभ माना जाता है। सरार्फा व्यवसायी संजय बर्म्मन ने बताया कि 10 ग्राम सोना 67500 तथा चांदी 860 रुपया होने पर भी लोगों ने सोने, चांदी के प्रति जहां लोगों ने उत्साह पूर्वक खरीदारी की। वहीं अब हीरे की खरीदारी भी हर वर्ग लोग कर रहे हैं।



# निर्वाचन ड्यूटी में लगे कर्मियों ने किया मतदान

आजाद सिपाही संवाददाता

**बलूमाथ।** लोकसभा चुनाव 2024 में निर्वाचन ड्यूटी में लगे सरकारी कर्मियों ने पोस्टल बैलेट के माध्यम से शुक्रवार को बलूमाथ स्थित राजकीयकृत उच्च विद्यालय + 2 में बनाये गए मतदाता सुविधा केंद्र में अपने मताधिकार का प्रयोग करते हुए मतदान किया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त लातेहार गरिमा सिंह के निर्देश पर चतरा लोकसभा तथा अन्य लोकसभा क्षेत्र के सरकारी कर्मियों के लिए अलग अलग दो मतदान केंद्र बनाये गए थे। अन्य लोकसभा क्षेत्र में पचपन वोटर बलूमाथ प्रखंड से नामित थे। चतरा लोकसभा के नामित मतदाताओं के लिए बनाए गए मतदान केंद्र के लिए चंदवा के अंचल अधिकारी जय शंकर पाठक को अटेस्टेशन प्रभारी बनाया गया था। जबकि पोलिंग पदाधिकारी के रूप में डीके वर्मा, अंचला रानी एवं ललिता कुमारी तैनात रहे। अन्य लोकसभा क्षेत्र के लिए बनाये गए मतदान केंद्र में अटेस्टेशन प्रभारी के रूप में जिला मृदा पदाधिकारी मुक्ता रानी जबकि पोलिंग पदाधिकारी के रूप में पृथ्वी राज, रूचि शर्मा तथा संध्या गुप्ता तैनात थे।

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में की जनसभा

# मोदी जी गरीब का बेटा हैं, उन्हें एक बार फिर पीएम बनाना है






आजाद सिपाही संवाददाता

**चैनपुर।** लोहरदगा लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी समीर उरांव के पक्ष में चुनाव प्रचार करने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साईं गुमला जिला के चैनपुर प्रखंड के छतरपुर बगीचा में पहुंचे। इस दौरान सांसद प्रत्याशी समीर उरांव सहित भाजपा के वरिष्ठ नेताओं का कार्यकर्ताओं में उनका जोरदार स्वागत किया। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को सुनने के लिए छतरपुर बगीचा में लोगों हुजूम उमड़ पड़ी। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ व झारखंड जुड़वा प्रदेश है दोनों प्रदेश का जन्म एक साथ हुआ है प्रधानमंत्री मोदी जी गरीब का बेटा है जिन्हें एक बार पुनः प्रधानमंत्री बनाना है। गरीब ही गरीब का सुख-दुख को समझ सकता है। हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हर दिन 18 घंटा काम करते हैं गरीबों के लिए पक्का मकान, शौचालय, गैस सिलेंडर, बैंक खाता खोलने उनके खाते में सीधा पैसा भेजने, आयुष्मान कार्ड, घर-घर बिजली पानी देने, अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण, धारा 307 हटाने का काम उन्होंने किया है' पिछले 10 वर्ष में हमारा देश पांचवा स्थान पर आ गया है' उसे तीसरे स्थान पर ले जाने हेतु आगामी 13 में को कमल का बटन दबाकर लोहरदगा लोकसभा के प्रत्याशी समीर उरांव जी को यहां से भारी मतों से विजय बनाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों को मजबूत करें। मौके पर लोकसभा प्रत्याशी समीर उरांव पूर्व स्पीकर दिनेश उरांव, सांसद सुदर्शन भगत, जशपुर की विधायक रायमुनि देवी, कमलेश उरांव, पूर्व विधायक शिव शंकर उरांव, शिवप्रसाद साहू, जिला महामंत्री मिशिर कुजूर दामोदर कसेरा, विनोद कुमार, निर्मल गोयल, अरविंद मिश्रा, देवेंद्र लाल उरांव, सोनामणि देवी, ज्योति देवी, संगीता देवी, रुक्मणि देवी, आजसू जिला अध्यक्ष दिलीप नाथ साहू, अमित किशोर पांडेय, बुधराम नायक, अवधेश प्रताप सहदेव, नीरज शर्मा, भूषण सिंह, बोनीफाश कुजूर, मनोज कुमार प्रदीप केशरी, राजेशरन भगत, अनिल केशरी, कौशल केशरी, भूषण सिंह, गोपाल सिंह अरविंद मौर्य, दीपक रजक, शिवम केशरी, मंजू देवी, अर्चना देवी, चंद्र किरण देवी, अनिता देवी, ममता देवी, उर्मिला देवी, शोभा देवी उपस्थित थे।

# सिकल सेल और एनीमिया पीड़ित मरीजों के लिए 5 यूनिट किया रक्तदान

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** मिशन बदलाव के नगर सचिब बिनय गोप, नगर अध्यक्ष ज्योति वर्मा, सचिव ज्योति गोलेरिया कुजूर और अधिवक्ता सचिदानंद गोप ने ब्लड डोनेट के लिये समन्वय किया मिशन बदलाव के ऊजार्वान सदस्य अशोक तिर्की और उनके सहयोगी मित्र प्रेम उरांव जी के सहयोग से 5 वर्ष की बच्ची जो एनीमिया बीमारी से पीड़ित है उसे ए पॉजिटिव ब्लड दिया गया। 11:00 बजे मिशन बदलाव सदस्य शह रक्तदान प्रभारी सुशील इंदवार को एक बच्ची की मां का फोन आया उन्होंने बताया कि पॉजिटिव ब्लड की जरूरी है। उन्होंने ने मिशन बदलाव सदस्य अशोक तिर्की को बोला कि एक बच्ची को ए पॉजिटिव ब्लड की अति आवश्यकता है। तब वे तत्काल अपने सहयोगी मित्र प्रेम उरांव के साथ सदर अस्पताल गुमला पहुंचे। और उस बच्ची को प्रेम उरांव जी ने ए पॉजिटिव ब्लड दिया यह बच्ची जिसका नाम सुभद्रा कुमारी पिता कृष्णा तिर्की गांव कारालोया बसिया की रहने वाली है। इस बच्ची को ब्लड मिलने के बाद इसके घरवाले ने आभार प्रकट किया। सुदूरवर्ती इलाके होने के वजह से ग्रामीणों में जागरुकता नहीं है। जिसके वजह से रक्तदान के लिये कोई आगे नही आते है। मिशन बदलाव के महिला कमिटी के नगर अध्यक्ष ज्योति वर्मा एवम सचिव ज्योति ग्लोरिया कुजूर और नगर अध्यक्ष विनय गोप के पास मरीज के परिजनों ने रक्त की मांग किया था और ब्लड के व्यवस्था के लिये बहुत परेशान थे, मिशन बदलाव सदस्य बुधेस्वर टोप्पो ने बताया कि मांगरा उरांव जिनके सहारा में कोई नहीं हैं, बेटी लोग है पर सब लोग अपना-अपना ससुराल में हैं एक बेटी अभी आई हुई है। सादर अस्पताल गुमला में पिछले शनिवार को ही भारती हुवे हैं आज एक सप्ताह हो गया, इनको ब्लड नहीं मिल रहा था अंत में इनकी पत्नी और बेटी आज डिस्चार्ज करा के घर ले जा रहे थे। इसकी सूचना मिलते ही हम परिवार वालों से सम्पर्क कर रूकने के लिए बोले और ड्यूटी छोड़ सिमडेगा से आकर रक्तदान किया ।

पत्नी और बेटी बहुत खुश हैं।आज ब्लड डोनेट करने वालो में हर्षित कुमार और अमित कुमार ने भी डोनेट किया,मिशन बादलाव सदस्य बुधेस्वर टोप्पो ने रक्तदान कर कहा कि ईश्वर ने मुझे यह अवसर दिए इसलिए मैं बहुत बहुत धन्यवाद करता हूं।

# चार युवकों ने पुलिस जवान पर चाकू से किया हमला, रिम्स रेफर

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** लक्ष्मण नगर लिप्टिस बगीचा के समीप गुरुवार की रात चार युवक शराब पी रहे थे वहीं हो हल्ला भी कर रहे थे तभी लक्ष्मण नगर निवासी शशि साहू उन्हें उक्त स्थल पर शराब पीने से मना किया। कहा यहां पारिवारिक लोग निवास करते हैं हो हल्ला से माहौल खराब होता है इसी बात को लेकर युवक आक्रोशित हो गये और ताबड़तोड़ शशि के पेट व जांघ में चाकू से हमला कर दिया उसे आठ चाकू मारी गयी। इसके बाद युवक भागते हुए नजदीक के एक घर में घुस गया और अपनी जान बचाई वही तत्काल स्थानीय लोग उसे सदर अस्पताल ले गये जहां प्राथमिक इलाज के उपरांत उसे रिम्स रांची रेफर कर दिया गया जानकारी के मुताबिक युवक पुलिस लाइन में कांस्टेबल के पद पर कार्यरत है ड्यूटी समाप्त कर अपने घर लौटा खाना-पीना खाकर रात के करीब 8:00 बजे घर के बाहर निकला तभी युवकों को हल्ला गुल्ला और शराब पीता देख उन्हें मना किया इसके बाद अपने मोबाइल में क्रिकेट मैच देखने लगा तभी चारों युवक पीछे से आए और ताबड़तोड़ चाकू से उस पर हमला कर दिया। घायल शशि ने बताया हमला करने वाला युवक का नाम डुंडल है और वह चार दिन पूर्व ही जेल से छूटकर बाहर आया है वही तीन अन्य लोगों को वह नहीं पहचान पाया।

# सुखदेव भगत ने डुमरी प्रखंड के कई गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाया



आजाद सिपाही संवाददाता

**डुमरी।** लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी सुखदेव भगत द्वारा शुक्रवार को डुमरी प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों का दौरा कर जनसंपर्क अभियान चलाया गया जहां कांग्रेस प्रत्याशी सुखदेव भगत ने ग्रामीणों को जागरूक करते हुए कहा कि राज्य और देश की वर्तमान स्थिति को देखते हुए आगामी 13 मई को मतदान केंद्र जाकर भारी से भारी संख्या में कांग्रेस प्रत्याशी सुखदेव भगत को भारी से भारी संख्या में चुनाव चिन्ह हाथ छाप में वोट देकर विजय बनाने की अपील की गई मौके पर अध्यक्ष राजेश केरकेट्टा, प्रदीप मिंज, मीना लकड़ा, डेविड मिंज, बेलसाजार मिंज, सुरेंद्र उरांव, पंकज लकड़ा, दिनेश उरांव, रोहित आलम, द्रोथिया तिर्की, गोरती कुजूर, फिरासत अली सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# मोबाइल चार्जिंग के दौरान करंट लगने से युवती घायल

आजाद सिपाही संवाददाता

> घटना में उसका हाथ पीठ व पैर झुलस कर जल गया उसके कपड़े में भी आग लग गयी

**गुमला।** बिशनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत चेगरी नवा टोली निवासी 21 वर्षीय अमृता कुमारी मोबाइल चार्ज करने के क्रम में करंट की चपेट में आने से गंभीर रूप से जख्मी हो गयी। तत्काल उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिशुनपुर ले गये जहां से सदर अस्पताल गुमला रेफर कर दिया गया। जहां उसका इलाज चल रहा है घटना में उसका हाथ पीठ व पैर झुलस कर जल गया उसके कपड़े में भी आग लग गयी जानकारी के मुताबिक शुक्रवार की सुबह लगभग 7 बजे युवती अपने घर में मोबाइल चार्ज करने के लिए स्विच मोबाईल में लगायी और एक हाथ में चार्जर का तार पकड़ स्विच ऑन की वैसे ही मोबाइल के चार्जर में करंट प्रवाहित हो गया और उसमें आग लग गयी। जिससे वह करंट की चपेट में आ गयी आग लगने से उसका कपड़ा जलने लगा चीखने चिल्लाने पर परिजन दौड़ कर आए और आग को बुझाया। सदर अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है।

# विचारधारा से प्रभावित होकर भाजपा के नवयुवक साथियों ने थामा कांग्रेस का दामन

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** प्रखंड कांग्रेस कमेटी बसिया के अध्यक्ष विकास साहू के नेतृत्व में किंनीरकेला ग्राम में कांग्रेस की एक बैठक हुई जिसमें मुख्य रूप से प्रदेश महासचिव रोशन बरवा ने कांग्रेस की गारंटी व क्षेत्र की विकास के बारे में ग्राम वासियों को बताते हुए कहा कि आज भारत जीस विषम परिस्थिति से गुजर रही है जहां विकास को ठेंगा दिखाते हुए सिर्फ धर्म और जात-पात की राजनीति केंद्र के भाजपा के सरकार के द्वारा किया जा रहा है जो काफी दुर्भाग्यपूर्ण है। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव रोशन वर्मा को कोऑर्डिनेटर प्रदीप केसरी जी संतोष कुमार गुप्ता अमरजीत गंगवार जी मुमताज खान विलियम मंगल देव खड़िया जगदेव नायक के साथ सैकड़ो कार्यकर्ता और ग्रामीण उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में भाजपा से कांग्रेस में शामिल होने वाले कार्यकर्ताओं में परमानंद सिंह, युगल प्रकाश सिंह, मनभरण नायक, तिलेश्वर सिंह, अनुराग सिंह, अंकित साहु, दीप नारायण सिंह, कर्मपाल नायक, अनिल सुरीन, वीरेंद्र सिंह, चंद्रपाल सिंह ,अनूप साहू, दशरथ साहू ,अजय साहू ,मनीष सिंह, मनोज साहू, पवन सिंह, दिलीप हजाम, कमल साहू ,अमित साहू, पवन साहू, भोला साहू, देवेंद्र साहू, दीपक हजाम, मनोज सिंह, अनिल लोहार, सुबोध सिंह, गिरधारी साहू, भूपेंद्र सिंह, जतन सिंह, फूलचंद साहू, कलिंदर साहू, राम साहू , सुरेंद्र साहू ,बुधवा बडाईक, लालजी नायक, सहित साठ कार्यकताओं ने भाजपा के विचारधारा को छोड़ कांग्रेस के विचारधारा को अपनाते हुए कांग्रेस की सदस्यता ली

## मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**गुमला (आजाद सिपाही)।** ग्राम सेवा पथ ट्रस्ट गम्हरिया घाघरा के तत्वाधान में सदर अस्पताल नर्सिंग कॉलेज गुमला में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सिविल सर्जन डॉक्टर राजू कच्छप थे उन्होंने ने कहा कि हमें 13 मई को मतदान देने जाना है और साथ ही साथ हमें एक अच्छे जनप्रतिनिधि का चुनाव कर अच्छे राष्ट्र के निर्माण में अपना योगदान दे सकते हैं साथ ही साथ मेजर और नर्सिंग कॉलेज की प्रिंसिपल नीरजा केरकेट्टा जी ने कहा कि हमें इस महापर्व में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेना है और साथ ही साथ अनेक आम जनों को भी इस मतदान में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु प्रेरित करना है। इस कार्यक्रम में काफी संख्या में लोग शामिल थें

# एनआइए की टीम नक्सली लजीम से जुड़ी चिट्ठी के एक मामले की तफ्तीश में जुटी, परिजन पहुंचे थाना

सुधाकर कुमार



**गुमला (आजाद सिपाही)।** एनआइए की तीन सदस्यीय टीम शुक्रवार को गुमला पहुंच कर स्थानीय पुलिस के साथ मिलकर बीते वर्ष पुलिस मुठभेड़ में मारे गये नक्सली लजीम से जुड़े चिट्ठी के एक मामले की तफ्तीश में जुटी हुई है। मामले को लेकर एनआइए की टीम ने लजीम के सगे बड़े भाई, भतीजा व एक अन्य रिश्तेदार को सदर थाना लेकर घंटो पूछताछ की। यह पूछताछ देर शाम तक जारी रहा। पूछताछ के दौरान लजीम के रिश्तेदार एनआइए को सहयोग करते दिखे। साथ ही एनआइए के हर सवाल का जवाब दिया। लजीम के परिजनों ने बताया कि सुबह में एनआईए के अधिकारियों का उनके पास फोन आया था। फिर वे लोग लजीम के भाई, भतीजा व एक अन्य रिश्तेदार को कुछ पूछताछ किए जाने को लेकर सदर थाना बुलाये। लेकिन फिर उन्हें वापस गांव भेज दिया। इसके बाद टीम खुद गांव आकर उपरोक्त तीनो रिस्तेदारो को साथ लेकर थाना ले आई। थाना लाने के बाद उनसे नक्सली लजीम द्वारा वर्ष 2021-22 में अपने शीर्ष नेतृत्व को लिखे गये एक चिट्ठी के बावत पूछताछ की। एनआइए ने उनसे पूछा कि उक्त चिट्ठी को शीर्ष नेतृत्व तक किसने पहुंचाया था। उक्त चिट्ठी को किसने लिखा था। चूंकि उक्त चिट्ठी को लेकर लजीम के भाई व दामाद के ऊपर प्राथमिकी दर्ज है। तीनो ने उपरोक्त सवालों के जवाब एनआइए को दिए। साथ ही चिट्ठी के लिखने अथवा कहीं पहुंचने में अपनी संलिप्तता से इनकार किया। इधर लजीम के परिवार के तीन लोगो को एनआइए द्वारा लाए जाने के बाद उनके कई परिजन भी थाना पहुंचे हुए थे। परिजनों ने ही सभी जानकारी दी।

साथ ही बताया कि एनआइए ने उन्हेंआश्वस्त किया है कि अगर किसी भी मामले में उनकी संलिप्तता नही होगी तो उन्हें दोष मुक्त कर दिया जायेगा। फिर एनआईए द्वारा लाये गये तीनो रिस्तेदारो को रात करीब 7:15 बजे एक नोटिस देकर छोड़ दिया। परिजनों ने बताया कि एनआइए द्वारा तीनो लोगो को नोटिस के माध्यम से 17 अप्रैल को रांची कार्यालय में उपस्थित होने का निर्देश दिया गया है।

# झामुमो ने कालीचरण मुंडा के पक्ष में चुनाव प्रचार किया



आजाद सिपाही संवाददाता

**सिमडेगा।** झामुमो जिला कमेटी ने कोलेबिरा के बंदरचोवन, लुढ़गी, दूरिलारी, घसीलारी, बरवाडीह, कॉन्डकेरा, शाहपुर, बोरसलोया, गढ़ाटोली, जोन्हाटोली, बॉबोटोली आदि गांव में तूफानी दौरा करते हुए, कइ बैठक किया जिसमें महागठबंधन के नीति सिद्धांत मेनिफेस्टो के बारे में विस्तार से चर्चा किया गया। और इस बार इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी कालीचरण मुंडा को जिताकर महागठबंधन को मजबूत करना है'साथ ही कहा गया अभी कई निर्दलीय प्रत्याशी आयेंगे और अपने जाल में फसाना चाहेंगे लेकिन उसमें फंसना नहीं है लेकिन एक मुस्त होकर सिर्फ और सिर्फ महागठबंधन के प्रत्याशी को जिताना है।

मौक पर जिलाध्यक्ष अनिल कंडुलना, जिला सचिव सफीक खान, जिला कोषाध्यक्ष नोवास केरकेट्टा, युवा मोर्चा सचिव राजेश टोपपो, प्रखंड अध्यक्ष प्रकाश बागे, प्रखंड सचिव वकील खान आदि उपस्थित थे।

# नप से आवास मिलने के नाम पर 15 सौ रुपये की ठगी, 4 हजार पुन : मांगे

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** शहरी छेत्र के दुंदुरिया निवासी सुषमा शर्मा नामक विधवा महिला से नप विभाग आवास पास होने के नाम पर 15 सौ रुपये की ठगी किये जाने का मामला प्रकाश में आया है। मामले को लेकर सुषमा ने थाना पहुंच कर पुलिस से शिकायत करते हुए कार्रवाई की मांग की है। सुषमा ने बताया कि वह लोगो के घरों में काम कर किसी तरह अपने बच्चो की परवरिश करती है। उनके पति का निधन हो चुका है। पति के निधन के बाद वह बच्चो को साथ लेकर अपने भैंसुर के पुराने मकान में रहती है। जबकि संपति बंटवारे में उन्हें परती जमीन मिला है। ऊकत परती जमीन में आवास बनाने को लेकर वह कई बार नप में आवेदन कर चुकी है। मगर उन्हें आवास का लाभ नही मिल पाया है। वह वर्ष 2023 में भी आवास के लिए आवेदन की है। मगर इस आवेदन किये जाने के बाद आवास मिलने की आस में अब तक निगाहें नप पर टिकाए बैठी है। सुषमा ने बताया कि शुक्रवार को उन्हें मोबाइल नंबर 7318580725 से दोपहर करीब तीन बजे फोन आया। फोन करने वाला व्यक्ति उन्हें उनका आवास पास होने व एक आवेदन के एवज में 15 सौ रुपये की मांग की। जिसके बाद वह गरीबी व पैसा होने नही होने की बात कही तो उन्हें आवास का लाभ से नाम कटने की चेतावनी दी गयी। जिसके बाद सुषमा ने लोगो से उधार लेकर ऊकत मोबाइल नंबर में व्यक्ति के कहे अनुसार 15 सौ रुपया बाहर से फोन पे करवा दी। इसके बाद शाम करीब 5 बजे उन्हें ऊकत नंबर से पुनः फोन आया। फिर फोन करने वाला व्यक्ति उनके आवेदन में पैन कार्ड नही होने की बात कहकर 4 हजार रुपया भेजने की बात कही। जिसके बाद सुषमा को ठगी किये जाने का एहसास हुआ।

## बिजली के पोल में लगी आग, मची अफरा तफरी

**गुमला (आजाद सिपाही)।** शहर के धोबी मोहल्ला वार्ड नंबर 15 के चौराहे में स्थित पोल के तारों में अचानक आग लग गयी। इसके बाद आग धू धू कर जलने लगी। वही लोगों के बीच अफरा तफरी मच गयी। लोग घरों से बाल्टी में पानी लेकर निकले और आग पर पानी मारकर बुझाने की कोशिश की। काफी मशक्कत के बाद आग बुझ गयी। वहीं लोगों में डर देखा गया की कहीं तार टूट कर नीचे ना गिर जाए और कोई उसकी चपेट में ना आ जाए। हालांकि आग पर काबू पा लिया गया। आग कैसे लगी यह पता नहीं चल पाया।

शायद गर्मी की वजह से या तारों के परस्पर मिलने से आग लगी होगी। इसके बाद स्थानीय लोगों ने बिजली विभाग को फोन कर घटना की जानकारी दी।

## कालीचरण मुंडा के नाम पर सोशल मीडिया में गलत पोस्ट वायरल करने पर प्राथमिकी : अजय सहदेव



**सिमडेगा (आजाद सिपाही)।** लोकसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस पार्टी की ओर से खूंटी लोकसभा के लिए नियुक्त पर्यवेक्षक डॉ अजय शहदेव ने प्रेस वार्ता का आयोजन किया । मौके पर उन्होंने कहा कि भाजपा अपने हार से घबरा गयी है और सोशल मीडिया पर कालीचरण मुंडा के नाम का गलत पोस्ट वायरल कर रही है, जिसको लेकर खूंटी थाने में मामला दर्ज कराया गया है। वहीं उन्होंने यह भी कहा कि लगातार पिछले बार की तरह इस बार भी भाजपा षड्यंत्र करना चाहती है लेकिन सफल नहीं होगी। उन्होंने कांग्रेस पार्टी के सचिव रहे अनूप केसरी के बारे में उन्होंने कहा कि वह व्यापारी है जहां लाभ होता है वहां जाते हैं ऐसे लोगों का चर्चा करना बेकार है। उन्होंने कहा कि सनातन समाज में हम लोग भी आते हैं और कांग्रेस पार्टी सभी धर्म का सम्मान करती। प्रेस वार्ता में सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा ने भी कालीचरण मुंडा के जीत के प्रति निश्चित दिखे वही कोलेबिरा विधायक विक्सल कोगाड़ी ने पूर्व जिला अध्यक्ष अनूप केसरी के सनातन विरोधी आरोप दिए जाने पर कड़ी आपत्ति जताते हुए इसे व्यवसायी हित के लिए दिया गया अभियान का साथ ही इसे सीरे से खारिज किया।

## प्रमंडलीय आयुक्त बालकिशुन मुंडा ने पोस्टल बैलेट के माध्यम से किया मतदान

# सपरिवार मतदान कर लोकतंत्र के महापर्व को सफल बनायें: आयुक्त

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** प्रमंडलीय आयुक्त बालकिशुन मुंडा ने शुक्रवार को पलामू जिला के समाहरणालय के दूसरे तल्ले में बनाये गए सुविधा केंद्र में पोस्टल बैलेट से मतदान किया। उन्होंने कहा कि अपने मताधिकार का प्रयोग करना, लोकतंत्र में अपनी सीधी भागीदारी का प्रमाण है। मैंने मतदान कर लोकतंत्र को मजबूत बनाने में अपना योगदान दिया अब अन्य मतदाताओं को भी लोकतंत्र को मजबूती प्रदान करने में अपना योगदान देना है। उन्होंने कहा कि



मतदान करते प्रमंडलीय आयुक्त।

युवाओं के हाथ में देश के भविष्य की जिम्मेवारी है। उनकी भागीदारी से लोकतंत्र को और भी मजबूती मिलेगी। उन्होंने समस्त प्रमंडलवासियों से आह्वान किया कि वे अपने मतदान तिथि को अपने मतदान केन्द्र पर सपरिवार जाकर उत्सवी माहौल में मतदान करें और चुनाव का पर्व, देश का गर्व को सफल बनाएं।

## 13 को मतदान के दिन रहेगा सार्वजनिक अवकाश

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी शशि रंजन ने 13 मई पलामू में होने वाले लोकसभा चुनाव के दिन सार्वजनिक अवकाश की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 135 (बी) के प्रावधानों के अंतर्गत गैर-सरकारी, निजी- व्यावसायिक संस्थाओं के कार्मिकों के लिए अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए मतदान दिवस के लिए सवैतनिक अवकाश का प्रवधान है। उक्त अधिनियम अनुसार मतदान के दिन अवकाश मंजूर किए जाने के कारण किसी ऐसे व्यक्ति की मजदूरी से कोई कटौती या उसमें कमी नहीं की जाएगी। यदि कोई नियोजक उक्त धाराओं के उल्लंघन करेगा तो लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के सुसंगत धाराओं के तहत कार्रवाई की जाएगी।

# केंद्र की मोदी सरकार हर मोर्चे पर विफल हुई : तेजस्वी यादव

**जेतस्वी यादव व मुकेश साहनी ने हुसैनाबाद में ममता भुइयां के समर्थन में की जनसभा**

आजाद सिपाही संवाददाता



तेजस्वी यादव, मुकेश साहनी और प्रत्याशी ममता भुइयां का स्वागत करते कार्यकर्ता।

**हुसैनाबाद/उंटारी रोड।** पलामू प्रमंडल में उद्योग लगाकर युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान कर पलायन और बढ़ती महंगाई पर रोक लगाना आइएनडीआइए महागठबंधन की प्राथमिकता होगी।

उक्त बातें बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने कही। वे शुक्रवार को हुसैनाबाद के कपूर्री मैदान और पलामू के गांधी हाई स्कूल में आइएनडीआइए गठबंधन की राजद प्रत्याशी ममता भुइयां के समर्थन में आयोजित चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि केंद्र में आइएनडीआइए गठबंधन की सरकार बनी तो प्रति वर्ष एक करोड़ युवाओं को रोजगार दिया जाएगा। रसोई गैस 500 रुपये में मिलेगा। प्रत्येक महिला को प्रति वर्ष एक लाख रुपए दिये जायेंगें। कहा कि बिहार में उनकी 17 महीने की सरकार में पांच लाख युवाओं को नौकरी दी गई थी। पूर्व डिप्टी सीएम ने पलामू की जनता से पलामू की लोस प्रत्यासी ममता भुइया के पक्ष में मतदान कर भारी मतो से जीत दिलाने की अपील की। बिहार के पूर्व मंत्री व वीआईपी सुप्रीमो मुकेश साहनी झारखंड राजद के प्रदेश अध्यक्ष संजय कुमार सिंह यादव ने भी सभा को संबोधित किया।

## देश का भविष्य भाजपा के हाथों में ही सुरक्षित : विनोद

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** भाजपा नगर मंडल के तत्वावधान में शुक्रवार को हुसैनाबाद के जय प्रकाश चौक पर पथ सभा का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष अजय प्रसाद गुप्ता और संचालन नगर महामंत्री श्रवण कुमार अग्रवाल ने किया। इस दौरान विधानसभा प्रभारी अविनाश वर्मा ने कहा कि पलामू लोकसभा क्षेत्र के लिए गौरव की बात है कि हमारा सांसद प्रत्याशी एक पढ़ा-लिखा है और वह आइएएस ऑफिसर रह चुके हैं। वहीं, विधानसभा संयोजक विनोद कुमार सिंह ने कहा कि आपके वोट की ताकत है कि 500 वर्षों से रुके हुए कार्य को भी नरेंद्र मोदी की सरकार ने पूरा करा करते हुए राम मंदिर देशवासियों को समर्पित किया। उन्होंने जनता को बताया कि नरेंद्र मोदी जी ने अपने भाषण में कहा है कि आने वाले वर्षों में देश में कहीं भी कच्चा मकान नहीं रहेगा। सभी के कच्चा मकान को पक्का मकान बनाया जायेगा। मौके पर प्रदेश कार्य समिति सदस्य सह वरिष्ठ भाजपा नेता रामप्रवेश सिंह, भाजपा नेता प्रेमतोष सिंह उर्फ गुड्डू सिंह, अखिलेश मेहता, रंजीत पासवान, जय प्रकाश तिवारी, राजेश कर्ण, मोजहिर हुसैन, रंजीव सिंह, अनिमेष अग्रवाल उपस्थित थे।

## कांग्रेस नेता मणिभूषण पांडेय भाजपा में शामिल

**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** विश्रामपुर नगर परिषद के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता मणिभूषण पांडेय शुक्रवार को अपने समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल हो गये। वे पिछले कुछ दिनों से पार्टी में अपनी उपेक्षा से नाराज चल रहे थे। भाजपा में शामिल होते ही उन्होंने पार्टी प्रत्यासी विष्णु दयाल राम के पक्ष में जनसंपर्क अभियान



भी शुरू कर दिया। नप क्षेत्र के कई वार्डों में जनसंपर्क कर लोगों से भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की। कहा कि देश को प्रधानमंत्री मोदी के सशक्त नेतृत्व की जरूरत है।

### हादसे में युवक की मौत

**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)। रेहला कोयल पुल पर शुक्रवार की दोपहर सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई। उसकी पहचान पंकज कुमार के रूप में हुई है। वह गढ़वा जिले के मसूरिया गांव का रहने वाला था। बाइक से जाने के दौरान अज्ञात वाहन ने धक्का मारा था।**

### पलामू के सम्मान-अस्मिता की लड़ाई लड़ रहा : कामेश्वर बैठा

**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** पूर्व सांसद सह बसपा प्रत्यासी कामेश्वर बैठा ने शुक्रवार को विश्रामपुर नगर परिषद क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान चलाया। उन्होंने लोगों से अपने पक्ष में मतदान करने की अपील की। कहा कि यह चुनाव बाहरी और स्थानीय की है। यह चुनाव पलामू लोकसभा क्षेत्र के सम्मान और अस्मिता की लड़ाई है। यहां के लोगों को साबित करना है कि पलामू में भी राजनीतिक प्रतिभा है। कहा कि सभी वर्ग को न्याय दिलाने के लिए जेल भी गया हूं। जनता ने मौका दिया तो पलामू की आवाज को एक बार फिर संसद में बुलंद करूंगा।

## भाजपाइयों ने गिनायी मोदी सरकार की उपलब्धियां

**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** विश्रामपुर प्रखंड के भंडार ग्राम पंचायत में शुक्रवार को भाजपा की ओर से पथ सभा आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अमरेश तिवारी और संचालन मुखिया राधा कृष्ण साव ने किया। सभा में भाजयुमो के प्रदेश अध्यक्ष किशलय तिवारी के



अलावा संध्या सिंह भी शामिल हुई। किशलय तिवारी ने कहा नरेंद्र मोदी जी भारत को विश्व गुरु बनाने के लिए अथक प्रयास कर रहे हैं। इसलिए आपसी भेदभाव भूलकर पार्टी प्रत्यासी को जिताने में पूरी ताकत झोंक दें। वहीं, भाजपा नेत्री संध्या सिंह ने मोदी सरकार की उपलब्धियां गिनाई। मौके पर सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय, विजय सोनी, दिलीप पासवान, छोटन सिंह, रवींद्र पांडेय, सुधीर दूबे, उपेंद्र तिवारी, शंभु शरण सिंह, शिवबंश मिश्रा आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।

## मतदाता जागरूकता अभियान चलाया

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)। पलामू लोकसभा चुनाव के लिए 13 मई को मतदान होना है। इस चुनाव में अधिकाधिक मतदान हो इसे लेकर स्वीप अंतर्गत विभिन्न तरह के मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं वहीं अन्य स्तर पर कई तरह के निर्णय भी लिए जा रहे हैं। इसी क्रम में पलामू जिले में सुरक्षा के दृष्टिकोण से 10 मतदान केंद्रों को रिलोकेट किया गया है। शुक्रवार को इन्ही रिलोकेटेड बूथों पर विभिन्न सहायक निवार्ची पदाधिकारियों ने मतदाता जागरूकता अभियान चलाया।पदाधिकारी पहले पुराने फिर नये बूथों पर जाकर आस-पास के गांवों में अभियान चलाकर लोगों को बूथ बदलने की जानकारी देते हुए उनसे वोट देने की अपील की।इसी क्रम में छतरपुर के सहायक निवार्ची पदाधिकारी हीरा कुमार छतरपुर विधानसभा में रेलोकेटेड सभी बूथों पर जाकर लोगों से कहा कि कई बिंदुओं के मद्देनजर निर्वाचन आयोग के स्तर से बूथ रीलोकेट किया गया है।**



# हमारी लड़ाई भाजपा से नहीं ढुल्लू महतो से है: अनूप सिंह



आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** आइएनडीआइए गठबंधन की प्रत्यासी अनुपमा सिंह के पक्ष में प्रचार करने शुक्रवार को बेरमो विधायक अनूप सिंह राजपूत विचार मंच के केंद्रीय अध्यक्ष अरुण सिंह के आवास पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस प्रत्यासी के पक्ष में लोगों से समर्थन मांगा। मीडिया से बात करते हुए विधायक ने धनबाद लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्यासी पर जमकर हमला बोला। कहा कि जो अपने विधायक और सांसद की इज्जत नहीं करता हो वह जनता की इज्जत क्या करेगा। अभी से ही बाहरी भीतरी की बयानबाजी होनी शुरू हो गई है। अनुपमा सिंह जिस घराने से संबंध रखती हैं वहां कभी भी बाहरी-भीतरी नहीं किया जाता। सबको साथ लेकर चले हैं कोई जात-पात या भेदभाव नहीं किया जा रहा है। ऐसे में अब जनता को तय करना है कि किसे चुनना है। उनकी लड़ाई भाजपा से नहीं, बल्कि भाजपा के धनबाद प्रत्यासी ढुल्लू महतो से है, जो महिलाओं का भी सम्मान नहीं करते हैं। अनूप सिंह यही नहीं रुके उन्होंने उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ के धनबाद में प्रस्तावित रोड शो को लेकर भी भाजपा पर जोरदार हमला बोला।

# बोकारो क्लब का चुनाव 12 मई को

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** 2024-26 सत्र के लिए बोकारो क्लब के मैनेजिंग कमेटी का चुनाव 12 मई को होगा। चुनाव में बीएसएल के मुख्य महाप्रबंधक (कार्मिक) हरि मोहन झा चुनाव आयुक्त की भूमिका में रहेंगे। उन्होंने बताया कि बोकारो क्लब के चुनाव की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। इस चुनाव में बोकारो क्लब के लगभग 1400 स्थाई सदस्य मतदान कर सकेंगे। चुनाव का नतीजा 13 मई को प्रकाशित होगा। इस चुनाव में महासचिवपद के एक उम्मीदवार, कोषाध्यक्ष के लिए एक और डायरेक्टर पद के लिए सात उम्मेदवारों का चयन किया जाना है। जनरल सेक्रेटरी पद के लिए वही चुनाव लड़ सकते हैं जो कम से कम 12 सालों से बोकारो क्लब का स्थाई सदस्य रहें हो और कम से कम एक टर्म क्लब के मैनेजिंग कमेटी में रहें हो। बतातें चलें कि जनरल सेक्रेटरी के लिए इस बार विनय आनंद और आशोक कुमार, जबकि कोषाध्यक्ष पद के लिए जीवन दास और पुष्पेन्दु कुमार भारती मैदान में हैं। इनके अलावा डायरेक्टर पद के लिए सुधांशु शेखर, डॉ जयनाथ कुमार, आलोक कुमार और फजल महमूद सहित 27 उम्मीदवार मैदान में हैं। गौरतलब हो कि बोकारो क्लब लिमिटेड का गठन कंपनी एक्ट, 1956 के तहत किया गया है और यह 1967-68 में अपने अस्तित्व में आया। बोकारो क्लब के 9 संस्थापक सदस्य थे।

# पूर्व जिप सदस्य के पति द्रारा बाउरी के नेतृत्व में दर्जनों लोगों ने थामा भाजपा का दामन



**एग्यारकुंड (आजाद सिपाही)।** गल्फरबाड़ी निवासी पूर्व जिला परिषद सदस्य के पति द्रारा बाउरी के नेतृत्व में शुक्रवार को दर्जनों महिला व पुरुष ने भाजपा का दामन थाम लिया। भाजपा नेता द्रारा बाउरी ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार में भाजपा द्वारा किए गये विकास और मोदी जी गारंटी से प्रभावित होकर इस दिन धनबाद लोकसभा सीट से एनडीए के प्रत्यासी ढुल्लू महतो के बाघमारा आवासीय कार्यालय में जाकर पार्टी की सदस्यता ली है। सभी को ढुल्लू महतो ने भाजपा का पट्टा पहनाकर स्वागत किया। द्रारा बाउरी ने कहा कि जो देश में भाजपा का जनाधार है विकास हो रही है निश्चित रूप से इस बार 400 पार का लक्ष्य पूरा होगा। लोग भाजपा के साथ हैं। भारी मतों से ढुल्लू महतो धनबाद से जीत दर्ज करेंगें। बतातें चलें कि 25 मई को धनबाद लोकसभा क्षेत्र का मतदान होगा। जिससे लेकर भाजपा पूरी तरह से रेसहै। लगातर जनसंपर्क अभियान चलाकर लोगों से कमल फूल छाप पर वोट देने की अपील की जा रही है। इस मौके पर पूर्व मुखिया साधन रवानी, धीरज मिश्रा आदि थे।

## सुरक्षा की दृष्टिकोण से विभिन्न पदाधिकारी को सौंपे गये अलग-अलग टास्क

# प्रधानमंत्री मोदी 14 को गिरिडीह में

आजाद सिपाही संवाददाता

**गिरिडीह।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संभावित गिरिडीह आगमन को लेकर पुलिस अधीक्षक ने समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में शुक्रवार को संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने बताया कि 14 मई को बिरनी प्रखंड के पेशम (अडवारा) में प्रधानमंत्री का संभावित आगमन होना है। इसे लेकर सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित कराई जा रही है। ताकि किसी भी प्रकार का कानून व्यवस्था की समस्या उत्पन्न ना हो। इस दौरान वन प्रमंडल पदाधिकारी, पूर्वी, सदर अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी, डुमरी तथा बगोदर सरिया, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सदर, जिला परिवहन पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, भवन प्रमंडल, विद्युत प्रमंडल, जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी, एसडीपीओ डुमरी, एसडीपीओ खोरी महुआ समेत अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। पुलिस अधीक्षक ने सभी संबंधित अधिकारियों को उनके कार्य दायित्व सौंपा और आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। उन्होंने प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर सुरक्षा की दृष्टिकोण से विभिन्न पदाधिकारी को अलग-अलग टास्क सौंपें। कहा कि प्रधानमंत्री दौरे पर आने वाले लोगों को कैसे नियंत्रित करना है, सुरक्षा की दृष्टिकोण से कहां-कहां बैरेकेडिंग होने है इसका आकलन किया जाना आवश्यक है। इसी तरह स्थल के चारों ओर व विभिन्न स्थानों पर मजिस्ट्रेट की नियुक्ति करने को लेकर सदर एसडीओ को जिम्मेदारी दी गयी। साथ ही सिविल सर्जन को एंबुलेंस को चिकित्सक सहित सुव्यवस्थित कर अलर्ट मोड में रखने का निर्देश दिया गया। उन्होंने फूड सेफ्टी ऑफिसर, फायर ऑफिसर को भी उनके क्षेत्र से संबंधित कई टास्क सौंपे गये। वहीं, पुलिस अधीक्षक ने सभी पुलिस पदाधिकारियों को प्रधानमंत्री के दौरे के दौरान अलर्ट मोड में रहने को लेकर निर्देशित किया।




अधिकारियों के साथ बैठक करते गिरिडीह के पुलिस अधीक्षक।

# शरारती तत्वों ने विनोद बिहारी महतो की आदमकद प्रतिमा को किया क्षतिग्रस्त

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** नवाडीह स्थिति झारखंड के पितामह स्व विनोद बिहारी महतो के आदमकद प्रतिमा को शरारती तत्वों द्वारा क्षतिग्रस्त करने के साथ ही काला कपड़ा पहनाने और चप्पल डाल कर अपमानित करने के विरोध में झामुमो जिला प्रवक्ता ने कड़ी प्रतिक्रिया जाहिर की है। कहा कि विनोद बाबू पूरे झारखंड के गांधी थे। वे हमारे लिए देवतुल्य हैं। इस प्रकार के कृत्यों की झामुमो घोर निंदा करती हैं। प्रथम दृष्टया यें मामला राजनीति से प्रेरित प्रतीत होता हैं। धनबाद के इतिहास में हम लोगों ने देखा हैं कैसे बाघमारा विधानसभा अंतर्गत महुदा मोड़ स्थित विनोद बाबू की प्रतिमा को क्षतिग्रस्त किया गया था। तेलमोचो पुल के समीप वीर शहीद रघुनाथ महतो जी के नाम से स्थापित किए जाने वाले चौक को चुनौती देते हुए विरोध किया गया। षड्यंत्र कर बोकारो एयरपोर्ट का नामकरण विनोद बिहारी महतो जी के नाम से नहीं किया गया। डिगवाडीह में शहीद निर्मल महतो जी के नामकरण किए गए चौक को बनने नहीं दिया गया। पीएमसीएच का नामकरण जब शहीद निर्मल महतो जी के नाम से किया गया तब भी विरोध किया गया। निश्चित तौर पर पूरा प्रकरण राजनीतिक लाभ और वोट के लिए प्रतीत हो रहा हैं। इस पूरे खेल में धर्म विशेष से जुड़े दल द्वारा बाहरी भीतरी का रंग देने का असफल प्रयास किया जा रहा है। आम जनता सारे विषयों को जानतीं हैं कौन सा नेता या संगठन इन महापुरुषों का विरोध करता आया हैं। धनबाद की जनता को यह बताने की जरूरत नहीं हैं। झामुमो ने जिला प्रशासन से मांग किया कि एक विशेष टीम बना कर पूरे मामले की जल्द से जल्द जांच कर दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करें।

# ढुल्लू महतो ने भूली में चलाया जनसंपर्क



आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** धनबाद लोकसभा सीट से एनडीए प्रत्यासी ढुल्लू महतो ने शुक्रवार को भूली नगर में सघन जनसंपर्क अभियान चलाया। उनके साथ जदयू के धनबाद जिलाध्यक्ष पिंटू कुमार सिंह, धनबाद लोकसभा प्रभारी रामस्वरूप यादव, धनबाद नगर अध्यक्ष धनलाल दुबे, जिला महासचिव झप्पू सिंह, जिला के वरिष्ठ नेता नेपाल प्रामाणिक, अरुण पासवान आदि मुख्य रूप से शामिल थे।

# स्वच्छता पखवाड़ा के तहत सिंफर में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** सीएसआईआर-केंद्रीय खनन एवं ईंधन अनुसंधान संस्थान में तीन से 17 मई 2024 तक स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। नई दिल्ली सीएसआईआर मुख्यालय के अपेक्षानुसार संस्थान के बरवा रोड एवं डिगवाडीह परिसर समेत सभी क्षेत्रीय इकाइयों में यह स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में शुक्रवार को सिंफर में स्वच्छता पखवाड़ा के तहत चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें संस्थान के कार्मिकों के लगभग 90 बच्चों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। संस्थान के दोनों परिसरों में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन कक्षा नर्सरी से आठवीं तक के बच्चों के लिए किया गया। यह आयोजन बरवा रोड परिसर के 'सत्कार' अतिथि गृह में अपराह्न 3.15 बजे से एवं डिगवाडीह परिसर के 'अभिनंदन' अतिथि गृह में शाम पांच बजे से प्रारंभ हुआ। इस अवसर पर संस्थान के आलोक शर्मा, शंभू शरण मंडल, आमोद कुमार, नीरज कुमार, आकाश कुमार कर्ण आदि शामिल हुए।

# भाजपा नेता सुमित सिंह से मिलीं प्रत्याशी अनुपमा की मां, बेटी के पक्ष में मांगा वोट

## धनबाद लोस पर होगा परिवर्तन, अनुपमा की होगी जीत : सुमित

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनसार/झरिया।** धनबाद लोकसभा सीट पर मतदान से पहले भाजपा में टूट का सिलसिला जारी है। प्रतिदिन भाजपा कार्यकर्ता पार्टी छोड़कर आइएनडीआइए गठबंधन की कांग्रेस प्रत्यासी अनुपमा सिंह का पाले में जा रहे हैं। बतातें चले ंकि धनबाद लोस पर 25 मई को मतदान होना है। धनबाद लोस से दो प्रमुख प्रत्यासी भाजपा के ढुल्लू महतो और आइएनडीआइए गठबंधन की प्रत्यासी अनुपमा सिंह चुनावी मैदान में हैं, जो अपनी-अपनी जीत के लिए धुआंधार प्रचार कर रहे हैं। मतदाताओं का विश्वास जीतने के लिए दिनरात जुटे हुए हैं औरह उनकी हर मांग को पूरा करने का आश्वासन दे रहे है। इसी बीच भाजपा कार्यकर्ताओं की नाराजगी भी सामने आ रही है, जो पार्टी प्रत्यासी को महंगा पड़ सकता है। शुक्रवार को आइएनडीआइए गठबंधन की प्रत्यासी अनुपमा सिंह की मां आशा सिंह, मामी मुस्कान सिंह, मामा प्रशांत सिंह और नाना प्रेमचंद सिंह भाजपा कार्यसमिति सदस्य सुमित सिंह से मिलने उनके आवास झरिया के हेटलीबांध पहुंची। इस दौरान तेज नारायण सिंह, झूलन सिंह, मनोज सिंह, रिशु सिंह, चंदन सिंह, आदित्य सिंह, रामनाथ सिंह, संदीप सिंह सहित अन्य लोगों से मिलकर अपनी बेटी अनुपमा सिंह के पक्ष मतदान की अपील की। अनुमपा सिंह की मां आशा सिंह ने बताया कि अपनी बेटी के पक्ष में वोट मांगने आई हूं। एक बार विश्वास कर भारी मतों से जीता कर संसद में भेजे। इन्हीं विश्वास के साथ सुमित सिंह और उनके परिजनों से मिलने आई है। इस बार मेरी बेटी अनुपमा सिंह का समर्थन करें। वहीं, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुमित सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने धनबाद लोकसभा में रहने वाले को टिकट ना देकर दूसरे लोकसभा क्षेत्र से उठाकर प्रत्यासी को खड़ा कर दिया हैं। इससे क्षेत्र के पार्टी कार्यकर्ता आहत हुए हैं। इस लिए इस बार धनबाद लोकसभा सीट से परिवर्तन होगा। और अनुपमा सिंह भारी मतों से जीत दर्ज करेंगीं।



भाजपा नेता सुमित सिंह से उनके आवास पर अनुपमा सिंह की मां व अन्य।

# एक 'नये सफर की शुरुआत' कार्यक्रम का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट में सेवानिवृत होने वाले कर्मचारियों को सेवानिवृति से जुड़ी औपचारिकताओं और सेवानिवृति के उपरांत जीवन में आने वाले संभावित परिवर्तनों के समुचित प्रबंधन की जानकारी देने के उद्देश्य से शुक्रवार को मानव संसाधन विकास केंद्र के मुख्य प्रेक्षागृह में 'एक नए सफर की शुरूआत' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके आरंभ में प्रबंधक कल्पना ने सभी आगंतुकों का स्वागत किया और नए मेडिक्लेम योजना की जानकारी के साथ ही कार्यक्रम के प्रयोजन से सभी को अवगत कराया। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवा की मेडिकल ऑफिसर डॉ जया लक्ष्मी, और योग विशेषज्ञ कृष्ण बंधु मिश्रा ने इस्पात कर्मियों को स्वास्थ्य प्रबंधन के बारे में बताया। उप प्रबंधक दीपशिखा ने उपस्थित समूह को वित्तीय प्रबंधन के विषय में विस्तृत जानकारी दी। वहीं, बैंक ऑफ बड़ौदा के मुख्य प्रबंधक मुकेश कुमार, प्रबंधक शिखा सिंह और कुंदन कुमार ने धन निवेश पर सुझाव एवं बैंकिंग सुविधाओं के बारे में जानकारी दी। संगीता कुमारी, एसीटी ने अंतिम निपटारा गतिविधियों के बारे में बताया।




**कार्यालयः–वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमण्डल**

E-mail :forest-gumla@jharkhandmail.gov.in

Mobile No. – 8987790115, Pin Code - 835207

पत्रांक ............................../ दिनांक ............................../

**आवश्यक सूचना**

सूचित किया जाता है कि दिनांक 17.03.2024 को गुप्त सूचना के आधार पर आदर चेकनाका, मेन रोड, आदर के पास से 08 पीस साल बोटा सहित एक पीकअप नं0–CG15A3558 को वनकर्मियों के द्वारा जप्त कर आदर वन परिसर में लाकर सुरक्षित रखा गया है। उक्त जप्त वन पदार्थ सहित वाहन के विरूद्ध प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल के न्यायालय में अधिहरण की कार्रवाई प्रारम्भ की गई है।

अतः समाचार पत्रों के माध्यम से जप्त वन पदार्थ के दावेदार (यदि कोई हो) एवं सम्बन्धित सभी को सूचित किया जाता है कि वे दिनांक 22.05.2024 को प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल के न्यायालय में 11:00 बजे पूर्वाह्न स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें, अन्यथा उपलब्ध साक्ष्यों एवं अभिलेखों के आधार पर एक पक्षीय निर्णय ले लिया जायेगा।

प्राधिकृत पदाधिकारी,
–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी,
गुमला वन प्रमंडल

PR 324653 Forest, Environment and Climate Changes(24-25)#D

:–वन है,तो जीवन है–:

## निर्देश : ऑब्जर्वरों ने लिया लोकसभा चुनाव की तैयारियों का जायजा

# लोकसभा चुनाव को त्रुटिरहित संपन्न कराने के लिए सभी पोलिंग पदाधिकारी को बेहतरीन प्रशिक्षण दें : अनूप खिंची

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** लोकसभा चुनाव के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक अनूप खिंची, पुलिस प्रेक्षक मोहित चावला, बोकारो व चंदनकियारी के व्यय प्रेक्षक आनंद कुमार और सिंदरी, निरसा, धनबाद व झरिया के व्यय प्रेक्षक निखिल गोयल ने शुक्रवार को समाहरणालय में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी माधवी मिश्रा, वरीय पुलिस अधीक्षक हृदीप पी जनार्दनन सहित सभी कोषांग के वरीय पदाधिकारी के साथ बैठक की। जिसमें लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष, स्वतंत्र व शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने को लेकर प्रशासन की तैयारियों का जायजा लिया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में सामान्य प्रेक्षक ने कहा कि लोकसभा चुनाव को त्रुटि रहित संपन्न कराने के लिए सभी पोलिंग पदाधिकारी को बेहतरीन प्रशिक्षण दे। इवीएम पर बारंबार हैंड्स ऑन ट्रेनिंग कराए। प्रशिक्षण के बाद उनकी परीक्षा लें। पुलिस प्रेक्षक ने पोलिंग पार्टी को डिस्पैच सेंटर से मतदान केंद्र और मतदान केंद्र से स्ट्रांग रूम तक के रूट की जानकारी रखने, चेक नाका पर कड़ाई से वाहनों की जांच करने, पुलिस पदाधिकारियों को नियमित रूप से जांच में शामिल होने, पुलिस पदाधिकारियों को उनके कर्तव्य का बोध कराने सहित कई निर्देश दिए। साथ ही जिनके आर्म्स लाइसेंस रद्द कर दिए गए हैं उनके हथियार जमा करा लेने का निर्देश दिया। बोकारो व चंदनकियारी के व्यय प्रेक्षक और सिंदरी, निरसा, धनबाद व झरिया के व्यय प्रेक्षक ने सभी से टीम के रूप में काम करने और निर्वाचन को सफलतापूर्वक संपन्न करने के लिए आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने विधानसभावार एआरओ, एईआरओ की जानकारी दी। साथ ही स्टैटिक सर्विलांस टीम, फ्लाइंग स्क्वायड टीम, विडियो सर्विलांस टीम, उत्पाद विभाग द्वारा की गई कार्रवाई की जानकारी दी। इसके अलावा उन्होंने कृषि बाजार समिति, धनबाद पॉलिटेक्निक और निरसा पॉलिटेक्निक डिस्पैच सेंटर व स्ट्रांग रूम की जानकारी दी। वहीं, वरीय पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जिले में 51 चेक नाका बनाए गए हैं। इसके अलावा उन्होंने पुलिस प्लान, पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई, फोर्स ट्रांसपोर्टेशन, फोर्स अकोमोडेशन, इंटर-स्टेट चेक पोस्ट, कम्युनिकेशन प्लान, मेडिकल प्लान सहित अन्य विषय की जानकारी दी।




**कार्यालय जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, हजारीबाग।**
**(वाहन कोषांग)**

e-mail id - vehiclecellhaz@gmail.com

**व्यावसायिक (निजी) वाहनों के स्वामियों के लिये एक आवश्यक सूचना**

ज्ञातव्य है कि लोक सभा आम निर्वाचन, 2024 के निमित्त इस जिला में मतदान दिनांक 20.05.2024 को होना निर्धारित है। निर्वाचन सम्पन्न करवाने के निमित्त यद्यपि कि प्रायः सभी व्यावसायिक वाहनों के अधिग्रहण हेतु वाहन स्वामियों के नाम से विहिंत प्रपत्र के अन्तर्गत् निर्गत् अधियाचना का तामिला करवाया गया है, साथ ही जब्ती पत्र के माध्मय से वाहनों की अधियाचना किया गया है तथा इसकी प्रविष्ठि VMS (Vehicle Management System) में की गयी है। यद्यपि किसी भी कारण–वश किसी भी वाहन के स्वामी पर उपर्युक्त अधियाचना/जब्ती का तामिला यदि नहीं हो सका है; तो वैसी स्थिति में लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 160 के तहत् अधोहस्ताक्षरी को प्रद्त शक्तियों का उपयोग करते हुए हजारीबाग जिला में निबंधित सभी व्यावसायिक वाहनों के स्वामियों को एतद् द्वारा यह आदेश दिया जाता है कि आगामी दिनांक 15.05.2024 तक वाहन/वाहनों के चालकों के साथ संत कोलम्बा महाविद्यालय, हजारीबाग के न्यू फूटबॉल स्टेडियम में कार्यरत वाहन कोषांग में अचूक रूप से उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करेंगे।

यह भी सूचित किया जाता है कि अपने व्यावसायिक वाहन/ वाहनों को किसी भी परिस्थितियों के अन्तर्गत् इस जिला से बाहर नहीं भेजें।

यह भी ध्यान रहे कि अधोहस्ताक्षरी के इस आदेश का उल्लंघन उपर्युक्त अधिनियम की धारा 167 के प्रावधानों के अनुसार एक दण्डनीय अपराध है; जिसके लिये एक वर्ष का सश्रम कारावास अथवा आर्थिक दण्ड अथवा दोनों का ही प्रावधान है। इसके अतिरिक्त मोटर वाहन अधिनियम की सुसंगत् धाराओं के अन्तर्गत् भी समुचित कार्रवाई की जा सकती हैं।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह–
उपायुक्त, हजारीबाग।

PR.NO.324655 Election(24-25):D

## वीके पांडियन ने केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को दी चुनौती

# अगर 9 जून को नवीन पटनायक मुख्यमंत्री के रूप में शपथ नहीं ले पाये, तो मैं राजनीति से संन्यास ले लूंगा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** वीके पांडियन ने शुक्रवार को ब्रजराजनगर में प्रचार के जरिए केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान पर निशाना साधा है। उन्होंने धर्मेंद्र प्रधान पर निशाना साधते हुए कहा कि मैं आज इस ब्रजराजनगर की मिटी से केंद्रीय मंत्री को चुनौती कर रहा हूं। अगर आपमें हिम्मत है, तो अपने मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार की घोषणा करें और देखें कि आपको कितनी सीटें मिलती हैं। आपकी अपनी पार्टी ने आप पर भरोसा नहीं करती। लोग आप पर विश्वास कैसे करेंगे। आपको मेरी चुनौती है कि हमारे मुख्यमंत्री 9 जून को 11.30 से 1 बजे तक शपथ लेंगे और फिर से मुख्यमंत्री बनेंगे। अगर नवीन पटनायक मुख्यमंत्री नहीं बन पाये, तो मैं राजनीति से संन्यास ले लूंगा। आप भी कहिए हैं कि अगर आपकी सरकार नहीं आयी, तो आप संन्यास ले लेंगे। चलो आज एक निर्णय लेते हैं। पांडियन ने कहा कि आप एनएच ठीक नहीं कर सके, वह पंचायत नहीं जीत सके, वह वार्ड मेंबर नहीं जीत सके। डरके ढेंकनाल से संबलपुर आये। आपकी हिम्मत कैसे हुई मुख्यमंत्री से अपशब्द बोलने की।

वीके पांडियन ने शुक्रवार को ब्रजराजनगर में प्रचार किया। बीजद उम्मीदवारों के लिए वोट मांगे। पांडियन ने कहा कि पिछली बार जब मुझे आपसे अर्जी मिला था, तो मैं हिसाब देने आया हूं। जिस व्यक्ति को आपने पिछली



बार सांसद चुना था, वह आपको भूल गया। अब वह आपके क्षेत्र में विधायक उम्मीदवार हैं और आप उन्हें उचित जवाब देंगे। आपके सबसे बड़ी मांग हीराकुंड बांध का पट्टा दिलाने की। मैंने आपसे बादा किया था और समस्या हल हो गई. ये नवीन इंजन की सरकार है।

पांडियन ने आगे कहा कि मुख्यमंत्री ने रामचंडी मंदिर के लिए 4 करोड़ 50 लाख रुपये और पल्ली गुजर में इको-टूरिज्म के लिए 3 करोड़ रुपये मंजूर किये हैं। आपकी दूसरी मांग यह थी कि लक्ष्मण पूर में नयी आइटीआइ खोलने के लिए मुख्यमंत्री ने 30 करोड़ रुपये स्वीकृत किये हैं। युवाओं द्वारा ब्रजराजनगर में ऑडिटोरियम बनाने की मांग के लिए 9 करोड़ 50 लाख रुपये स्वीकृत किये गये हैं। लखनपुर में घरों तक पीने का पानी पहुंचाने के लिए 120 करोड़ रुपये मंजूर किये गये हैं।

पांडियन ने कहा, यह आपकी सरकार है, हम आपको हिसाब देंगे और जवाब देंगे। क्या कभी किसी ने आपको इस तरह का हिसाब दिया है? कोई नहीं देगा. वोट के वक्त आयेंगे और मीठी-मीठी बातें कहेंगे, भूआं बुलाएंगे. चुनाव के बाद वह दोबारा सामने नहीं आयेंगे। संबलपुर में एक केंद्रीय मंत्री खड़े हैं। आप जानते हैं कि वह 10 साल से ढेंकनाल से खड़ा होना चाहते थे, परंतु नामांकन पत्र जमा करने से पहले वह डरे हुए थे। ढेंकनाल के लोग जानते हैं कि वह बड़ी बातें कहते हैं और कुछ नहीं करते हैं। अब वह संबलपुर आ गये हैं और नयी जगहों पर नयी बातें कह रहे हैं और हमारे मुख्यमंत्री को बुरा-भला कह रहे हैं।

## प्रो डॉ बिश्वजीत पटनायक और प्रो फालगू निरंजन ने प्रेस कांफ्रेंस में दी जानकारी

# 1500 से अधिक विश्वविद्यालयों में उच्च अध्ययन का अवसर प्रदान करती है एएसबीएम यूनिवर्सिटी

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**रांची/भुवनेश्वर।** एएसबीएम विश्वविद्यालय (पूर्व में एशियाई व्यवसाय प्रबंध स्कूल) को ओड़िशा सरकार ने भुवनेश्वर में स्थापित किया है। इसे प्रोफेसर बिस्वाजीत पट्टनायक, एक प्रसिद्ध प्रबंधन गुरु और पूर्व आइआइएम इंदौर, लखनऊ और मुंबई के प्रोफेसर द्वारा स्थापित किया गया है। यह देश में प्रबंधन, प्रौद्योगिकी, स्वतंत्र कला, लेखा और कानून पर ध्यान केंद्रित करने वाला एकमात्र प्रबंधन-तकनीक विश्वविद्यालय है, जिसमें पांच कार्यात्मक स्कूल व्यावसायिक स्कूल, स्वतंत्र कला का स्कूल, लेखा का स्कूल, कानून का स्कूल और सूचना प्रणाली का स्कूल हैं। यह जानकारी एएसबीएम विश्वविद्यालय के संस्थापक और निदेशक और प्रोफेसर डॉ बिशवजीत पटनायक और प्रोफेसर फालगू निरंजन ने दी। शुक्रवार को रांची प्रेस क्लब में आयोजित एक प्रेस कांफ्रेंस में प्रोफेसर डॉ बिश्वजीत पटनायक और प्रोफेसर फालगू निरंजन ने कहा कि एएसबीएम पूर्वी भारत में पहला और एक मात्र विश्वविद्यालय है, जो अमेरिका के बिजनेस स्कूल और प्रोग्राम्स के प्रमाणन परिषद (एसीबीएसपी), यूएसए द्वारा प्रमाणित है, जो एएसबीएम विश्वविद्यालय के छात्रों को एसीबीएसपी के तहत दुनियाभर में 1500 से अधिक प्रमुख विश्वविद्यालयों में उच्च अध्ययन के अवसर प्रदान करता है। यह भारत में नेप 2020 को अपनाने वाले पहले विश्वविद्यालयों में से एक है, जो कौशल विकास और मूल्य-आधारित पाठ्यक्रमों के सम्मिलन के साथ 4-वर्षीय डिग्री कार्यक्रम प्रदान करता है, जो संयुक्त मान्यता और अधिगम के साथ संयुक्त सम्मान और अन्याय के साथ एकत्रित डिग्री देता है। ऐसी डिग्री वाले छात्र एक अध्यापक के रूप में यूजीसी जेआरएफ-नेट के लिए मास्टर्स डिग्री के बिना (ए) पीएचडी के लिए प्रवेश, (ब) पीएचडी के लिए फेलोशिप और (सी) सहायक प्रोफेसर के नियुक्ति के लिए प्राधिकृत हो सकते हैं। यह छात्रों को पाठ्यक्रम के साथ विदेश में अध्ययन करने में भी मदद करेगा बिना किसी ब्रिज कोर्स के एएसबीएम विश्वविद्यालय अग्रणी उद्योग मांगे हुए नवाचारी पाठ्यक्रम प्रदान करता है, जो स्नातक, स्नातकोत्तर और डॉक्टरेट डिग्री में ले जाते हैं। यह लागू अनुसंधान और परामर्श में भी लगा है।

## विभिन्न गंतव्यों तक यात्रा सुनिश्चित करने के लिए ट्रेन कनेक्टिविटी पर जोर

# पूर्व तट रेलवे ने ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेनों की घोषणा की

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** देश भर में यात्रियों की जरूरतों को पूरा करने के उद्देश्य से भारतीय रेलवे ने गर्मियों के दौरान नियमित ट्रेनों में यात्रियों की भीड़ से बचने के लिए विशेष ट्रेन सेवाओं की घोषणा की है। ये ट्रेनें पूरे सीजन में निर्बाध यात्रा और यादगार अनुभवों के लिए सुविधा, आराम और सुरक्षा प्रदान करते हुए महत्वपूर्ण गंतव्यों को जोड़ेंगी। उपरोक्त के मद्देनजर, पूर्व तट रेलवे ने पहले देश भर के विभिन्न गंतव्यों के लिए विशेष ट्रेन सेवाओं की घोषणा की थी। यह विभिन्न क्षेत्रों के यात्रियों की यात्रा आवश्यकताओं को पूरा करने के साथ-साथ यात्रियों को अपनी शैली में यात्रा करने के लिए एक सुविधाजनक और आरामदायक यात्रा अनुभव सुनिश्चित करता है। ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेन सेवा सुविधाजनक समय पर संचालित होगी, जिससे यात्रियों को अपनी पसंद के अनुसार अपनी यात्रा की योजना बनाने की सुविधा मिलेगी। चाहे सप्ताहांत की छुट्टी हो या लंबी छुट्टी, विशेष रेलगाड़ियाँ सुविधाजनक यात्रा के लिए उत्तम समाधान प्रदान करती हैं।

पूर्व तट रेलवे द्वारा पहले घोषित ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेनों के अलावा, यात्रियों की यात्रा आवश्यकताओं को पूरा करने के



लिए अब महत्वपूर्ण गंतव्यों की ओर अधिक ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेनें चलाने की योजना बनायी जा रही है। ये ट्रेनें हैं भुवनेश्वर-मुंबई एलटीटी, ब्रह्मपुर-सिकंदराबाद, ब्रह्मपुर-सूरत आदि। इसके अलावा, यात्री प्रोफाइल की समीक्षा करते हुए पूर्व तट रेलवे नियमित ट्रेनों में यात्रियों की भारी भीड़ से बचने और महत्वपूर्ण गंतव्य बिंदुओं पर सिंगल ट्रिप स्पेशल ट्रेनें चलाने की भी योजना बना रहा है। यात्री भी तदनुसार अपनी यात्रा की योजना बना सकते हैं और अपने बोर्डिंग पॉइंट से अपने गंतव्य के लिए विशेष ट्रेनों की खोज कर सकते हैं, जहां वे अपनी आरामदायक यात्रा के लिए कन्फर्म टिकट प्राप्त कर सकते हैं। ये ट्रेनें हैं संबलपुर-काचेगुड़ा, खुर्दा रोड-सिकंदराबाद, भुवनेश्वर-पुणे, भुवनेश्वर-मुंबई सीएसएमटी, पुरी-पालडीह, भुवनेश्वर-चेन्नई, संबलपुर-चेन्नई, भुवनेश्वर-बेंगलुरु, ब्रह्मपुर-काचेगुडा, संबलपुर-बेंगलुरु आदि।

08420/08419 भुवनेश्वर-मुंबई, एलटीटी-भुवनेश्वर साप्ताहिक ग्रीष्मकालीन स्पेशल भुवनेश्वर से 8 मई से 26 जून के बीच प्रत्येक बुधवार को 23 बजे रवाना होगी। वापसी दिशा में, यह ट्रेन 10 मई से 26 जून के बीच प्रत्येक शुक्रवार को 13.20 बजे एलटीटी से रवाना होगी।

07035/07036 सिकंदराबाद -ब्रह्मपुर-सिकंदराबाद समर स्पेशल 11 और 14 मई को 20.45 बजे सिकंदराबाद से रवाना होगी। वापसी दिशा में, ब्रह्मपुर से यह ट्रेन 12 और 15 मई को 16.45 बजे रवाना होगी। 09059/09060 सूरत-ब्रह्मपुर-सूरत स्पेशल सूरत से 22 मई से 26 जून के बीच बुधवार को 14.20 बजे रवाना होगी। वापसी दिशा में, यह ट्रेन 24 मई से 28 जून के बीच शुक्रवार को 4.30 बजे ब्रह्मपुर से रवाना होगी।

06107/06108 चेन्नई एग्मोर-भुवनेश्वर-चेन्नई एग्मोर स्पेशल ट्रेन चेन्नई एग्मोर से 11 मई और 1 जून को 10.30 बजे रवाना होगी। वापसी दिशा में, यह ट्रेन 12 मई और 7 जून को 9.30 बजे भुवनेश्वर से रवाना होगी।

06109/06110 चेन्नई एग्मोर - संबलपुर-चेन्नई एग्मोर स्पेशल ट्रेन चेन्नई एग्मोर से 18 मई और 7 जून को 10.30 बजे रवाना होगी। वापसी दिशा में, संबलपुर से यह ट्रेन 19 मई और 8 जून को 11.35 बजे रवाना होगी।

# तीन राजनीतिक दलों ने मुफ्त बिजली देने की घोषणा की

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** प्रचार मैदान में 3 प्रमुख पार्टी ने अपना अपना घोषणा पर जारी किया है। मतदाताओं का मूड जीतने के लिए अब 3 राजनीतिक दलों ने मुफ्त बिजली देने की घोषणा की है। पहले भाजपा के प्रधानमंत्री ने सूर्य घर योजना के तहत मुफ्त बिजली देने की घोषणा की है, जबकि बीजू जनता दल (बीजद) ने निर्वाचन इस्तिहार घोषणा की है, जिसमें पहली बार बीजू जनता दल ने 100 यूनिट मुफ्त बिजली देने की घोषणा की है। यदि कोई व्यक्ति 100 यूनिट से कम बिजली की खपत करता है, तो उसे बिजली बिल का भुगतान नहीं करना पड़ेगा। इसी तरह 100 से 150 यूनिट इस्तेमाल करने वालों को 50 यूनिट की छूट मिलेगी। इसी तरह कांग्रेस ने 200 यूनिट तक मुफ्त बिजली की भी घोषणा की है। ओड़िशा में बिजली का उत्पादन हो रहा है, परंतु अन्य राज्यों की तुलना में यहां बिजली दरों में बढ़ोतरी की शिकायतें मिल रही हैं। इसके लिए सत्तारूढ़ दल को भी कई समालोचनाओं का सामना करना पड़ा है। इस बीच अब तीन राजनीतिक दलों ने अपने घोषणापत्रों में मुफ्त बिजली की घोषणा की है। हालांकि, मुफ्त बिजली की घोषणा कर कई राजनीतिक राज्यों की पार्टियां चर्चा में आ गयी हैं।

## आम सूचना

मैं मनोज कुमार पिता बाबुराम महतो, ग्राम हुटुप, पोस्ट इरबा, थाना ओरमांझी, जिला रांची (रांची लोकसभा) का निवासी एवं बहुजन समाज पार्टी का उम्मीदवार हूं। मेरे विरूद्ध देश के किसी भी थाना में किसी भी प्रकार की प्राथमिकी-मुकदमा दर्ज नहीं है।

# छत्तीसगढ़ में सुरक्षाबलों ने 12 नक्सलियों को किया ढेर

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जगदलपुर/बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में शुक्रवार सुबह से चल रही मुठभेड़ खत्म हो गई है। सुरक्षाबलों ने 12 नक्सलियों को मार गिराया है। सभी के शव भी बरामद कर लिये गये हैं। मौके से बीजीएल, बंदूक, नक्सल वर्दी, पिट्ठू, दवाइयां, और विस्फोटक मिले हैं। वहीं मुठभेड़ के दौरान एसटीएफ और डीआरजी के दो जवान भी घायल हुए हैं। इस साल जनवरी से अब तक 131 दिन में जवानों ने 103 नक्सली ढेर किये हैं।

जानकारी के मुताबिक, हार्डकोर नक्सली कमांडर लिंगा, पापाराव समेत बड़े लीडर्स का गंगालूर के पीडिया में जमावड़े की सूचना मिली थी। इसके बाद दंतेवाड़ा, बीजापुर और सुकमा तीन जिलों से फोर्स ने जॉइंट ऑपरेशन लॉन्च किया था। सुबह से ही एसटीएफ, सीआरपीएफ और डीआरजी की कोबरा बटालियन समेत फोर्स के 1200 से ज्यादा जवानों ने इलाके को घेर रखा था। अफसरों के मुताबिक, नक्सलियों की पश्चिम बस्तर डिवीजन कमेटी के साथ जवानों की मुठभेड़ हुई है।

डीआइजी कमलोचन कश्यप ने बताया कि, नक्सलियों ने बीजीएल दागा था, उसकी चपेट में एक जवान आया है, जबकि दूसरा जवान आइइडी ब्लास्ट में घायल हुआ है। उन्होंने बताया कि नक्सलियों के मारे जाने की संख्या निश्चित नहीं कही जा सकती। अभी टीम लौटी नहीं है, लौटने के बाद कंफर्म होगा।

### सीएम विष्णुदेव साय ने दी बधाई

सीएम विष्णुदेव साय ने कहा कि हम नक्सलवाद के खिलाफ मजबूती से लड़ रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह भी चाहते हैं कि छत्तीसगढ़ से नक्सलवाद समाप्त हो। डबल इंजन की सरकार है, नक्सलवाद को खत्म करने के लिए हमें केंद्र से पूरा सहयोग मिल रहा है।

प्रदेश में इस साल जनवरी से अब तक बस्तर में हुई मुठभेड़ में जवानों ने 100 से ज्यादा नक्सलियों को मार गिराया है।




VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० रॉंची

Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

RAJHANS ACADEMY
IIT-JEE | NEET | FOUNDATION
BOOST your IIT-JEE/NEET/ Boards Preparation
Creating Path Towards Success
ADMISSION OPEN
Upto 100% SCHOLARSHIP
ENGINEERING 11th 12th & 12th Pass | MEDICAL 11th 12th & 12th Pass | FOUNDATION 9th & 10th Pass
Call Us : 6287842201 / 02 / 03 / 04, 0651-4658773
302, 3rd Floor, Pranami Height, Circular Road (Lalpur), Ranchi-01
Email: rajhansacademy7@gmail.com | www.rajhansacademy.in




आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**